e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 261
रविवार
24.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

एक बुद्धिमान व्यक्ति की पहचान, ये है की उनमें कोई अहंकार या, अभिमान नहीं होता !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### वज्रपात से दो की मौत,आधा दर्जन लोग घायल

**दुमका :** हंसडीहा थाना क्षेत्र के संत फांसिस मिशन के बगल में स्थित मैदान में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान वज्रपात होने से दो लोगों की मौत हो गई एवं आधा दर्जन लोग घायल हो गए। शनिवार को प्रतियोगिता का पहले दिन का मैच खेला जा रहा था। इसी दरम्यान बज्रपात गिरने से 2 की मौत हो गई एवं 6 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट भेजा। जहां चिकित्सकों ने दो लोगों के मौत की पुष्टि की एवं दो को देवघर रेफर कर दिया है। बाकी का ईलाज सरैयाहाट में चल रहा है।

### कांके फायरिंग मामले में गृह सचिव ने डीसी और एसएसपी से मांगी रिपोर्ट

**रांची :** गृह सचिव अविनाश कुमार ने रांची के कांके थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक चौक के पास जमीन कारोबारी अवधेश कुमार पर हुई फायरिंग मामले का संज्ञान लिया है। गृह सचिव ने डीसी और एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है। गृह सचिव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि घटना में संभावित अभियुक्तों के खिलाफ 107 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई शुरू करने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है जबकि चितरंजन उस इलाके का जाना-माना भू-माफिया है। उसके खिलाफ स्थानीय थाने में एक से अधिक मामले लंबित हैं।

### मुंबई : 15 मंजिला इमारत में लगी आग, दम घुटने से एक व्यक्ति की मौत



**मुंबई :** मुंबई के दादर इलाके के एक 15 मंजीला इमारत में आग लग गई, जिसमें एक 60 वर्षीय व्यक्ति की दम घुटने से मौत हो गई। आग शनिवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे हिंदू कॉलोनी के रेनट्री इमारत के फ्लैट नंबर 1302 में लगी। हालांकि, हादसे के आधे घंटे बाद ही आग पर काबू पा लिया गया। धुंए के कारण सचिन पाटकर अचेत हो गए। उन्हें तुरंत नागरिक संचालित सिओन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सीमा पर बड़ी मात्रा में गांजा और अन्य मादक पदार्थ बरामद

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल से सटी भारत बांग्लादेश सीमा पर तैनात नाथ सीमा सुरक्षा बल ने उत्तर 24 परगना, मुर्शिदाबाद और नदिया जिले में बड़ी मात्रा में गांजा, फैंसीडिल और नशीली दवाइयों की जब्ती की है। शनिवार को बीएसएफ की ओर से जारी बयान में इस बारे में जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि 11.65 किलोग्राम गांजा, 274 बोतल फैंसीडिल और 50 बोतल ह्युमन नॉरमल एब्डोमेन इंजेक्शन जब्त किया गया है। फैंसीडिल की कीमत करीब 55 लाख 845 रुप इंजेक्शन की कीमत 1.45 लाख रुपये और गांजा की कीमत करीब 1.20 लाख रुपये आंकी गई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित कमिटी की बैठक में लिए गए कई निर्णय

# वन नेशन-वन इलेक्शन कमिटी की हुई पहली बैठक

*** मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से राय लेने का लिया गया फैसला**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च-स्तरीय कमिटी ने शनिवार को अपनी पहली बैठक की.

एक बयान में जानकारी दी गई कि इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए राजनीतिक दलों और विधि आयोग को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया.

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप और पूर्व सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी मौजूद थे.

बयान में कहा गया है कि समिति ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों,राज्यों में सत्तारूढ़ दलों, संसद में अपना प्रतिनिधित्व रखने वाले दलों और अन्य मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय दलों को देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर सुझाव देने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया है.



### सुझाव और राय के लिए विधि आयोग को भी आमंत्रित करेगी कमिटी

विधि मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा, समिति एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर अपने सुझाव और राय के लिए विधि आयोग को भी आमंत्रित करेगी. वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस बैठक में ऑनलाइन तरीके से शामिल हुए.बयान में कहा गया कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी बैठक में मौजूद नहीं थे. उन्होंने हाल में गृह मंत्री शाह को लिखे एक पत्र में समिति का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था.

### 2 सितंबर को जारी हुआ था अधिसूचना

सरकार ने लोकसभा,राज्य विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर सिफारिश करने के लिए 2 सितंबर को आठ सदस्यीय उच्च-स्तरीय समिति गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की थी. सरकार की तरफ से बताया जा रहा है कि वन नेशन, वन इलेक्शन से जनता का पैसा बचेगा और प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर बोझ कम पड़ेगा. साथ ही बताया जा रहा कि इससे प्रशासनिक मशीनरी चुनावी कार्यक्रम के बजाय अन्य कार्यों में समय दे पाएगी.

### क्या है वन नेशन वन इलेक्शन ?

**भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।**

## ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन

**सचिवालय कर्मी पहुंचा ईडी दफ्तर, रिसीव कराया पत्र**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** लैंड स्कैम मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी दफ्तर नहीं पहुंचे. ईडी ने उन्हें चौथा समन जारी कर शनिवार को रीजनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था. इसके मद्देनजर सुबह के वक्त ईडी दफ्तर के बाहर सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई थी. मेन गेट के सामने बैरिकेडिंग भी लगा दी गई थी. दोपहर बाद सीएम सचिवालय के कर्मी लिफाफे में बंद चिट्ठी लेकर ईडी कार्यालय पहुंचा. यहां उसने चिट्ठी रिसीव कराया और चला गया.गौरतलब है कि लैंड स्कैम मामले में ईडी ने सीएम हेमंत को पहला समन जारी कर पूछताछ के लिए 14 अगस्त को बुलाया था. दूसरी बार 24 अगस्त को और तीसरी बार 9 सितंबर को बुलाया था. लेकिन इस बीच सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन दाखिल कर दिया था.

इसी दौरान ईडी ने चौथा समन जारी कर 23 सितंबर को आने को कहा था. लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 18 सितंबर को हुई सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता को कहा था कि आपको पहले हाईकोर्ट जाना चाहिए. इसी आधार पर याचिका वापस लेने पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था.बता दें कि अवैध खनन मामले में 18 नवंबर 2022 को करीब 10 घंटे तक ईडी ने सीएम हेमंत से पूछताछ की थी. उसी पूछताछ के कुछ दिन बाद सीएम की ओर से ईडी को अपनी संपत्ति की सारी जानकारी मुहैया करा दी गई थी. गौरतलब है कि जमीन घोटाला मामले में हुए मनी लांड्रिंग को लेकर ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है.

### ईडी के समन के खिलाफ सीएम हेमंत ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के समन के खिलाफ शनिवार को झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी। मुख्यमंत्री ने ईडी के समन मामले में दायर रिट याचिका में सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाई कोर्ट जाने की छूट दिए गए को आधार बनाया है। साथ ही ईडी की उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई न करने का आदेश पारित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने ईडी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने सहित पीएमएलए 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को चुनौती दी है।

**अंतरराष्ट्रीय कानून सम्मेलन में बोले मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़**

## एक-दूसरे से सीखने के लिए बहुत कुछ है



एजेंसी

**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय कानून सम्मेलन 2023 के उद्घाटन समारोह में भारत सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ पहुंचे। शनिवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने मॉरीशस और भूटान में सुप्रीम कोर्ट की इमारतों को खड़ा करने में भारत की मदद का जिक्र किया।संबोधन के दौरान मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, हम में से प्रत्येक के पास अलग-अलग दृष्टिकोण, न्याय क्षेत्र और सबसे खास एक-दूसरे से सीखने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा, यह सोचना यूटोपियन है कि एक दिन ऐसा आएगा जब हमें सही समाधान मिलेंगे और न्याय वितरण में कोई चुनौती नहीं होगी। हालांकि,एक ऐसी दुनिया की आकांक्षा करना यूटोपियन नहीं है, जहां राष्ट्र, संस्थान और सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति शामिल होने के लिए खुले हों। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, ÷ज्ञान साझा करना दोतरफा रास्ता है। सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न मुद्दों पर सार्थक बातचीत और चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करना है। कानूनी मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समझ को मजबूत करता हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कानून सम्मेलन 2023 का विषय न्याय वितरण प्रणाली में उभरती चुनौतियां है।

## धनबाद में दो युवकों ने नाबालिग से किया सामूहिक दुष्कर्म

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले में नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना शनिवार को सामने आई। मामला जिले के पूर्वी टुंडी थाना इलाके का है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि नाबालिग शुक्रवार दोपहर छोटी बहन के साथ जंगल में लकड़ियां चुनने गई थी। इस दौरान उसी थाना क्षेत्र के लटानी गांव के दो युवक वहां आ धमके। उन्होंने उसके साथ जबरदस्ती करनी शुरू कर दी। इस बीच उसकी छोटी बहन किसी तरह वहां से भाग कर घर पहुंची और परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने थाना पहुंचकर शनिवार को इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपित युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों में लटानी गांव के संतोष कुमार और बिरु कुमार शामिल हैं। पुलिस दोनों युवक से पूछताछ कर रही है। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि पीड़ित लड़की की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपित युवकों की गिरफ्तारी कर ली गई है। साथ ही पीड़ित नाबालिग की मेडिकल जांच और सीडब्ल्यूसी के बयान के साथ 164 का बयान भी दर्ज कराया गया है।



### पुलिस ने किया दो को गिरफ्तार

इस संबंध में परिजनों ने थाना पहुंचकर शनिवार को इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपित युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों में लटानी गांव के संतोष कुमार और बिरु कुमार शामिल हैं। पुलिस दोनों युवक से पूछताछ कर रही है। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि पीड़ित लड़की की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपित युवकों की गिरफ्तारी कर ली गई है।

## घबरा गई है बीजेपी, कांग्रेस कार्यकर्ता बब्बर शेर : राहुल गांधी



एजेसी

**जयपुर :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को राजस्थान में कार्यकर्ता सम्मलेन को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने जयपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ नए कांग्रेस कार्यालय की आधारशिला भी रखी. केंद्र को निशाने पर लेते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पहले, वे (केंद्र सरकार) महिला आरक्षण के बारे में बात नहीं कर रहे थे. उन्होंने भारत या इंडिया नाम के विवाद पर चर्चा के लिए एक विशेष सत्र की घोषणा की थी, लेकिन जब उन्होंने देखा कि इस मुद्दे पर लोग सहमत नहीं हुए तो वे घबरा गए. क्योंकि विशेष सत्र की घोषणा पहले ही कर दी गई थी. इसलिए वे महिला आरक्षण विधेयक लाए.कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हमने विधेयक का समर्थन किया. बीजेपी कह रही है कि महिला आरक्षण लागू करने के लिए नई जनगणना और परिसीमन की आवश्यकता है, लेकिन वास्तव में 33 प्रतिशत आरक्षण आज लागू किया जा सकता है. बीजेपी आरक्षण में 10 साल की देरी करना चाहती है और हम चाहते हैं कि इसे लागू किया जाए और हम चाहते हैं कि ओबीसी महिलाओं को इसका लाभ मिले.

# जो खेलेगा, वही खिलेगा : पीएम मोदी

एजेंसी

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी पहुंचने पर एयरपोर्ट पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया. इसके बाद दोनों नेता एक खुली गाड़ी में वहां से बाहर निकले, जहां लोगों द्वारा उनका फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया गया. इसके बाद पीएम मोदी जातालाब गंजारी, वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी.पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं एक ऐसे दिन काशी आया हूं, जब चंद्रमा के शिवशक्ति पॉइंट पर भारत के पहुंचने का एक महीना पूरा हो रहा है. एक शिवशक्ति का स्थान चंद्रमा पर है और दूसरा शिवशक्ति का स्थान यहां काशी में है. उन्होंने कहा कि काशी में आज एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी गई है. अब देश का मिजाज़ ऐसा बना है कि जो खेलेगा, वही खिलेगा.

### वरदान साबित होगा स्टेडियम

स्टेडियम का उद्घाटन अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए यह क्रिकेट स्टेडियम वरदान साबित होगा. उन्होंने कहा, जबसे इस स्टेडियम की तस्वीरें बाहर आई है, उन्हें देखकर हर काशीवासी गदगद हो गया है.आज क्रिकेट के जरिए दुनिया भारत से जुड़ रही है. दुनिया के नए नए देश क्रिकेट खेलने के लिए आगे आ रहे हैं. जाहिर है कि आने वाले दिनों में क्रिकेट मैचों की संख्या भी बढ़ने जा रहे हैं. तो जब मैच बढ़ेंगे तो नए स्टेडियमों की जरूरत भी बढ़ेगी, तो बनारस का ये स्टेडियम भी इन जरूरतों को पूरा करेगा. इस स्टेडियम के पूरा होने पर 30,000 से ज्यादा लोग यहां बैठकर मैच देख पाएंगे.



*** पीएम ने काशी को दिया भव्य क्रिकेट स्टेडियम का तोहफा**

*** इस स्टेडियम के पूरा होने पर 30,000 से ज्यादा लोग यहां बैठकर मैच देख पाएंगे**

### मां ने बेटे-बेटी को जहर देकर मारा, खुद भी की आत्महत्या

**सोनीपत (एजेंसी):** सोनीपत के गांव अटायल में शनिवार को मां ने अपने बेटे व बेटी को जहर देकर मार दिया। इसके बाद खुद भी जहर निगलकर आत्महत्या कर ली। तीनों हालत बिगड़ने लगी तो पानीपत के निजी अस्पताल में ले जाया गया। उपचार के दौरान तीनों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर गन्नौर थाना मौके पर पहुंची। तीनों के शव कब्जे में लिए और पानीपत में ही पोस्टमार्टम कराया गया।



# लूटपाट की योजना बनाते नाबालिग समेत 5 अपराधी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुट्टी मोड़ के पास 5 अज्ञात अपराधी अवैध हथियार के साथ एकत्रित होने वाले तथा कई लूट कांड एवं रामगढ़ प्रखंड के कुट्टी मोड़ के पास डकैती करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त सूचना के आलोक में एसपी रिष्मा रमेशन के आदेश पर चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे एवं रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय को डकैती के कांड को रोकने का निर्देश देते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस घटना में कार्रवाई करते हुए टीम द्वारा स्थल पर पहुंच कर 5 अपराधकर्मियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। तथा अपराधकर्मियों से पूछने पर सभी के द्वारा बताया गया कि रामगढ़ क्षेत्र से नावाडीह के तरफ से आने वाले हाईवा को रोककर डकैती करने का योजना बनाकर एकत्रित हुए थे। गिरफ्तार पांच अपराधी को थाना ले जाकर पूछताछ किया गया तथा पूछताछ के दौरान क्रम संख्या-01.04.05 के द्वारा पूर्व में हुए शाहपुर में एक हाईवा से 74000 रूपए एवं मोबाइल लूटने की घटना को इन्ही पांच गिरफ्तार अपराधियो ने बात को स्वीकार किया हैं। लूट पाट कांड में संलिप्त पांच अपराधी शाहरुख खान, इरसाद खान, मो0 शमशाद, मो0 मुबारक अंसारी और एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी के पास से तीन देशी कट्टा,पांच 315 बोर का जिंदा गोली, एक रेडमी कंपनी का मोबाइल,एक फोलडेड चाकू,एक अस्तुरा बरामद किया है। इस संबंध में रामगढ़ थाना कांड संख्या-50/2023 के तहत गिरफ्तार पांच अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आइपीएस सह एसडीपीओं सुरजीत कुमार से प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। मौके पर छापामारी दल में चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे, रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय, एएसआई भूपेंद्र कुमार सिंह, एएसआई राजीव कुमार सहित विक्की कुमार, शशि कुमार, महेंद्र महतो, नंदलाल मेहर, दिनेश राम एवं पप्पू कुमार सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# ट्रैक्टर पर लदा पोषाहार भींगा प्रमुख ने बैरंग लौटाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** बाल विकास परियोजना अंतर्गत दी जाने वाली पोषाहार के परिवहन में लापरवाही का मामला उजागर हुआ है। ट्रैक्टर द्वारा छतरपुर से शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्र हरिहरगंज के लिए पोषाहार लाया जा रहा था। किंतु ब खुले ट्रैक्टर पर लदा पोषाहार बारिश की पानी से पूरी तरह से भीग गया। इस दौरान ढाब के समीप प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने ट्रैक्टर को रुकवा कर देखा तो ट्रॉली से पानी गिर रहा था और पोषाहार पूरी तरह से भींगा पाया । इस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में नौनिहालों को दिए जाने वाली पोषाहार के गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद प्रखंड प्रमुख ने संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए भींगे हुए पोषाहार आहार को सप्लायर को बैरंग लौटा दिया। प्रमुख द्वारा पूछे जाने पर ट्रैक्टर चालक उमेश राम ने बताया कि उक्त पोषाहार छतरपुर के सप्लायर द्वारा हरिहरगंज के सेमरवार, बिजनीवार, ढाब कला, कौवाखोह, रजवार आदि गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों को देना था।

## फांसी लगाकर 35 वर्षीय व्यक्ति ने किया आत्महत्या

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के रेडमा देवी मंडप के समीप शुक्रवार की रात करीब 8:00 बजे शराब के नशे में एक 35 वर्षीय व्यक्ति विनोद कुमार चंद्रवंशी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।वही इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने ही टिओपी 2 प्रभारी सुधीर कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से घटना से संबंधित मामले की जानकारी लेकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी अपने बड़े लड़के के साथ दिल्ली में रहती है जबकि मृतक विनोद कुमार अपना छोटा लड़का के साथ रेडमा देवी मंडप अपने मकान में रहता था।वही परिजनों ने बताया कि विनोद को शराब का लत था।वह प्रतिदिन अपने घर शराब पीकर आता था। प्रतिदिन की तरह वह शुक्रवार को रात करीब 8:00 बजे अपने घर पहुंचा और अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।वही घटना के बाद से पुलिस आत्महत्या से संबंधित मामले की जांच में जुड़ गई है।

## जलजमाव से परेशान शहरवासियों ने नगर प्रबंधन से निजात दिलाने का किया मांग



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में रूक -रूककर हो रही रिमझिम बारिश से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है और किसानों के मुरझाए चेहरे भी खिल गये हैं। वहीं दूसरी ओर कई स्थानों पर बारिश के कारण कीचड युक्त जलजमाव से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है.। शहर के कॉलेज मोड़ अररूआ खुर्द से जामा मस्जिद तथा मेन बाजार की ओर जानेवाले रास्ते व गलियों में जलजमाव लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य सड़क के बगल से बने नालियों के जाम रहने के कारण जलनिकासी की समस्या बनी हुई है। सड़क पर जलजमाव और कीचड़ से वाहन तो दूर लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में जहां हमेशा दुर्घटना की आशंकाऐं बनी रहती है वहीं कीचड़ व जलजमाव के कारण आसपास के घरों के लोग दुकानदारऔर ग्राहक सभी काफी परेशानी महसूस कर रहे हैं। मुहल्लेवासी संजीव कुमार, संदीप साव,राजू साव,दिनेश साव,विजय साव,सतेंद्र प्रजापति, जयपाल चौधरी, अनिल जायसवाल, रंजीत कुमार सहित कई लोगों ने नगर प्रबंधन से जलजमाव की समस्या से शीघ्र निजात दिलाने की मांग की है।

## रसोईया व संयोजिका को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के संकुल संसाधन केंद्र चितविश्राम में पीएम पोषण मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत रसोईया व संयोजिका को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। संकुल संसाधन केंद्र चित्रविश्राम में प्रशिक्षण का उदघाटन सीआरपी सह प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह ने रसोईया व संयोजिका को बिंदुवार विस्तार से पीएम पोषण योजना से सम्बंधित जानकारी दिया। उन्होंने मध्याहन भोजन से सबंधित बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि भोजन देते समय कौन कौन सावधानी बरतना है। भंडारण कैसे करना है? वर्ग एक से पांच तक के बच्चों को के लिए 480 कैलोरी, 100 ग्राम चावल, दाल 20 ग्राम, सब्जी पतीदार 50 ग्राम, तेल एंव वसा 5 ग्राम, नमक आवश्यकतानुसार और 6 से 8 तक बच्चों के लिए 720 कैलोरी,150 ग्राम चावल, 30 ग्राम दाल, 75 ग्राम सब्जी,तेल एंव वसा 7.5 ग्राम और नमक आवश्यकतानुसार देना है। श्री सिंह ने कहा कि वर्ग 1 से 5 तक बच्चों के लिए 5.45 और वर्ग 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए 8.17 राशि खर्च करना है. पंजी का संधारण करने और चावल के भंडारण के सम्बंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया.उन्होंने बताया कि सामग्रियों की खरीदारी क्रय समिति का गठन कर करना है. इस प्रशिक्षण में रसोईया व संयोजिका द्वारा भी अपना अनुभव साझा किया गया. प्रशिक्षण में शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय के द्वारा भी अपना अनुभव साझा किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षक कमलेश पांडेय , संयोजिका कामोद देवी, निर्मला देवी, किरण देवी, प्रियंका देवी, रीना देवी, मीरा देवी, पानपती देवी रसोईया विन्दा देवी, समुंद्री कुंवर, कुसुम देवी, श्रद्धा देवी, पान कुंवर, किरण देवी, देवंती देवी, नागवंती देवी, अनिता देवी, सहित सभी रसोईया व संयोजिका उपस्थित थे।

# शहादत दिवस पर याद किये गये शहीद दया शंकर मिश्रा, पुलिस व स्थानीय लोगों ने किया नमन



**प्रभात मंत्र सवाददाता**

**विश्रामपुर :** शहादत दिवस पर शहीद एएसआई दया शंकर मिश्रा को पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विश्रामपुर नगर परिषद के बी मोड़ शहादत स्थल पर किया गया। पुलिस व स्थानीय लोगों ने शहादत चबूतरे पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही शहीद दया शंकर मिश्रा के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक व संचालन पत्रकार नरेंद्र सिंह ने किया। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि पुलिस लोगो की सुरक्षा व देश की भलाई हेतु हमेशा सर्वोच्च बलिदान देने को तैयार है। मौके पर कांग्रेस के प्रादेशिक नेता विजय कुमार चौबे,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गुड्डु शुक्ला,वरीय बसपा नेता गोपाल राम,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय,विजय कांत चौबे,चंदन कुमार गुप्ता,रामसरिख पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## राशन कटौती को लेकर झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष ने बीडीओ को दिया आवेदन



**खरौंधी (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा लाभुको को कम राशन देने पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अभिजित किशोर ने शनिवार को खरौंधी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी गणेश महतो को आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है की खरौंधी प्रखंड अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा लाभुक को अगस्त एवं सितम्बर दोनों माह पर डीलर के द्वारा दो-दो किलो का कटौती किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा की जब प्रखंड अंतर्गत राशन गोदाम से पुरा राशन का उठाव किया गया है इसके बावजूद भी लाभुको को कम राशन देना अन्याय है। जिसको लेकर बीडीओ से इस विषय पर जांच करते हुए करवाई करने का मांग किया है।

## कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों का किया गया विद्यालय में भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राजकृत उच्च विद्यालय चितविश्राम में खेलो झारखंड राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में पदक विजेता को प्रधानाध्यापक अमित कुमार और सीआरपी संजय कुमार सिंह सहित विद्यालय परिवार चितविश्राम के द्वारा विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया. राज्यस्तरीय कुश्ती बालिका प्रतियोगिता में अस्मिता कुमारी, सीखा कुमारी, अंशु कुमारी, पारो कुमारी, खुशबू कुमारी, सुधा पांडेय व राज्यस्तरीय बालक कुश्ती प्रतियोगिता के प्रतिभागी अमित कुमार को मुँह मीठा कराकर हार्दिक बधाई दिया। ये सभी राज्यस्तरीय खिलाड़ीयों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे इससे भी बढ़कर मेडल जीतने का आशीर्वाद दिया। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय, तनवीर आलम, नरेंद्र श्रीवास्तव, कमलेश पांडेय, रेणु कुमारी, प्रियंका पांडेय, सुशील पांडेय, सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय परिवार के तरफ से शारीरिक शिक्षक किशोर कुमार कुणाल को विशेष बधाई दिया गया, क्योंकि इनके देखरेख में प्रतिभागी राज्यस्तरीय पदक जीतने में सफल रहे।

# आजसू पार्टी की केंद्रीय महाधिवेशन के लेकर बनायी गई बैठक में कार्य योजना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड में आजसू पार्टी बैठक 23 सितंबर शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत के अध्यक्षता मे कैरो मुख्यालय मे आहुत किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी 29 सितंबर 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को केंद्रीय महाधिवेशन होना है उसे लेकर रणनीति तैयार किया गया और कैरो प्रखंड से महाधिवेशन में सारे पदाधिकारी का उपस्थित होना सुनिश्चित किया गया। बैठक मे पार्टी समिति का पूर्ण गठन करते हुए कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा से अजमेर खान को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया उपाध्यक्ष मनवर खान को बनाया गया एसटी मोर्चा से प्रखंड अध्यक्ष सुखदेव उरांव सचिव राजकुमार उरांव को बनाया गया ओबीसी मोर्चा दिनेश साहू एससी मोर्चा फलिंदर रविदास को बनाया गया और सचिव राजेश रविदास को बनाया गया एवं ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बिहारी प्रसाद साहू को बनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैरो प्रखंड प्रभारी केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, प्रखंड सचिव गौतम कुमार, कोषाध्यक्ष कृष्णा साहू, संगठन सचिव परमानंद साहू, मीडिया प्रभारी संजय साहू, बलराम साहू, सुखदेव राम, गौतम कुमार, दिनेश साहू, बिहारी साहू, बृजेश रविदास, बलराम यादव, गुर्जर यादव, मुनव्वर खान, राजेश रविदास, अजमेर खान, शंकर राम,विलास राम, अजय राम, ललकु राम एवं महिला मोर्चा से फरहाना नीसा, सबा खातून, सुशीला कुजूर, कलावती महली, चार्जियन लकड़ा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत नप ने चलाया जागरूकता अभियान



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नप के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सह विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,समाजसेवी विजय कुमार रवि व नप पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर में झाड़ू लगाया। साथ हीं छात्र - छात्राओं को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा छात्र - छात्राओं को स्वच्छता का शपथ भी दिलाया। राजन पांडेय ने कहा कि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है। इसे कार्य नहीं वरन आदत के रूप में अपनाने की जरूरत है। विजय कुमार रवि ने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत खुद से करें तत्पश्चात घर को,फिर शहर की सफाई पर ध्यान आकृष्ट करें। तब जाकर एक स्वच्छ राष्ट्र स्वच्छ का निर्माण होगा। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, जेई विभूति भूषण,अभय कुमार,मुकेश कुमार,अजीत टुड्डू सहित कई लोग मौजूद थे।

# डीलर के खिलाफ कार्डधारी आक्रोश में जनप्रतिनिधियों से की शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के नेउरा पंचायत के डीलर मेहरून निशा के खिलाफ सैकड़ों कार्डधारियों नें शनिवार को पंचायत के मुखिया जमीला बीबी सहित बीससूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे, उपप्रमुख सुनील सिंह से शिकायत की। कार्डधारी चनकी देवी, फातिमा बीबी, असगर अंसारी, खुशवुददीन अंसारी, समसुदीन अंसारी, सुनीता देवी, ललिता देवी, जाहिदा बीबी, खुशबून बीबी, जाहिदा बीबी सहित सैंकड़ो कार्डधारियों नें बताया कि दुकानदार द्वारा 2022 के सितम्बर और दिसम्बर सहित 2023 के अगस्त और सितम्बर माह का राशन नहीं दिया जा रहा है। तथा अन्य महिने में कार्डधारियों को पांच किलो की जगह चार किलो राशन दिया जाता है।कई कार्डधारियों नें बताया कि दुकानदार द्वारा कार्ड बनाने और कार्ड में नाम जोड़ने के नाम पर पैसा लेकर कार्य नहीं कराया गया है। कार्डधारी राशिदा बीबी से तीन हजार, जमील अंसारी से चार हजार छः सौ, जमीला खातून से चार हजार, इबरार अंसारी से एक हजार आठ सौ, छोटू अंसारी से तीन हजार, तथा शहाना बीबी से दो हजार रुपए लेकर भी कार्य नही कराया है। कार्डधारियों द्वारा बताया गया कि दुकानदार के पुत्र सद्दाम अंसारी द्वारा कार्डधारियों को अपशब्द बोला जाता है तथा विरोध करने पर कहता है कि जहां जाना है जाइऐ कुछ नहीं होगा। पंचायत के मुखिया जमीला बीबी का कहना है कि डीलर के खिलाफ पूर्व में भी शिकायत मिला है,इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारी से किया जाएगा। बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दूबे नें कहा कि राशन वितरण मे गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया। प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पार्थ नंदन नें कहा कि प्रखंड में विचरण सुचारु रूप से कराया जाएगा तथा डीलर के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बीस सूत्री सदस्य कमरुद्दीन अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी पंचायत समिती सदस्य सकीना बेगम , वार्ड सदस्य फिरोज अंसारी सहित काफी संख्या में कार्डधारी मौजूद थे।

# आज से सनातनियों के घर पहुंचेगी महायज्ञ समिति

**श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का निकलेगा आमंत्रण रथ, गुरु पाण्डेय के निर्देशन में हनुमत पूजन एवं श्री भागवत कथा का जन-जन को मिलेगा आमंत्रण**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू में भागवत की गंगा बहाने की तैयारी में जुटी श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति रविवार से जन-जन को आमंत्रित करने निकल पड़ेगी। कार्तिक शुक्ल पक्ष के पावन दिवस में आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। आमंत्रण के पहले चरण में 28 सितंबर को होने वाले हनुमत पूजन के में शामिल होने के साथ साथ महायज्ञ में आकर सहभागिता निभाने का आह्वान किया जाएगा। रविवार को सनातन आमंत्रण रथ के साथ महायज्ञ समिति रांची रोड स्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय से सुबह दस बजे निकलेगी। धर्मनिष्ठ सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय) के निर्देशन पर राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में आमंत्रण रथ नगर भ्रमण के दौरान सर्व सनातन समाज से मुलाकात करेगी एवं भागवत कार्य में अपना सहभागिता निभाने की अपील करेगी। इस संबंध में यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक श्री अर्जुन पाण्डेय ने बताया कि आमंत्रण के प्रथम चरण में शहर के गणमान्य लोगों से संपर्क कर उन्हें यज्ञ समिति में शामिल होने का अनुरोध किया जाएगा और यज्ञ को सफल बनाने की चर्चा की जाएगी। इस दौरान 28 सितंबर को होने वाले हनुमत पूजन के लिए पूरे सनातनी समाज को आमंत्रित किया जाएगा। श्री पाण्डेय ने अनंत चतुर्दशी के दिन हनुमत पूजन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सभी सनातन धर्मावलंबियों से अपील की है कि घर-मुहल्ले में प्रचार प्रसार करने में कोई कोताही नहीं बरतें। पलामूवासियों को भगवत कार्य करने का सौभाग्य मिला है, जिसमें सम्मिलित होकर जीवन को सार्थक बनाने का समय आ गया है। साथ ही बताया कि रविवार से प्रारंभ होने वाला सनातनी आमंत्रण कार्यक्रम लगातार चलाया जाएगा और पलामू के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महायज्ञ में शामिल होने के लिए जन-जन को आमंत्रित किया जाएगा। बता दें कि अनंत चतुर्दशी के पावन दिवस पर 28 सितंबर को हनुमत पूजन हेतु काशी से पधारे विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पारंपरिक तरीके से हनुमानजी का झंडा स्थापित किया जाएगा। जिसके उपरांत यज्ञ मंडप, कथा पंडाल एवं विराट महायज्ञ की व्यवस्था का शुभारंभ हो जाएगा।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहरी क्षेत्र अंतर्गत सिनेमा हॉल के पीछे एक किराए के मकान में रह रही महिला बबीता देवी (23) पति राकेश मेहता ने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला सेवानिवृत्त शिक्षक कामेश्वर मेहता के मकान में किराए पर अपने एक दो वर्षीय पुत्र के साथ रहती थी। उसका ससुराल बिहार के औरंगाबाद जिले के रफीगंज स्थित बलिगांव में है। जबकि उसका मायका हरिहरगंज के डेमा गांव में है। उसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि आखिर महिला ने किन कारणों के चलते फांसी लगाई यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला तथा पुरुष टीम कुमिते की स्पर्धा में भिड़ेंगे झारखंड टीम

**रांची।** देहरादून में कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में जारी ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप के दौरान 24 सितंबर से प्रारंभ होने वाली सीनियर टीम कुमिते स्पर्धा में झारखंड के तरफ से पुरुष टीम के सदस्य अक्षयकांत, संदीप पासवान, अमन राज ओझा, कुमार उज्ज्वल, अनीश यादव, अमरेश कुमार सिंह तथा मनीष कुमार राम राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि महिला टीम में देवांति कुमारी, निशा मंडल तथा काजल कुजूर शिरकत करेंगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए टीम कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि टीम पूर्ण रूप से राज्य की अधिकृत टीम के रूप में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रही है, तथा इस टीम को कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के तरफ से आधिकारिक तौर पर इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है क्योंकि वर्तमान में राज्य में किसी भी कराटे संघ को महासंघ की मान्यता नहीं है।

### झारखंड में डेंगू के 67 और चिकनगुनिया के 48 मरीज

**रांची :** राज्य में डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 24 घंटे में राज्य भर में डेंगू के 206 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें 67 में डेंगू की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा पूर्वी सिंहभूम में 60 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें 33 में डेंगू की पुष्टि हुई है। साहिबगंज में 38 संदिग्ध मरीजों ने जांच करवायी। इनमें 18 में डेंगू की पुष्टि हुई है। धनबाद में 18 संदिग्ध मरीजों में 12 में डेंगू की पुष्टि हुई है। हजारीबाग में एक, रामगढ़ में 2 और पश्चिमी सिंहभूम में डेंगू के एक मरीज मिले हैं। साहिबगंज में 38 जबकि रांची में 10 संदिग्ध मरीजों में जांच के उपरांत चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है।

# रांची नगर निगम का 45 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम का 45 वां स्थापना दिवस धूमधाम से निगम सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार विनय कुमार चौबे, भाप्रसे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सचिव तथा प्रशासक अमित कुमार के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।मौके पर सचिव ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम के स्थापना दिवस पर निगम के सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी बधाई के पात्र है। हर क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ सुदृढ़ किया गया है एवं रांची शहर की अब एक अलग तस्वीर उभर कर आ रही है। राँची अब एक रमणीक स्थल बन रहा है। झारखण्ड की होने के कारण रांची शहर की एक अलग पहचान है। पिछले कुछ सालों में विकास की कई बड़ी परियोजनाएं धरातल पर उतरी है एवं आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निगम की एक महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। अब आने वाले समय में और भी कई बड़ी चुनौतियों का सामना करना है जैसे सभी वेंडर को व्यवस्थित करना, सुगम यातायात की व्यवस्था, सिटी बसों की व्यवस्था, शहर के कोई गली-मोहल्ले अंधेरे में ना रहे इसके लिए स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था इत्यादि को प्राथमिकता के साथ किया जाना है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अब झिरी में कूड़े के पहाड़ को साफ करते हुए उसे ग्रीन लैंड में बदलने के लिए भी रणनीति तैयार किया जा रहा है। सभी को एक टीम वर्क के साथ काम करते हुए यह संकल्प लेना होगा कि. अगले



स्थापन दिवस तक यह सारी योजनाएं धरातल पर उतरे ताकि रांची को एक मॉडल शहर बनाया जा सके।मौके पर प्रशासक ने रांची नगर निगम के 45वे स्थापना दिवस के अवसर पर सबको बधाई देते हुए कहा कि राँची नगर निगम एक ऐसी संस्था है जहां एक नागरिक को अपने जीवन काल में निगम के कई सेवाओं की आवश्यकता पडती है, जिसे बेहतर तरीके से उन्हें उपलब्ध कराने के लिए निगम प्रतिबद्ध है। कभी-कभी लोग निगम पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं, जिससे हमें विचलित नहीं होना है क्योंकि लोग नाराज उन्हीं लोगों से होते हैं जिनसे वे अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम ने गुजरे 44 सालों में इस शहर को शहर से राजधानी और फिर स्मार्ट सिटी के रूप बदलते देखा है और लगातार इस शहर को साफ, स्वच्छ और रमणीक बनाने के लिए प्रयासरत रहें हैं। उन्होंने कहा कि राँची नगर निगम को सभी चुनौतियों का सामना करते हुए प्लानिंग और इंप्लीमेंटेशन के साथ सभी बुनियादी सुविधाओं को आम नागरिकों तक पहुंचना होगा ताकि आने वाले समय में रांची शहर को बेहतर और रमनीक बनाया जा सके। मौके पर निगम के उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जिसमे मनोज कुमार राय, गिरिश प्रसाद, मुन्नी सुशील बाखला, ओंकार पांडे इत्यादि थे। इसके अलावा कार्यक्रम में निगम कर्मचारी संघ के द्वारा संगीत एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। मौके पर अपर प्रशासक कुवर सिंह पाहन, सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह, सहायक प्रशासक शीतल कुमारी, सहायक लोक स्वास्थ पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी, सहायक लोक स्वास्थ पदाधिकारी डॉ आनंद शेखर झा सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, चंद्रदीप कुमार, निकेश कुमार, मुकेश कुमार, सूरज प्रकाश सिंह चौधरी मुख्य अभियंता नगर निवेशक एवं नगर निगम के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दीपांकर श्रीज्ञान का असमय चला जाना अपूरणीय क्षति : झासा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव स्तर के पदाधिकारी दीपांकर श्रीज्ञान का शनिवार को सुबह निधन हो गया है। वे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली में इलाजरत थे। शनिवार को ही दिल्ली के निगमबोध शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया । श्रीज्ञान के असामयिक निधन की खबर सुनते ही झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के बीच पूरे दिन शोक का माहौल रहा। शनिवार अपराह्न में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) के कार्यालय पर सामूहिक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संघ के पदाधिकारियों सहित राज्य सेवा के कई पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत पदाधिकारी की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। बता दें कि बीपीएससी 41 वीं बैच के पदाधिकारी श्री दीपांकर श्रीज्ञान की छवि एक सरल, सहज, विनम्र, समर्पित, कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार पदाधिकारी के रूप में रही है।

वे बिहार और झारखंड के अलावा दिल्ली में भी प्रतिनियुक्त रहे हैं।

वे गाँधी स्मृति दर्शन समिति राजघाट, दिल्ली के निदेशक भी रहे हैं।

झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम ने कहा कि दीपांकर श्रीज्ञान का असमय चले जाना राज्य प्रशासनिक सेवा के लिए अपूर्णीय क्षति है।

## गौरी तेजवानी एक मजबूत भूमिका निभाएंगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोनी सब का आगामी शो 'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' कश्मीर की जादुई घाटी में सेट और शूट की गई एक खूबसूरत प्रेम कहानी लाने के लिए तैयार है। कश्मीर में श्रीनगर और गुलमर्ग के सुरम्य परिदृश्य में शूट किया गया, यह शो अपने दर्शकों के लिए छोटे पर्दे पर बड़े स्क्रीन का सिनेमाई अनुभव लाने का वादा करता है। इस मनोरम कथा में, गौरी तेजवानी पश्मीना की मां प्रीति सूरी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नज़र आएंगी।

## राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम की घोषणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड दिव्यांग पुरुष क्रिकेट टीम जो डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित थर्ड नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी टी 20 क्रिकेट चैंपियनशिप 2023 उदयपुर में भाग लेगी।

प्रतियोगिता 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित होगी झारखंड टीम की घोषणा कर दी गई। मनीष कुमार के नेतृत्व में झारखंड टीम की 16 सदस्य टीम की घोषणा की गई है। यह टीम 25 तारीख को झारखंड स्वयं जयंती से दिल्ली और फिर दिल्ली से उदयपुर जाएगी इस प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष से 24 राज्य की टीम भाग ले रही है।

यह प्रतियोगिता इसलिए खास है कि इस प्रतियोगिता का ब्रांड एंबेसडर पूर्व भारतीय खिलाड़ी हरभजन सिंह है।

इस कंपनी को राजस्थान रॉयल भी जो आईपीएल की एक टीम है वह भी सपोर्ट कर रही है झारखंड टीम बहुत ही मजबूत स्थिति है ।अच्छे-अच्छे खिलाड़ी इस बार झारखंड टीम में चयन किए गए हैं। झारखंड दिव्यांग टीम से झारखंड को बहुत उम्मीद है और हम ऐसा उम्मीद करते हैं कि यह टीम प्रतियोगिता जीत कर चैंपियन होगी।

झारखंड की 16 सदस्य टीम में मनीष कुमार (कप्तान), महावीर मोदी (विकेटकीपर ),भोला बऊरी,अमन कुमार ,ऋषिकेश चौधरी, संतोष टुडू ,गोविंद कुमार सिंह (उप कप्तान ),बब्बन कुमार सिंह, मुदस्सर खान ,संदीप कुमार साहू ,मोहम्मद जावेद हुसैन, आबिद अंसारी, मोहरनाथ महतो, मुकेश कुमार पांडे शामिल है। टीम के कोच जावेद आलम को बनाया गया है।यह जानकारी डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन आफ झारखंड के सचिव आफताब आलम ने दी उन्होंने झारखंड क्रिकेट टीम को शुभकामना भी दी।

## 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के उद्देश्य से संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्र सरकार आराधना पटनायक की अध्यक्षता में रिम्स में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डायरेक्टर अलोक त्रिवेदी, रिम्स से निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ व रिम्स एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये झारखण्ड के 24 जिलों के उपायुक्त और सिविल सर्जन बैठक में जुड़े।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके तहत स्वास्थ्य से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।सयुंक्त सचिव ने सभी जिलों के उपायुक्त एवं सिविल सर्जन को स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन के साथ रक्तदान और अंगदान को बढ़ावा देने हेतु स्कूल, कॉलेज, कार्यलयों, उद्योग यूनिट में जागरूकता सत्र और कैंप लगाने के दिशा निर्देश दिए7 श्रीमती पटनायक ने कहा की स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखण्ड में हो रहे कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से दिखाने की आवश्यकता है जिसके लिए सभी को मिल कर काम करना होगा।बैठक में सभी ने अपने सुझाव साझा किये और सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने पर सभी सहमत हुए।

## झामुमो महासचिव ने बैठक में दिए कई दिशा-निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने शनिवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक की।

इसकी शुरुआत में स्व. विनोद बिहारी महतो की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इसके बाद सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती पर चर्चा की।

साथ ही जिला समिति ने क्षेत्र में



किये जा रहे कार्यों का आकलन किया। इसके अलावा उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में शामिल सदस्यों की ओर से दिए गए मंतव्य एवं सुझावों पर चर्चा के बाद केन्द्रीय महासचिव ने कई जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में रामगढ़ और लातेहार जिला समिति सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## सोमनाथ पांडेय निर्दोष, जल्द आएगा जेल से बाहर

### पुलिस ने माना : चूक हुई है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नवीन मिश्रा अपहरण मामले जेल भेजे गए सोमनाथ पांडेय जल्द जेल से बाहर आयेगा। पुलिस ने भी माना कि चूक हुई है। बता दें कि बीते एक सितंबर को रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले जमीन कारोबारी नवीन मिश्रा कि पत्नी एस पाठक ने अपने पति के अपहरण का मामला दर्ज कराया। उसने बताया कि उसके पति नवीन मिश्रा का अपहरण हो गया । पत्नी के अनुसार यह भी बताया गया कि पति नवीन आखिरी समय में वे भाजपा नेता सुरेंद्र पांडेय के पुत्र सोमनाथ पांडे के साथ गाड़ी में थे। इसके बाद से उसका कोई आता पता नहीं है । इस मामले में पुलिस ने काफी खोज बीन की और फिर सोमनाथ पांडेय को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया । जेल भेजे जाने के बाद पुलिस नवीन मिश्रा की तलाश में जुट गई। तभी नवीन मिश्रा रांची पुलिस के गिरफ्त में आ गए। वह नेपाल में था।

**थाना प्रभारी ने बताया :** इस संबंध में रातू थाना प्रभारी सपन महथा से बातचीत हुई , उन्होंने बताया कि सोमनाथ पांडेय को जेल भेजा गया था , क्योंकि घटनाक्रम में जो आवेदन दिया गया था, उसमें सोमनाथ पांडेय को ही अभियुक्त बनाया गया था और लगातार परिजन परेशान थे। इसलिए पुलिस को नवीन मिश्रा को खोजने में और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर समस्याएं उत्पन्न हो रही थी। क्योंकि नवीन मिश्रा को सकुशल बरामद करना पुलिस की प्राथमिकता में थी। इसलिए पुलिस ने पहले जांच पड़ताल की तो यह पता चला कि नवीन मिश्रा का अंतिम लोकेशन सोमनाथ पांडे के साथ था और उसके गाड़ी में था और उसका एक मोबाइल भी उसी के गाड़ी से बरामद हुआ था। लेकिन नवीन मिश्रा सकुशल बरामद हो जाने के बाद से यह स्पष्ट हो गया की नवीन मिश्रा ने खुद से अपहरण की कहानी रची थी। पुलिस ने नवीन मिश्रा को जेल भेज दिया है। वहीं सोमनाथ पांडे निर्दोष है पुलिस ने लिखकर कोर्ट में शनिवार को जमा कर दिया है, बहुत जल्द सोमनाथ पांडे जेल से बाहर आ जाएगा।

## दुर्लभ निमोनिया का पारस के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ निरुपम शरण ने किया सफल इलाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एक 38 वर्षीय मरीज़ काफ़ी नाज़ुक स्थिति में पारस एचईसी अस्पताल आया था। वह जब अस्पताल आया था तो उसका ऑक्सीजन काफ़ी कम था, बिलकुल 60 प्रतिशत और मरीज़ का श्वसन गति 45/मिनट था जो सामान्यतः 15 से 16 होना चाहिए। पारस अस्पताल में जब मरीज़ का एक्सरे किया गया तो पता चला कि मरीज़ को निमोनिया ने पूरी तरह जकड़ लिया था और उसका दायाँ तरफ़ का फेफड़ा पूरा सफ़ेद पाया गया। मरीज़ को क्रिप्टोजेनिक ऑर्गनाइजिंग निमोनिया नामक बीमारी थी।

यह बीमारी एक लाख में मात्र 3त्न लोगों को होती है। पारस अस्पताल में आने के बाद मरीज़ की नाज़ुक स्थिति को देखते हुए इन्हें आसईय में भर्ती किया गया । मरीज़ को एंटीबॉयोटिक्स देने के बाद भी उसपर कोई असर नहीं हो रहा था। तीसरे दिन से उनके फेफड़े में भी सुधार होने लगा और कुछ ही दिन बाद उन्हें वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया, जहां से वे पूरी तरह ठीक होकर अपने घर सकुशल चले गये।पारस एचईसी अस्पताल के सीनियर कंसलटेंट डॉ निरुपम शरण का कहना है कि तेज़ बुखार होने पर, सीने में दोनों ओर या एक ओर दर्द होने पर, कफ़ की उपस्थिति के साथ सांस लेने में तकलीफ़ होने पर, खांसी से निकले कफ़ का रंग सुनहरा या गहरे नीले ग्रे रंग का हो या पतला तथा मटमैला लाल रंग का हो या सामान्य से भिन्न चरित्र का होने पर तुरंत चिकित्सक से मिलकर सलाह लें।

डॉ ने बताया की निमोनिया कई तरह के होते हैं। आज प्रत्येक व्यक्ति को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है।

## सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपित दोषी करार

**रांची :** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपितों को दोषी करार दिया है। अदालत तीनों दोषियों की सजा की बिंदु पर 29 सितम्बर को फैसला सुनायेगी। दोषी करार आरोपितों में विजय रजवार, प्रेम कुमार और एक नाबालिग शामिल है। यह मामला डोरंडा थाना क्षेत्र के पोखर टोली में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना से जुड़ा है। घटना 11 अगस्त 2020 की है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ डोरंडा थाना में कांड संख्या 211/2020 दर्ज कराया गया था।

## शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए चलाया गया अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर रांची पुलिस हमेशा से तत्पर रही है । बावजूद इसके आम जन लोगों से जो सहयोग की अपेक्षा होती है वह नहीं मिल पाता है और यही कारण है कि रांची शहर में जाम की समस्याएं देखने और सुनने को मिलती है। इस जाम में ना सिर्फ खास , बल्कि आम व्यक्ति भी इस जाम में फंस जाते हैं। इतना ही नहीं कई बार तो एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती है। नगर निगम और यातायात पुलिस के सहयोग से समय-समय पर अभियान चलाकर



ठेला , खोमचा , फुटपाथ दुकानदार जो बीच सड़क पर या फिर रोड के किनारे सफेद लाइन के बाहर अपनी दुकाने लगाकर यातायात समस्या पैदा करते हैं, इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। जाम में फंसे लोग परेशान होते हैं, कई बार उनके सामान जप्त भी किया जाता है , बावजूद इसके इसमें कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है । इन समस्याओं से सिटी एसपी राजकुमार मेहता को ट्रैफिक एसपी का भी प्रभार दिया गया है और उनके निर्देश पर शनिवार को रांची शहर के लोअर बाजार थाना क्षेत्र, कोतवाली और डोरंडा थाना क्षेत्र में अभियान चलाया गया । मौके पर सभी ठेला, खोमचा, टायर दुकान,बर्तन दुकान से लेकर फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों तक को पंपलेट देकर उन्हें चेतावनी दी गई है, कि वह सफेद लाइन के अंदर अपनी दुकान लगाये। ठेला, खोमचा, जो कुछ भी है वह अपने दुकान के दायरे में सीमित रखें । इस अभियान में सीटी डीएसपी दीपक कुमार, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद , कोतवाली थाना प्रभारी शैलेष, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत आदि शामिल थे।

## पोषण माह 2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पोषण अभियान अंतर्गत पोषण माह 2023 के उपलक्ष्य में 23 सितंबर 2023 को जिला प्रशासन (समाज कल्याण शाखा) द्वारा मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुपोषित झारखंड, साक्षर झारखंड, सशक्त झारखंड के थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर निदेशक समाज कल्याण श्री शशि प्रकाश झा, अपर सचिव समाज कल्याण अभिनंदन अम्बष्ट, उप विकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची रवि शंकर मिश्रा, डीपीएम जेएसएलपीएस दिव्यदीप सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सही पोषण के लिए दिनचर्या में मिलेट्स की उपयोगिता की जानकारी के साथ अन्नप्राशन, गोद भराई का भी आयोजन किया गया। साथ ही परियोजनावार उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं को सम्मानित भी किया गया।




निदेशक समाज कल्याण शशि प्रकाश झा ने अपने संबोधन के दौरान सही पोषण के लिए मिलेट्स के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए दिनचर्या में इसे शामिल करने की बात कही। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने सभी से लाभ लेने को कहा। अपर सचिव श्री अभिनंदन अम्बष्ट एवं उप विकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव ने भी मिलेट्स की महत्ता पर जोर देते हुए अपने खान-पान में ज्यादा से ज्यादा शामिल करने की बात कही।

## बरियातू हाउसिंग कॉलोनी के पंडाल में नशा छोड़ने का अनुरोध करती दिखेंगी मां दुर्गा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के बरियातू हाउसिंग कॉलोनी स्थित विनेक्स क्लब श्री दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष नशा मुक्ति के थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण करा रहा है। पंडाल में मां दुर्गा विराजमान होकर सभी भक्तों से नशा मुक्ति का अनुरोध करती दिखाई देंगी। इस पंडाल के माध्यम से समाज को जगाने एवं जागरूक करने का एक मार्मिक संदेश देने का प्रयास किया गया है। पंडाल के अंदर माता की 11 फीट की मूर्ति विराजमान होगी, जो भक्तों से नशा छोड़ने का अनुरोध करती दिखेंगी। पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगर कर रहे हैं जबकि मूर्ति का निर्माण स्थानीय कारीगरों के जिम्मे है। क्लब के अध्यक्ष राजकिशोर ने




शनिवार को कहा कि इस वर्ष पूजा के आयोजन का 53वां साल है। करीब 20 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। पिछले कई वर्षों से इस पंडाल को देखने दूर-दूर से लोग आते हैं।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# पिपरवार के पुरनाडीह में अज्ञात अपराधियों ने डम्पर में लगाई आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह कोल परियोजना क्षेत्र मे ट्रांसपोर्टिंग का कार्य कर रहे एक हाईवा डंपर मे बीती रात को अज्ञात अपराधियो ने आग के हवाले कर दिया।साथ ही अपराधियो ने फायरिंग कर दहशत फैलाया।उक्त हाईवा डम्पर श्रेया एण्ड कंपनी का बताया जा रहा है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की आधी रात कुछ अपराधी पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह स्थित जामडीह दामोदर नदी पुल के पास उक्त हाईवा डंपर पर सबसे पहले 5 से 7 राउंड फायरिंग की और पेट्रोल छिड़कर आग लगा दिया।अपराधियो ने हाईवा चालक का मोबाईल भी लुट लिया।मौका देखकर डम्पर चालक किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाया।घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी जंगल की ओर भाग गए।घटना रांची और चतरा जिला के सीमांत क्षेत्र पिपरवार के जामडीह के पास हुई है।घटना के बाद से पुरनाडीह कोल परियोजना का ट्रांसपोर्टिंग कार्य पूरी तरह से बंद है।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार एंव सीआईएसएफ कमांडेड संदीप कुमार सहित कई सीसीएल अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।वही सीसीएल प्रबधंन के पहल पर मौके पर पहुंची दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया।आगजनी के इस घटना मे हाईवा डम्पर जलकर राख हो गया।

# संयुक्त मोर्चा ने किया गेट मिटिंग, तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयला उधोग मे होने वाले तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए एटक,सीटु,एचएमएस, बीएमएस और इंटक के द्वारा लगातार गेट मिटिंग किया जा रहा है।शनिवार की सुबह संयुक्त मोर्चा के द्वारा पिपरवार पीट ऑफिस और अशोक वर्कशॉप कार्यालय में गेट मीटिंग किया गया, जिसकी अध्यक्षता जनता मजदूर संघ के रविंद्रनाथ सिंह और संचालन सीटु के इस्लाम अंसारी ने किया।गेट मीटिंग में 5 अक्टूबर से होने वाले तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने और हड़ताल से पूर्व 3 अक्टूबर को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष होने वाले विशाल प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की गई।श्रमिक प्रतिनिधियो ने कहा कि कोयला उधोग मे काम करने वाले कोयला मजदूरों का एतिहासिक 11वां वेतन समझौता हुआ है।लेकिन ऑफिसर एसोसिएशन के द्वारा जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इसे रदद कराया गया है,जिसके खिलाफ मजदूरों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है और संयुक्त मोर्चा ने तीन दिवसीय कोल इंडिया में हड़ताल की घोषणा की है।जिसको सफल बनाने के लिए लगातार मिटिंग की जा रही है।

# स्व. विनोद बिहारी महतो की मनाई गई जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शनिवार को आजसू पार्टी के द्वारा झारखंड आंदोलन के प्रणेता, प्रेरणास्त्रोत, समाज में सामाजिक समरसता, प्रेम और शिक्षा का अलख जगाने वाले स्व. बिनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती टीवीएस शोरूम के निकट हॉल में मनाया गया। मुख्य रूप से प्रखंड के पूर्वी जिप सदस्य सरिता देवी ने कहा कि झारखंड माटी के पुत्र स्व विनोद बिहारी महतो के बताए हुए कदम पर चलना होगा। तभी गांव समाज एवं बेहतर शिक्षा लेकर युवा पीढ़ी को आगे बढ़ना होगा। तभी उनका झारखंड अलग का सपना पूरा होगा। मौके पर पूर्व प्रत्याशी रामधन बेदिया, लक्ष्मी नारायण महतो, श्रवण महली, संजय तिर्की, विनोद कुमार महतो, संजय महतो, शंकर करमाली, चंद्रशेखर चौधरी, परमेश्वर गंझू, आनंद महतो, दीपक साहू, अभिमन्यु सिंह, पूनम देवी, अंजली कुमारी, तस्लीम अंसारी, ललित सिंह, दीपक कुमार महतो, प्रवीण कुमार, सम्मू महतो, पारसनाथ महतो, भारत कुमार, दिलीप कुमार, आर्यन कुमार एवं अन्य लोगों उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट आरएआईएल के तहत साप्ताहिक परीक्षा

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत RAIL अभियान का संचालन किया जा रहा है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने एवं उनके अधिगम स्तर में अपेक्षित उपलब्धि प्रास कराने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट RAIL के अन्तर्गत सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्रास विद्यालयों में छात्र - छात्राओं के लिए सासाहिक परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट RAIL के अन्तर्गत पढ़ाये गये सिलेबस के आधार पर बच्चों का मूल्यांकन वस्तुनिष्ठ प्रश्न के अनुसार किए जाते है। साथ ही परीक्षा का मूल्यांकन भी आज विद्यालयों में किया गया। झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वाधान पर जिला अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट- रेगुलर एसेसमेंट फॉर इंप्रूव लर्निंग(RAIL) तहत राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सभी कोटि के कक्षा 1 से कक्षा 12 के विद्यालय में संचालित सप्ताहिक जांच परीक्षा का निरंतर अनुश्रवण भी किया जा रहा है।



## विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजधानी रांची में एसडीओ हिमांशु वर्मा, जेई आरपी चौधरी के नेतृत्व में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रांची मैन रोड ऐरीया में यह अभियान चलाया गया। हुक कनेक्शन तथा बाईपास कनेक्शन से विद्युत चोरी करने वालों का विद्युत विभाग के द्वारा कार्यवाही भी की गई। जिनका मीटर खराब व डिस्प्ले नहीं आने पर उनका तत्काल मीटर भी लगवाया गया। एसडीओ ने बताया कि जेबीवीएनएल बोर्ड के आदेश के अनुसार चेकिंग कराया जा रहा है। जिसमें जितने भी हुक कनेक्शन या बाईपास कनेक्शन हैं। उन कनेक्शन की सघन चेकिंग की जा रही है। जो बिजली चोरी या बाईपास कनेक्शन के अनियमितता में पाया जाता है उसके खिलाफ बिजली अधिनियम एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। जांच में यह पाया गया कि बहुत से उपभोक्ता ऐसे हैं कि घर के कनेक्शन को दुकान में इस्तेमाल कर रहे हैं । उन कनेक्शन को घरेलू से कमर्शियल भी किया जा रहा है। सुबह और शाम बिजली शेड्यूल के अनुसार बिना उपभोक्ता को नुकसान पहुंचाए लगातार चेकिंग की जाएगी। यह चेकिंग आने वाले कई दिनों तक निरंतर चलेगी।



## आयुष्मान भारत योजना के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आयुष्मान भारत की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर लोगो में आयुष्मान भारत योजना के प्रति जागरूकता लाने के लिए राजकीय बालिका+2 विद्यालय, खूँटी में गोष्ठी की गई एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आयुष्मान कार्ड कैसे बनाना है, आयुष्मान कार्ड से हम स्वास्थ्य लाभ कैसे ले सकते है, सरकार के द्वारा दिए जाने वाले सुविधाओं के बारे में बताया गया। समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए भी बच्चों एवम शिक्षको को भी बताया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किया है।



## श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू का 15वां स्थापना दिवस आज

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू का 15वां स्थापना दिवस जिला परिषद के बहुउद्देशीय भवन ,मुरहू में किया जाएगा । मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन 11ः00 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम और पेंटिंग प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा ।

## कायक ने चैटजीपीटी के साथ बेस्ट टाइम टु ट्रैवल का अपडेटेड टूल लॉन्च किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फेस्टिव सीजन में परिवार के साथ यात्रा करने या अकेले सफर के लिए आसानी से बुकिंग को बढ़ावा देने के लिए, कायक ने भारतीय फिल्म अभिनेता मृणाल ठाकुर से साझेदारी की है। दुनिया के प्रमुख ट्रैवल सर्च इंजन कायक, की नई उपभोक्ता रिसर्च के अनुसार अगले कुछ महीने में आने वाले दिवाली के त्योहार के चलते भारतीयों की सैर-सपाटे में दिलचस्पी बढ़ी है। कायक ने 1200 भारतीयों को अपनी इस उपभोक्ता रिसर्च में शामिल किया। इस रिसर्च में कायक ने पाया कि भारतीय इस फेस्टिव सीजन में सफर के लिए बेहद उत्साहित हैं। त्योहार का यह मौसम नवरात्र से शुरू होकर दिवाली और भाईदूज तक चलेगा। साल के इस समय में ज्यादातर लोग अपने घर जाते हैं। कायक की उपभोक्ता रिसर्च के अनुसार इस सर्वे में शामिल 98 फीसदी लोगों ने इस फेस्टिव सीजन में अपने देश में ही घूमने की मंशा जताई, जबकि सर्वे में शामिल पांच में से तीन भारतीय, करीब 60 फीसदी लोग, इस त्योहार के मौसम में खुशियों को और बढ़ाने के लिए विदेश में अलग-अलग जगहों की यात्रा करना चाहते हैं।

## डीएवी बचरा व पिपरवार विकाश विद्यालय किचटो में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में करमा पूजन महोत्सव मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य राजीव रंजन झा ने करमा पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला।स्कूल के छात्र, छात्राओं ने भाषण प्रस्तुति एवं नृत्य गायन प्रस्तुति किया।कार्यक्रम का निर्देशन आरआर दत्ता एवं एस भट्टाचार्य एंव संचालन आरबी प्रसाद ने किया।मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे। इधर दुसरी ओर पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में करम पूर्व संध्या मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएचपी/सीपीपी परियोजना के पीओ धनजंय कुमार और विशिष्ट अतिथि मे किचटो पंचायत की मुखिया संगीता देवी मौजूद थी।अतिथियो के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया।

## आजसू पार्टी द्वारा पिपरवार के किचटो में मनाई गई बिनोद बिहारी महतो की जयंती



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के ग्राम तारवां बाराडीह में आजसु पार्टी के कार्यकर्ताओं ने झारखंड के पुरोधा, समाजिक क्रांति लाने वाले झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता स्व. बिनोद बिहारी महतो की 100 वीं जयंती मनाई गई।कार्यक्रम मे उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्व. बिनोद बिहारी महतो अमर रहे के जोरदार नारों के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दिया। जयंती समारोह के बाद ग्राम हफुआ और तारवां बाराडीह में आजसू पार्टी की बैठक हुई।जिसमे दोनों गांव से महिला ग्राम प्रभारी और पुरुष ग्राम प्रभारी का चयन किया गया।ग्राम हफुआ से पुरुष ग्राम प्रभारी में राजेश महतो तथा महिला ग्राम प्रभारी के रूप में निशा देवी का चयन किया गया।वही ग्राम तारवां बाराडीह से महिला ग्राम प्रभारी के रूप में सुनीता कुमारी एवं किरण देवी तथा पुरुष ग्राम प्रभारी के रूप में प्रदीप कुमार एवं दिलीप महतो का चयन किया गया।चयनित सभी ग्राम प्रभारी ने पार्टी को मजबूत बनाने और पूरी ईमानदारी के साथ काम करने की बात कही।

## अशोक परियोजना के पिपरवार इकाई के डेढ़ दर्जन कर्मियों को मिला प्रमोशन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना के पिपरवार इकाई में कार्यरत करीब डेढ़ दर्जन सीसीएल कर्मियों को प्रमोशन देकर सम्मानित किया गया है। प्रमोशन से संबंधित आदेश पिपरवार के कार्मिक एंव प्रशासनिक विभाग के द्वारा जारी कर दिया गया है। शनिवार को पिपरवार परियोजना के कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।प्रमोशन पाने वाले कर्मियो में शिवनाथ महतो,धनी महतो,बिगन नोनिया,महेन्द्र उरांव,रंजीत कुमार,अजित कुमार सिंह, शंकर मुखर्जी,प्रदीप त्रिपाठी, रामनंदन सिंह,कामेश्वर मोची, फारूक मियां,रामबच्चन राम,राम प्रसाद महतो, अरविंद प्रसाद,राजेन्द्र कोल्ह, राजेन्द्र गंझु सहित अनसीसीएल कर्मियों के नाम शामिल है।प्रमोशन मिलने के बाद सीसीएल कर्मियों में खुशी की लहर देखी गई।

## राज्यकीय मध्य विद्यालय नवागढ़ में मनाया गया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्यकीय मध्य विद्यालय नवागढ़ में आज रामकृष्ण मिशन आश्रम रॉची के मार्गदर्शन में पिरामल फाउंडेशन के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया नवागढ़ भुवनेशवर बेदिया थे। सर्वप्रथम पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि विरीच्छान्दा ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र- छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इस लिए स्वच्छता का प्रचार -प्रसार गॉव टोला के प्रत्येक परिवार तक पहुँचा जरूरी है। और ये कार्य विद्यालय परिवार से अच्छा और कोई नहीं कर सकता है। इसके अलावा स्वास्थ्य उपकेन्द्र के सीएचओ ललीता कुमारी ने भी विद्यालय के छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया। प्रभात फेरी में विद्यालय का शिक्षकगण, मुखिया, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार हब के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रभात फेरी के पश्चात विद्यालय परिसर में फूल के पौधे भी लगाये गये। मौके पर विद्यालय के प्रधनाचार्य हरेकृष्ण चौधरी, दिनेश प्रसाद, शैलेश सिंह, जगन माझी, कैलाश शाही, भरत पाण्डेय, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार हब के प्रतिनिधि गम्भीर महतो, रोहीत शाही, पहलू बेदिया, सोनी कुमारी, उपस्थित थे।

## पारसनाथ उरावं ने की श्राद्ध कर्म के लिए मदद



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरावं ने बोंगाईबेड़ा पंचयात निवासी चमन देवी उम्र 65 साल पति स्वर्गीय रंगवा महतो की लम्बे समय से बीमारी के कारण विगत दिनों उनकी मृत्यु हो गई. जो तीन बच्चो को छोड़कर दुनिया को छोड़ चुकी है ,उनके असहाय परिवार को श्राद्ध कर्म हेतु आटा और चावल देकर मदद किया और उनके परिवार की सुख सुविधा की कामना की। इस बीच आजसू पार्टी पंचयात अध्यक्ष गणेश उराँव ,पंचयात प्रभारी सुरेंद्र महतो की अगुवाई में मृतक परिवार के घर जाकर मदत पहुचाये ।


### Office of The Executive Engineer
Planning & Investigation Division, Road Construction Department,Nirupan Bhawan, Third Floor, oranda, anchi-834002
Email id :- eercdpiranchi-jhr@nic.in

Letter No- 709 Dated -20.09.2023

**Notice Regarding Cancellation of Tender**

Due to unavoidable circumstances the Bid invited vide e-Tender Ref. No:- RCD/PI Div./Ranchi/19/2023-24 Dated- 29-08-2023 ( 1st Call) bearing PR No-[ 306190 Road(23-24)] having Work Name **"Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of High Level Bridge over Sone River Connecting Devrikala to Devipur Road including Detailed Land Acquisition Plan with ownership details, Forest Diversion Proposal, Resettlement and Rehabilitation Proposal etc. in the State of Jharkhand"** is here by cancelled with immediate effect.

Sd/-
Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 307639Road(23-24)#D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–प्रिया सिंह, उम्र–26 वर्ष, रंग–साँवली, उचाँई–5 फिट, उपरोक्त लापता महिला प्रिया सिंह पे0–शंकर सिंह स्थायी पता–ग्राम पुरनाडीह थाना–सिमडेगा जोकबहार झारखण्ड़ जो दिनांक–17.05.23 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई है। जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में गोन्दा थाना आर0–427 / 23 दिनांक–02.07.23 एवं गोन्दा थाना सनहा संख्या–11 / 2023 दिनांक–09.09.23,को दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती / दिखती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सदर, राँची, –94311 02090
पु0नि0सह–थाना प्रभारी गोन्दा, राँची। – 94317 06162

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 307652Police(23-24)#D

### जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 09/2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 03.10.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.10.2023 को 04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.10.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिकी की स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजना मद : SCA मद
8. कार्य का विवरण

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कुडू | ग्राम पण्डा में विकी साहु के खेत में सिंचाई हेतु डीप बोरिंग एवं पाईप लाईन निर्माण | 642700.00 | 1250.00 | 13000.00 | 02 (दो) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्त्ते जिला परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।
2. जिला परिषद लोहरदगा में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।
3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट **DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardaga** के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 307641Lohardaga(23-24)#D

### कार्यालय – जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार
बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार
ई मेल deolatehar1@gmail.com/rmsaltr@gmail.com

**आम – सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 4044 / 2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612 / 2022 के मामले में पारित न्यायादेश दिनांक 15.12.2022 के क्रमांक –4 एवं क्रमांक –5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या –21 / 2016 अन्तर्गत संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा –2016 (मुख्य) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर विषयवार चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा कार्यालय को प्राप्त है के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों का दिनांक 26.09.2023 को जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, स्थानीय, जाति, आधार एवं अन्य प्रमाण पत्रों की भौतिक जाँच की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विषय | नाम एवं अनुक्रमांक | प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | सोम्या शर्मा – 11129123337 एवं प्रीति प्रिया – 24111213902 | 26.09.2023 |
| | संस्कृत | मुकेश चन्द्र पाण्डेय – 22117208467 एवं नीरा कुमारी – 25112218778 | 26.09.2023 |

उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोश्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी प्रमाण पत्रों एव अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति तथा 02 सेट स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रांक :– 1242
दिनांक :– 23.09.2023

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लातेहार

PR 307648 (Human Resource Developement)23-24*D

### झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल विभाग
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्प कालीन निविदा सूचना
**PR No. 293481 का तृतीय आमंत्रण**
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या DWSD/Lohardaga/26/2022-23 दिनांक : 23.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम – Detailed survey, designing and drawing, Construction of Weir with allied works etc. all complete job for Arkosa and Adjoining villages Rural Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Lohardaga on turnkey basis." | |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 1253.79 लाख रूपये |
| 3 | अग्रधन की राशि | 12.54 लाख रूपये |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य | 0.10 लाख रूपये |
| 5 | कार्य पूरा करने की अवधि | 09 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.) |
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 26.09.2023, 03:30 बजे अपराह्न से |
| 7 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2023, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 8 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 05.10.2023, 03:30 बजे अपराह्न तक<br>1. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय<br>2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला का कार्यालय<br>3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची का कार्यालय |
| 9 | निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की तिथि एवं समय | 06.10.2023, 11:30 बजे पूर्वाह्न से |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 8084784990 |

नोटः वैसे सम्वेदक जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित नहीं है, वे भी निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु कार्यावंटन के 60 दिनों के अंदर पेयजल एवं स्वच्छता में समुचित श्रेणी में निबंधन करवा लेना अनिवार्य होगा। ऐसी स्थिति में उन्हे विभागीय पत्रांक 678(CDO) दिनांक 20.10.2012 के अनुसार इस आशय का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि राज्यान्तर्गत किसी भी थाने में उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है और वे निविदा के अन्य सभी शर्त्तों को पूरा करते हैं। प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 307654 Lohardaga(23-24).D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/05/2023-24
1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 03.10.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 04.10.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 04.10.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
   3. In the Office of Assistant Engineer, Subdivision No-01, Daltonganj.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of S.D.P.O Bishrampur Residence and Barrack at Irrigation Colony, Daltonganj, Palamu. | 1966600.00 | 39500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Construction of Confidential Office of S.D.P.O Sadar Cum A.S.P Palamu, Daltonganj. | 1090200.00 | 22000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 3. | Estimate For P.C.C Approach Road and Jungle Clearance In Commissioner Residence, Palamu From Confidential Office to Pond Area. At Daltonganj. | 1580300.00 | 32000.00 | 5000.00 | 01 Months |
| 4. | Construction of Washroom at Second Floor Of Civil Courte Building , Daltonganj , Palamu | 661600.00 | 13500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 5. | Construction of Public Toilets, Remaining Boundary Wall, Septic Tank and Paver Block Block Work at Padma in the Campus of Ayush Hospital Padma, Manatu, Palamu. | 2462600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 307622Building(23-24)#D

## निरमा समूह ने ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज में खरीदी 75 प्रतिशत हिस्सेदारी



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक सफल बोली में, निरमा ग्रुप ने ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड से लगभग 7,500 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज लिमिटेड की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक निश्चित समझौता किया है। ये करार क्लोजिंग एडजस्टमेंट्स (समापन समायोजन) के तहत है। निरमा सेबी विनियमों के अनुसार एक अनिवार्य ओपन ऑफर करेगी। यह अधिग्रहण कस्टमरी रेगुलेट्री अनुमतियों के तहत है। निरमा समूह की एडवाइजरी टीम में खेतान एंड कंपनी, केपीएमजी, बीसीजी, एशमैन और डीएएम कैपिटल शामिल थे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर हिरेन पटेल, प्रबंध निदेशक, निरमा लिमिटेड ने कहा कि निरमा 2006 से फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत है। हम इस सौदे को लेकर उत्साहित हैं और हमारा पूर्ण विश्वास के साथ मानना है कि यह हमारे फार्मास्युटिकल बिजनेस की ग्रोथ को अगले चरण में आगे बढ़ाने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। हमारा हालिया निवेश फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री के प्रति हमारे अटूट समर्पण का प्रमाण है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज का अधिग्रहण हमारी कंपनी के रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप है और निरमा को भारत में टॉप पांच इंडीपेंडेट एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडेंट (एपीआई) कंपनियों में से एक के रूप में स्थापित करता है।

## सीडीपीओ कार्यालय से विकलांग इम्तियाज को मिली बैसाखी



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार 23 सितंबर को अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के उप सचिव सद्दाम हुसैन ने इम्तियाज खान उर्फ बच्चू को सीडीपीओ कार्यालय से बैसाखी प्रदान करवाई ।उन्होंने कहा कि काफी दिनों से इम्तियाज़ खान टूटी बैसाखी में चल रहे थे। अंजुमन इस्लाम के उप सचिव मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने देखा की टूटी बैसाखी में चल रहे हैं तो उन्हें फौरन सीडीपीओ कार्यालय ले गए और एक नई बैसाखी उन्हें आवंटन करवा दिया। इस सराहनीय कार्य के लिए इम्तियाज़ खान ने अंजुमन के उप सचिव सद्दाम हुसैन और सीडीपीओ के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में जेसीआई का लाइफस्टाइल पहचान मेला आज से



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की महिलाओं द्वारा बिष्टुपुर तुलसी भवन में तीन दिवसीय लाइफस्टाइल पहचान मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन 24 से 26 सितम्बर तक होने जा रहा हैं, जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। मेला तीनों दिन सुबह 10 से रात 08.30 बजे तक चलेगा। मेला का विधिवत उदघाटन रविवार 24 सितम्बर की शाम को 04 बजे बतौर मुख्य अतिथि महिला विशेषज्ञ डा. अंजु बजरिया द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी मेला आयोजक क्रमशः कविता धूत, संगीता काबरा, बीना देबूका ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी मेला में कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार, पेंटिंग आदि के 52 स्टॉल लगाये गये हैं।

## घाघीडीह संप्रेक्षण गृह के किशोरों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** घाघीडीह संप्रेक्षण गृह में रहने वाले किशोरों को कुशल और दक्ष बनाने के उद्देश्य से व्यावसायिक प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। जिला प्रशासन और जिला बाल संरक्षण इकाई की पहल पर व्यावसायिक प्रशिक्षण की शुरूआत पेपर बैग, लिफाफा, फाइल मेकिंग से किया गया है, तीन माह की अवधि वाला यह प्रशिक्षण चिराग टेक्नीकल एंड कंप्यूटर एकेडमी (सीटीसीए) की ओर से दिया जाएगा। प्रशिक्षण के शुभारंभ सत्र के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संध्या रानी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी डॉ चंचल कुमारी, सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षक मदन कुमार पटेल, संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देखरेख रवि शास्त्री, सीटीसीए के संचालक व प्रशिक्षक दीपक कुमार श्रीवास्तव, गोपाल राव मौजूद रहे। बतौर मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी और डीसीपीओ डॉ चंचल कुमारी फाइल बनाने वाली मशीन का फीता काटकर उदघाटन किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संप्रेक्षण गृह में रह रहे किशारों का समुचित विकास करना और रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि बच्चे अंजाने में कुछ गलती कर इस जगह पर पहुंच जाते हैं, ऐसे में उनकी पढ़ाई छूट जाती है। उनका भटकाव न हो और वे संप्रेक्षण में रहने के दौरान समय का सदुपयोग कर सकें इसके लिए उनकी पढ़ाई के साथ स्वास्थ का भी ख्याल रखा जाता है। ये बच्चे किशोर संप्रेक्षण गृह से बाहर निकलने के बाद अपने साथ कुछ हुनर लेकर निकले, वे कुशल और दक्ष हो ताकि गलत काम में न जाकर कोई रोजगार व स्वरोजगार कर सके, इसलिए इस तरह के प्रशिक्षण की शुरूआत की गयी है। उन्होंने कहा कि पेपर बैग, फाइल मेकिंग प्रशिक्षण की सफलता को देखते हुए अन्य तरह के व्यावसायिक प्रशिक्षण कराने की दिशा में पहल की जाएगी। सीटीसीए के संचालक व प्रशिक्षक दीपक श्रीवास्तव ने पेपर बैग, फाइल, लिफाफा मेकिंग की जानकारी देते हुए बताया कि यह आज के समय में कितना जरूरी और उपयोगी है।

# जब जमशेदपुर एफसी मैदान पर उतरेगी तो हमारी ताकत देखेगी दुनिया : स्कॉट कूपर

### सोमवार को कोलकाता में जमशेदपुर सीजन की शुरुआत करेगी ईस्ट बंगाल के साथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आईएसएल 2023-24 सीजन से पहले जमशेदपुर एफसी का प्री-सीजन प्रदर्शन अच्छा रहा. सोमवार, 25 सितंबर को कोलकाता में जमशेदपुर के लिए सीजन की शुरुआत के साथ, जमशेदपुर एफसी के स्कॉट कॉपर ने यात्रा से पहले क्लब की मीडिया टीम के साथ बातचीत की. उन्होंने कहा प्री-सीजन अच्छा रहा, हमें सभी खिलाड़ियों के बारे में पता चला, सभी को एक साथ लाया गया. नए भारतीय खिलाड़ी, नए विदेशी खिलाड़ी, नया सिस्टन, नया नजरिया. इसलिए सब कुछ अच्छी तरह से एक साथ दिख रहा है. हम सीजन का इंतजार कर रहे हैं और



मुझे लगता है कि हम अच्छी लय में हैं. उन्होंने टीम के बारे में बताया कि हमारे पास मेहनती खिलाड़ियों का एक अच्छा समूह है और वे अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं. आप जानते हैं कि कुछ अच्छे कैरेक्टर और अच्छे लीडर होते हैं. हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका लक्ष्य सही तरीके से गेम बनाना है. कुल मिलाकर प्री सीजन अच्छा रहा है और मुझे उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे. पहला मैं कहूंगा कि टीम की एकता और ये बहुत महत्वपूर्ण है. दूसरा, मैं अब तक पिच पर जो देख रहा हूं, उससे मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ जबरदस्त प्रतिभा है जिसे फैंस और लीग जल्द ही देखेंगे, इसलिए उस पर नजर रखें. टीम की पिछले सीजन के रिजल्ट्स पर क्या सोच है के बारे में उन्होंने कहा ऐडी और टीम पिछले साल सिर्फ 10वें स्थान पर नहीं रहे, उन्होंने सीजन 10वें स्थान पर रहते हुए समाप्त किया, लेकिन उन्होंने सुपर कप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया. सेमीफाइनल तक पहुंचने में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा. पहला मैच घर से बाहर और फर्नेस में खेलने को लेकर अपका नजरिया क्या है? के बारे में कहा मुझे पहले घर से बाहर खेलने में कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि मैं हमेशा सोचता हूं कि पहले घर में खेलने को लेकर एक तरह का अप्रत्याशित दबाव होता है, यह वास्तव में कभी भी सामान्य खेल

## जिला को कचरा मुक्त बनाने के अभियान में करे सहयोग : डीडीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** उप विकास आयुक्त- सह- उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति मनीष कुमार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्य करने हेतु वीसी के माध्यम से समीक्षा की गई। जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल जमशेदपुर/ आदित्यपुर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रखण्ड समन्वयक/ सोशल मोबलाईजर एवं मुखिया वीसी से जुड़े द्व सभी मुखियागण को सभी गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सोक पिट, नाडेप इत्यादि के कार्य में तेजी लाते हुए एक सप्ताह के अंदर उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने का निर्देश दिया गया द्व साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह इसकी समीक्षा करने हेतु निदेशित किया ताकि सभी प्रखंड के सभी गांव को दिसंबर तक 5 स्टार घोषित किया जा सकता है। सभी मुखियागण को जिले में चल रहे 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम का थीम इस वर्ष कचरा मुक्त भारत रखा गया है। इसके अंतर्गत जिला, प्रखंड, गांव पंचायत एवं गाँव स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर गांव /पंचायत को कचड़ा मुक्त बनाना है। कचरा मुक्त अभियान के तहत ग्रामीणों को घरों से निकलने वाले तरल एवं सूखा कचरा के प्रबंधन प्लास्टिक वेस्ट के हानिकारक प्रभाव आदि के विषय में भी बताया जाना है।

## अंकित मेमोरियल ने हस्तकला प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर के ईतिवारी बाजार काली मंदिर के समीप के2 विवाह मंडप में ड्राइंग एवं क्राफ्ट के विनरों को नगद राशि एवं सर्टिफिकेट के साथ पुरस्कृत किया गया। 10 सितंबर को अंकित मेमोरियल हस्तकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका घोषणा 20 सितंबर को की गई थी। उन्हीं प्रतिभागियों को आज 23 सितंबर को पुरस्कृत करके नगद राशि एवं सर्टिफिकेट और तोहफा देकर सम्मानित किया गया। स्व.अंकित पांडे के पिता ए के पांडे ने बताया कि यह कार्यक्रम अंकित की याद में अंकित मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा ड्राइंग कंपटीशन और क्राफ्ट का आयोजन किया जाता है। अंकित के जन्म दिवस पर ही सुबह पौधारोपण और ड्राइंग कंपटीशन के प्रतिभागीयों को



पुरस्कृत करना और शाम में गरीब लाचारों को भोजन वितरण करने का कार्य किया जाता है। इस दौरान कार्यक्रम में में जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. नागेश्वर प्रधान ,शांति समिति के वरिष्ठ सदस्य अनवर खान चाचा,कवि रणविजय कुमार, समाजसेवी विनोद भगोरिया, शिक्षक नील अभिमन्यु, स्कूली बच्चे एवं बच्चों के अभिभावक एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लाभुकों ने डीलर पर 4 महीने का अनाज डकारने का लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के पारगामा के ग्रामीण लाभूकों ने किशुनडीह गांव निवासी डीलर बलभद्र मुर्मू के खिलाफ 4 महीने का अनाज आपूर्ति नहीं करने का आरोप लगाया है। पारगामा के डीलर शंकर चन्द्र महतो के मृत्यु के बाद किशुनडीह के डीलर बलभद्र मुर्मू को पारगामा के लाभूकों का अनाज आपूर्ति विभाग द्वारा आवंटन किया गया। लाभूकों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को भी लिखित आवेदन देकर डीलर द्वारा ठप्पा लगाने के बाद अनाज देने में बार बार डीलर के पास चक्कर लगाने के बाद अनाज मिलने का बात बताया गया है। आवेदन में 1 से ढाई किलो प्रति कार्ड अनाज काटकर देने का



आरोप लगाया गया है। वहीं शनिवार को ग्रामीणों ने पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव के उपस्थिति में बैठक कर 4 महिने का अनाज आपूर्ति करने का मांग किया है। अनाज एक सप्ताह के अंदर आपूर्ति नहीं करने की स्थिति में प्रखंड कार्यालय का घेराव करने का सहमति बनाया गया। वहीं पूर्व जिप उपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि डीलर के मृत्यु के बाद नये डीलर बलभद्र मुर्मू द्वारा दो महीने का ही अनाज आपूर्ति किया गया है।

## पं.दीनदयाल की जयंती पर जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ता होंगे सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आगामी 25 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती को विशेष बनाने की तैयारी में जुट गई है। इस अवसर पर संध्या 5 बजे पुर्वी विधानसभा स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन बर्मामाइंस मंडल अंतर्गत प्रेमनगर स्थित फुटबॉल मैदान में सुनिश्चित किया गया है। इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, विभिन्न मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में



भाजपा कार्यकर्ता समारोह का हिस्सा बनेंगे। समारोह के दौरान पार्टी की ओर से भारतीय जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनका आभार जताया जाएगा। वहीं, कार्यक्रम स्थल पर पौधारोपण भी किया जाएगा। उक्त जानकारी भाजपा जिला महामंत्री राकेश सिंह ने दी।

## वर्षों बाद बनेगी भुइयांसिनान-लायलम सड़क, डेढ़ दर्जन जर्जर सड़कों का होगा विशेष मरम्मती कार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के लगातार प्रयास और उनके द्वारा की गई अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में जर्जर हो चुकी करीब डेढ़ दर्जन सड़कों की विशेष मरम्मती का कार्य ग्रामीण विकास विभाग (आरडीडी ) से किया जाएगा। जिसकी स्वीकृति विभाग से मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया का कार्य भी पूरी कर ली गई है। बहुत जल्द सड़कों का शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ भी किया जाएगा। सड़कों की मरम्मत होने से इन जर्जर सड़कों पर गुजरने वाले राहगीरों को काफी राहत मिलेगी।

**इन सड़कों पर होगा कार्य**

डिमुडीह मोड़ से कमालडीह (बड़ाचिड़का) तक 6.80 किमी, पटमदा बस्ती से बांसतोला तक 2.45 किमी, बिरखाम पथ से पोकलाबेड़ा तक 4.95 किमी, पानियादा से डिगारडीह तक 3.60 किमी, बिरखाम से जोड़सा तक 1.60 किमी, पहाड़पुर से कुईयानी तक 5 किमी, माझीडीह (गोपालपुर) से बारुबेड़ा तक 2.55, बांसगड़ से मुकरुडीह तक 1.53 किमी, काटिन मुख्य सड़क से गोपालपुर बांधडीह तक 1.78 किमी, लायलम हाट मैदान से कोड़पाकल तक 2.10 किमी, चुड़दा से मुकरुडीह वाया लच्छीपुर तक 7.10 किमी, गोविंदपुर - आसनबनी-लुआवासा 5.10 किमी, नारगा से भुरसाघुटु तक 6.13 किमी, छोटाबांकी- गोविंदपुर 3.45 किमी, छोटा गोविंदपुर - रुहिडीह 2.17 किमी, छोटाबांकी से बेको तक 8 किमी, पटमदा पीडब्ल्यूडी रोड से रांगाटांड़ से काशीडीह वाया सुन्दरपुर तक 4 किमी, सुन्दरपुर तीन सिमाना से चौरा घाघरा पश्चिम बंगाल बॉर्डर तक 8.60 किमी एवं भुइयांसिनान डोरेन सिंह मुंडा चौक से लायलम तक 2.20 किमी पथ का विशेष मरम्मत कार्य शामिल हैं।

## आमबगान साकची के ट्रेड फेयर में उमड़ी भीड़

### भारी छूट का फायदा उठाकर हो रही जमकर खरीददारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आमबगान मैदान, साकची स्थित एक्सपो मेगा ट्रेड फेयर में रोजाना शहर समेत आसपास के लोग पहुंच रहे है और जमकर खरीदारी कर रहे। फेयर में कंज्युमर ड्यूरेबल्स के उत्पादों के अलावा महिंद्रा की गाड़ियां टोयोटा, फेयरडील हुंडई, जीप, सेट्रॉन, मारूति नेक्सा, मारूति एरिना, दुआ होंडा, रेनॉल्ट जैसी गाड़ियां के स्टॉल लगे हुए हैं इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए ग्रेट ईस्टर्न के द्वारा एलजी सैमसंग गोदरेज ओनिडा फिलिप्स जैसे ब्रांड पर अच्छे ऑफर दे रही है। टाटा सोलर एवं इंदिरा सोलर जैसे ब्रांड की सोलर कंपनी भी अपने स्टाल लगाई हुई है। ज्वेलरी से रिलेटेड लोग तनिष्क के स्टॉल और कुलदीप सन्स ज्वेलर्स के स्टॉल पर जाकर इंक्वारी कर सकते हैं। उपरोक्त सभी कम्पनीयाँ अपने उत्पादों पर आकर्षक छूट दे रही है। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांसिंग, सिंगिंग, फैशन



शो एवं लाइव बैंड की व्यवस्था भी रखी गई है। संचालक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि उपरोक्त स्टॉलों के अलावा ईरान, दुबई एवं अफगानिस्तान से आये दिल की बिमारी हटाने के लिए मशहुर असली जाफरान खजूर शहर चुलबूजे किसमिस अंजीर अखरोट बादाम खुमानी पिस्ता, लहसुन का अचार आंवले का मुरब्बा जैसी सेहत के लिए फायदेमंद उत्पाद यहां एक बेहतर कीमत पर उपलब्ध है।

## बीएनएमएच ने स्लीप डिसऑर्डर क्लिनिक किया शुरू

### प्रत्येक वयस्क के लिए 7 से 9 घंटे की पर्याप्त नींद लेना आवश्यक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (बीएनएमएच) जमशेदपुर ने स्लीप एपनिया, अनिद्रा, हाइपरसोमनिया, खर्राटे, पैरासोमनिया आदि सहित सभी प्रकार के नींद संबंधी विकारों से पीड़ित रोगियों के लिए स्लीप डिसऑर्डर क्लिनिक शुरू करने की घोषणा की है। इस मौके पर कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजी एंड स्लीप मेडिसिन डॉ. जगदीश लोहिया ने कहा कि प्रत्येक वयस्क के लिए 7 से 9 घंटे की पर्याप्त नींद लेना आवश्यक है। बार-बार नींद में व्यवधान के परिणामस्वरूप अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों तरह की स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि नींद संबंधी विकार किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता और समग्र स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। उनका प्रभावी ढंग से निदान और उपचार करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें विभिन्न न्यूरोलॉजिकल स्थितियों से जोड़ा जा



सकता है। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय अग्रवाल ने कहा कि स्लीप एपनिया से नींद के दौरान ऑक्सीजन के स्तर में व्यवधान हो सकता है, जिससे उच्च रक्तचाप, अतालता और हृदय रोगों का खतरा बढ़ सकता है। बीएनएमएच के फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि स्लीप डिसऑर्डर क्लिनिक जमशेदपुर के नागरिकों के लिए एक वरदान साबित होगा क्योंकि यह नींद की समस्याओं के लिए एक व्यापक समाधान प्रदान करेगा।

## प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक ने राष्ट्रपति से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी पर उचित कार्रवाई की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** संसद में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा बीएसपी के मुस्लिम सांसद दानिश अली को आपत्तिजनक धार्मिक गाली दी गई। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के द्वारा दिए गए टिप्पणी के विरोध में आज झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन के अनुसार कहा गया कि दानिश अली को सामने रखकर पूरे मुस्लिम धर्म और मुस्लिम समाज के बारे में अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी की गई , जिसमें बहुत ही घटिया दर्जे के शब्द



इस्तेमाल किए गए। यह बहुत ही निंदनीय और गैर संवैधानिक है। इस तरह के आपत्तिजनक बयान लगातार इनके नेताओं द्वारा दिए जाते रहते हैं परंतु केंद्र की भाजपा सरकार इस पर कोई संज्ञान नहीं लेती है। इस संसद की गरिमा और पवित्रता को उक्त भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने नष्ट करने का काम किया है। जिसपर लोकसभा अध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई करते हुए उनकी संसद सदस्यता को निरस्त करना चाहिए । ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की गई है कि वह इस पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए इन पर मुकदमा चलाने का आदेश देकर जेल का रास्ता दिखाना चाहिए ताकि संसद की गरिमा और मर्यादा बनी रह सके और भविष्य में कोई इस तरह का आपत्तिजनक बयान देने की हिम्मत ना कर सके। उक्त प्रतिनिधिमंडल में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव रईस रिजवी छब्बन, रियाजुद्दीन, मौलाना अंसार खान, जिला प्रोफेशनल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अफसर इमाम, सरवर आलम, आदिल खान, मोहम्मद समसी अहमद ,मोहम्मद अबू बकर,फरहाद बेगम आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## 20 सूत्री अध्यक्ष शक्तिपद महतो का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

### विधायक सविता महतो ने पार्टी व निजी स्तर पर अपूर्ण क्षति बताया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** कुकड़ू प्रखंड के वरिष्ठ झामुमो नेता सह 20 सूत्री अध्यक्ष शक्तिपद महतो का शनिवार दोपहर दो बजे के करीब रांची के रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। वही उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मालूम हो कि विगत दिनों उनका तबियत बिगड़ने से परिजनों ने बेहतर ईलाज के लिए टीएमएच अस्पताल मे भर्ती कराया था। जहां उनका 15



दिनों से अस्पताल के सीसीयु में चला और वे स्वस्थ होकर घर लौटे थे। शुक्रवार सुबह को उनका तबीयत फिर से बिगड़ने पर परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स में भर्ती कराया जहां इलाज के कारण में उनका निधन हो गया। वही उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक सविता महतो ने पार्टी व निजी स्तर पर अपूर्ण क्षति बताया।

## संपादकीय

# कनाडा में खालिस्तान

**खालिस्तान** समर्थक उग्रवादियों की पैरोकारी करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर जो बेहद गंभीर आरोप चस्पा किया है, उससे न केवल राजनयिक टकराव पैदा हुआ है, बल्कि भारतीय छात्रों और अनिवासी भारतीयों पर खतरे मंडराने लगे हैं। कनाडा ने हमारे एक वरिष्ठ राजनयिक को देश छोडऩे का आदेश दिया है, तो हमारे विदेश मंत्रालय ने भी कनाडाई राजनयिक को 'देशनिकाला' दे दिया है। यह लोकतांत्रिक और सहयोगी देशों के लिए सुखद स्थितियां नहीं हैं। भारत सरकार को अपने नागरिकों के लिए सतर्कता का परामर्श जारी करना पड़ा है। कनाडा भारतीयों, खासकर पंजाबियों के लिए, दूसरा घर रहा है, लेकिन अब खालिस्तानियों की निश्चित पनाहगाह भी बन गया है। कनाडा नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य-देश है, तो जी-20 समूह में भारत के साथ भी शामिल है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय संवाद किया था, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दूतावासों और मंदिरों पर खालिस्तानी उग्रवादियों के हमलों का मुद्दा उठाया था। कनाडाई प्रधानमंत्री को सचेत किया गया था कि भारत इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसके बावजूद प्रधानमंत्री ट्रूडो ने अपनी संसद में संगीन आरोप लगाए कि कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारतीय एजेंसियों ने कराई थी। उन्हें यह भी कहना पड़ा कि कनाडा भारत को उकसाना नहीं चाहता, लेकिन वह गंभीरता से इस पर सोचे। यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो की सोच खालिस्तान समर्थक नहीं थी, तो उन्होंने यह आरोप किन साक्ष्यों के आधार पर चस्पा किया? उन्होंने भारतीय राजनयिक को 'देशनिकाला' क्यों दिया? उनके देश में खालिस्तान समर्थक उग्रवादी सरेआम सक्रिय क्यों हैं? क्या कनाडा ही खालिस्तान बन गया है? भारतीय हिंदू छात्रों और अनिवासी भारतीयों को कनाडा छोड़ कर चले जाने की धमकियां क्यों दी जा रही हैं? क्या खालिस्तानी गुरपतवंत पन्नू अब तय करेगा कि कनाडा में कौन बसेगा और किसे देश छोड़ देना चाहिए? ट्रूडो बताएं कि ऐसा क्यों है? क्या 2.30 लाख छात्रों और करीब 7 लाख अनिवासी भारतीयों के प्रति कनाडाई प्रधानमंत्री की कोई जवाबदेही और जिम्मेदारी नहीं है? यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों में जरा-सा भी तथ्य होता, तो अमरीका समेत यूरोपीय देश उनके आरोप का समर्थन करते और भारत पर दबाव बनाते। हालांकि पश्चिमी देश छोटे-मोटे मुद्दों पर ही भारत का पांव दबाने लगते हैं, लेकिन कारोबार, बाजार और रणनीतिक साझेदारी के मद्देनजर भारत के ही मुखापेक्षी रहे हैं। बहरहाल कनाडा के वरिष्ठ पत्रकार और भारतवंशी लोग लगातार आग्रह कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री ट्रूडो को साक्ष्यों के आधार पर बात करनी चाहिए। अमरीका समेत कुछ देश भी तथ्यों के आधार पर जांच की मुखर मांग करने लगे हैं। यदि ट्रूडो खालिस्तान के इतने वैचारिक, सामाजिक, राजनीतिक हमदर्द हैं, तो कनाडा में ही 'खालिस्तान' बसा सकते हैं। कनाडा में व्यापक भूभाग हैं, जहां खालिस्तान बसाया जा सकता है। कनाडा में सिख, हिंदू और मिश्रित भारतीयों की आबादी खूब है। कनाडा की अर्थव्यवस्था के आधार ही भारतीय हैं। भारत के साथ हजारों करोड़ रुपए का कनाडा व्यापार करता है, लेकिन ट्रूडो ध्यान रखें कि खालिस्तान की पैरोकारी 'आत्मघाती' साबित हो सकती है, क्योंकि यह उग्रवाद और अलगाववाद, अंततः, आतंकवाद ही है और कनाडाई प्रधानमंत्री ने वैश्विक संगठनों के घोषणा पत्रों पर हस्ताक्षर भी किए हैं, जिनमें आतंकवाद का मुद्दा भी शामिल रहा है। सवाल यह भी है कि क्या प्रधानमंत्री ट्रूडो को अपनी 'अल्पमत सत्ता' बचाने को खालिस्तानियों की पैरोकारी करनी पड़ रही है? दरअसल उन्हें खालिस्तान समर्थक राजनीतिक दल के 24 सांसदों का समर्थन हासिल है, जिसके आधार पर उनकी सरकार का बहुमत बनता है और वह कनाडा के प्रधानमंत्री बने हुए हैं। यह भी गौरतलब है कि भारत ने कभी भी, किसी भी देश की, संप्रभुता में न तो हस्तक्षेप किया और न ही पहला हमला किया। यदि भारत देशद्रोहियों, दुश्मनों और आतंकियों के खिलाफ सख्ती करता है अथवा उनकी हत्या भी कर देता है, तो ऐसी कार्रवाई में गलत क्या है? क्या अमरीका, चीन, रूस और इजरायल ने अपने देश के दुश्मनों को, अपनी सीमाओं के बाहर जाकर, नहीं मारा? चीन ने कनाडा में ही अपने आलोचकों की हत्या की है, तब ट्रूडो की जुबान क्यों चिपक कर रह गई? ध्यान रहे कि भारत किसी भी देश में अपने खिलाफ हिंसक हरकतों को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।


कनाडा ने हमारे एक वरिष्ठ राजनयिक को देश छोडऩे का आदेश दिया है, तो हमारे विदेश मंत्रालय ने भी कनाडाई राजनयिक को 'देशनिकाला' दे दिया है। यह लोकतांत्रिक और सहयोगी देशों के लिए सुखद स्थितियां नहीं हैं। भारत सरकार को अपने नागरिकों के लिए सतर्कता का परामर्श जारी करना पड़ा है। कनाडा भारतीयों, खासकर पंजाबियों के लिए, दूसरा घर रहा है, लेकिन अब खालिस्तानियों की निश्चित पनाहगाह भी बन गया है। कनाडा नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य-देश है, तो जी-20 समूह में भारत के साथ भी शामिल है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय संवाद किया था, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दूतावासों और मंदिरों पर खालिस्तानी उग्रवादियों के हमलों का मुद्दा उठाया था। कनाडाई प्रधानमंत्री को सचेत किया गया था कि भारत इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसके बावजूद प्रधानमंत्री ट्रूडो ने अपनी संसद में संगीन आरोप लगाए कि कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारतीय एजेंसियों ने कराई थी। उन्हें यह भी कहना पड़ा कि कनाडा भारत को उकसाना नहीं चाहता, लेकिन वह गंभीरता से इस पर सोचे। यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो की सोच खालिस्तान समर्थक नहीं थी, तो उन्होंने यह आरोप किन साक्ष्यों के आधार पर चस्पा किया? उन्होंने भारतीय राजनयिक को 'देशनिकाला' क्यों दिया? उनके देश में खालिस्तान समर्थक उग्रवादी सरेआम सक्रिय क्यों हैं? क्या कनाडा ही खालिस्तान बन गया है? भारतीय हिंदू छात्रों और अनिवासी भारतीयों को कनाडा छोड़ कर चले जाने की धमकियां क्यों दी जा रही हैं।


## कुछ अलग

# रैगिंग की रोटेशन

**शिक्षा** की जमीन पर भी आई यह आपदा, उसकी पलकों पर भविष्य की निगरानी भटक गई। जिन्हें पढक़र अपनी और देश की बुनियाद मजबूत करनी, वे संस्थान की रोशनी में अंधेरों को बुलारहे हैं। रैगिंग की रोटेशन में बदनाम होते शिक्षण संस्थानों की फेहरिस्त जिस तरह लंबी हो रही है, उससे शिक्षा के स्तर और अध्ययन का सफर कहीं बाधित है। आईआईटी मंडी और नेरचौक मेडिकल कालेज के बाद टांडा मेडिकल कालेज के बागीचे में रैगिंग के दस्तावेज सड़ रहे हैं। एक बार फिर काचरू रैगिंग मामले के जख्म टीएमसी परिसर में कुरेद दिए गए। चौदह साल पहले अमन काचरू प्रकरण में बदनाम हुए परिसर के भीतर पुनः आठ सीनियर प्रशिक्षुओं ने भावी डाक्टरों के साथ न केवल अमानवीय व्यवहार किया, बल्कि अपने प्रोफेशन की धज्जियां भी उड़ा दीं। दरअसल मामला असाइनमेंट से भी जुड़ा है, जहां वरिष्ठ हो चुके छात्र अपने जूनियर को उनका काम निपटाने का दबाव डालते हुए इस नौबत तक पहुंच गए कि इनकार के लिए रैगिंग हथियार बन गया। कुछ प्रशासनिक लीपा पोती के बीच जिस तरह आईआईटी और नेरचौक एमसी की खबर सुस्ता गई, उसी तरह टीएमसी के आरोपी छात्र भी इस कृत्य से बरी हो जाएंगे, लेकिन ऐसी हरकतों से यह तो साबित हो रहा है कि हिमाचल में उच्च शिक्षा या प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के अध्ययन की परिपाटी कितनी लचर व आवारा हो चुकी है। यही आवारगी कल ऐसे डाक्टरों के सुपुर्द अस्पतालों की कार्यशैली को कर देगी। आवारगी का यही दस्तूर लज्जाजनक तरीके से पूरे विभाग की नाक काटने के लिए काफी है। मामला आज अगर टीएमसी का है, तो कल इसी प्रवृत्ति से निकल कर बीमारों और तीमारदारों से अभद्रता और उपेक्षापूर्ण व्यवहार तक पहुंच जाएगा। एक के बाद एक रैगिंग के मामलों ने छात्रों की प्रोफेशनल सोच पर सवालिया निशान चस्पां कर दिया है। प्रश्नों की सूची तो इन कालेजों के फ्रेम में भी नजर आ रही है और संस्थानों के प्रबंधन की ओर भी इशारा कर रही है। आईआईटी मंडी यूं तो अपनी प्रतिष्ठा व रैगिंग में हिमाचल के तमाम संस्थानों में सबसे ऊपर है, लेकिन रैगिंग के पेंच ने बदनामी का एक बड़ा कारण इसे भी सौंप दिया।

## 33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधान मंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए

# महिला आरक्षणः नारी शक्ति का अभिनंदन

प्रमोद भार्गव

**भारतीय** परंपरा में किसी नए भवन में स्त्री का प्रवेश शुभ माना जाता है। इसी दृष्टिकोण के चलते संसद के नए भवन में पहला पग महिलाओं के सम्मान में उठा है। केंद्र सरकार ने गणेश चतुर्थी के दिन इस शुभ पहल को करके देष की आधी आबादी का अभिनंदन किया है। लोकसभा में 27 साल से लंबित 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' नाम से महिला आरक्षण संबंधी विधेयक पेश कर दिया। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत हो जाएगी। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। इन सीटों पर महिला प्रत्याषी ही चुनाव लड़ सकेंगी। फिलहाल इस आरक्षण की सुविधा 15 वर्श के लिए होगी, लेकिन मांग के अनुसार इसे बढ़ाया भी जा सकता है। इसी साल पांच राज्य विधानसभाओं के अलावा मई 2024 में लोकसभा के चुनाव भी होने हैं। इसलिए नारी सषक्तिकरण के इस उपाय को महिला मतदाताओं के धुरवीकरण के साधन के रूप में भी देखा जा रहा है। देष में इस समय करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं। हालांकि यह विधेयक दोनों सदनों से पारित हो भी जाता है तब भी इसे नई जनगणना और नए परिसीमन के बाद 2026 से लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसलिए कालांतर में होने वाले चुनावों में इसे अमल में तो नहीं लाया जा सकेगा, लेकिन भाजपा के लिए महिला मतदाताओं को आकर्षित करने का काम यह विधेयक अवश्य कर जाएगा। इसके कानून बनते ही ऐसे कई दोहरे चरित्र के चेहरे हाशिये पर चले जाएंगे, जो पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, गाहे-बगाहे बीते 27 साल से गतिरोध पैदा किए हुए थे। महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रारूप संयुक्त मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान गीता मुखर्जी ने तैयार किया था। लेकिन अक्सर इस विधेयक को लोकसभा सत्र के दौरान अंतिम दिनों में पटल पर रखा गया। इससे यह संदेह हमेषा बना रहा कि एचडी देवगौड़ा, इन्द्रकुमार गुजराल और अटलबिहारी वाजपेयी सरकारें गठबंधन के दबाव और राजनीतिक असहमतियों के चलते ठोस इच्छा षक्ति नहीं जता पाई थीं। हालांकि 9 मार्च 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने जरूर इस विधेयक को राज्यसभा में पेष कर पास करा



लिया था, लेकिन मनमोहन सिंह इसे लोकसभा से पारित नहीं करा पाए थे। जबकि उनके पास लोकसभा में स्पश्ट बहुमत था। इस सरकार को अपने ही सहयोगी दलों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। सहयोगी गठबंधन के सांसदों ने पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, इस विधेयक को अटका दिया था। यहां तक की समर्थक दलों ने कांग्रेस को समर्थन वापसी की धमकी भी दे दी थी। हालांकि प्रजातंत्र में तार्किक असहमतियां, संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों को मजबूत करने का काम करती हैं, लेकिन असहमतियां जब मुट्ठीभर सांसदों की अतार्किक हठधर्मिता का पर्याय बन जाएं तो ये संसद की गरिमा और सदन की शक्ति को ठेंगा दिखाने वाली साबित होती हैं। उस समय विधेयक से असहमत दलों की प्रमुख मांग थी, '33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधान मंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए।' जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को लाभ कैसे संभव है ? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है ? आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की सरकारों ने सच्चर व रंगनाथ मिश्र आयोग की सिफारिशों को आधार मानते हुए मुसलमान व ईसाईयों को नौकरियों में धर्म आधारित आरक्षण की व्यवस्था की थी, लेकिन न्यायालयों ने इन्हें संविधान-विरोधी फैसला जताकर खारिज कर दिया था। दरअसल इस कानून के वजूद में आ जाने के बाद अस्तित्व का संकट उन काडरविहीन दलों को है, जो व्यक्ति और जाति आधारित दल हैं। इसी कारण लालू, मुलायम और शरद यादव इस बिल के विरोध में दृढ़ता से खडे.हो गए थे। उत्तर प्रदेश और बिहार में जातियता के बूते क्रियाशील इन यादवों की तिकड़ी का दावा रहता है कि इस अलोकतांत्रिक विधेयक के पास होने के बाद पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के लिए जम्हूरियत के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। जबकि इनकी वास्तविक चिंता यह नहीं है ? दरअसल 33 फीसदी आरक्षण के बाद बाहुबलि बने पिछड़े वर्ग के आलाकमानों का लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक आधार तो सिमटेगा ही, सदनों में संख्याबल की दृष्टि से भी इन दलों की ताकत घट जाएगी। अन्यथा ये सियासी दल वाकई उदार और पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के ईमानदारी से हिमायती हैं, तो सभी आरक्षित सीटों पर इन्हीं वर्गों से जुड़ी महिलाओं को उम्मीदवार बना सकते हैं ? बल्कि अनारक्षित सीटों का भी इन्हें प्रतिनिधित्व सौंप सकते हैं ? दरअसल इन कुटिल राजनीतिज्ञों के दिखाने और खाने दांत अलग-अलग हैं। गोया तय है कि अल्पसंख्यकों की बेहतर नुमाइंदगी की वकालात के इनके दावे थोथे हैं। इन दलों का दोहरा चरित्र इस बात से भी जाहिर होता रहा है कि जब देश की पंचायती राज्य व्यवस्था में महिलाओं का 33 फीसदी से 50 फीसदी आरक्षण बढ़ाने का विधेयक लाया गया था तब ये सभी दल एक राय थे। यही नहीं जब नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण का विधेयक लाया गया था, तब भी इन दलों की सहमति बनी रही। लेकिन जब लोकसभा व विधानसभा की बारी आती है तो यही दल गतिरोध पैदा करने लग जाते हैं। क्योंकि यह विधेयक कानूनी स्वरूप ले लेता है तो इनके निजी राजनैतिक हित प्रभावित होंगे। इनका लोकसभा और विधानसभा में पुरूशवादी वर्चस्व का दायरा 33 फीसदी घट जाएगा। राजनेताओं के लिए यह विधेयक इसलिए भी वजूद का संकट है, क्योंकि जिन लोक व विधानसभा क्षेत्रों से ये लोग लगातार विजयश्री हासिल करते चले आ रहे हैं, वह क्षेत्र यदि महिला आरक्षण के दायरे में आ गया तो इन्हें चुनाव लड़ना भी मुश्किल हो जाएगा ? तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी ने भी मुस्लिम समुदाय को बरगलाए रखने के नजरिये से इस विधेयक का विरोध किया था। भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे नेता भी इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं, जिनके लिए सांसद अथवा विधायक के रूप में लोकसेवक बने रहना, सुरक्षा कवच का काम करता है।


केंद्र सरकार ने गणेश चतुर्थी के दिन इस शुभ पहल को करके देष की आधी आबादी का अभिनंदन किया है। लोकसभा में 27 साल से लंबित 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' नाम से महिला आरक्षण संबंधी विधेयक पेश कर दिया। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत हो जाएगी। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो जाएंगी।


# स्वयं सहायता समूह से आत्मनिर्भर बनती महिलाएं

**देश** की नई संसद भवन ने नारी शक्ति को नमन करते हुए सबसे पहले महिला आरक्षण बिल को पास किया है। दरअसल महिलाओं विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आज़ादी के बाद से ही कई प्रकार की योजनाएं संचालित की जाती रही हैं। इसमें स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की परिकल्पना ने धरातल पर महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया है। इसके माध्यम से महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में बहुत सहायता मिली है। यही कारण है कि देश के तमाम राज्यों में स्वयं सहायता समूह संचालित किये जा रहे हैं। जिससे जुड़कर महिलाएं आर्थिक रुप से स्वावलंबी बन रही हैं और अपने परिवार और बच्चों का भविष्य संवार रही हैं। आमतौर पर इन समूहों में सदस्यों की संख्या 10 से 20 तक होती है। मार्च 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार देश भर में करीब 118.3 लाख समूह संचालित हो रहे हैं, जिसने करीब 14.2 करोड़ ग्रामीण परिवारों को सशक्त किया है। ख़ास बात यह है कि सरकार इन समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए अनुदान और वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। सरकार ने समूहों से जुड़ी सभी महिलाओं की वा[illegible] आय को वर्ष 2024 तक एक लाख रुपए तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के गठन और अन्[illegible] सहायता के लिए राष्ट्रीय ग्रामी[illegible] आजीविका मिशन के तहत संसाधन [illegible] मुहैया कराये जाते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाना, स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराकर शहरों होने वाले पलायन को रोकना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना प्रमुख लक्ष्य रहा है। जिसका धरातल पर सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। राजस्थान के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह संचालित किये जा रहे हैं। इसमें बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का बिंझरवाड़ी गांव भी शामिल है। जहां सफलतापूर्वक स्वयं सहायता समूह संचालित की जा रही है। इसमें गांव के गरीब परिवारों को जहां आर्थिक सहायता मिल रही है वहीं गांव के हर परिवार का भी विकास हो रहा है। माना जाता है कि गांव 600 साल पुराना है और सबसे पहले इस गांव में बिंजर जाति के लोग आबाद हुए थे। जिसके कारण इस गांव का नाम बिंझरवाड़ी हो गया है। गांव के 33 वर्षीय मुनि राम का कहना है कि भले ही यह गांव अनुसूचित जाति बिंजर समुदाय के नाम से आबाद हुआ है। लेकिन गांव में अलग अलग जातियों के लोग भी आबाद हैं। इनमें 40 घर ब्राह्मण जाति के, 50 राजपूत समुदाय के, 200 घर मेघवाल समुदाय के हैं। जबकि बिंजर समुदाय के 400 परिवार आबाद हैं। विभिन्न समुदायों की महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह का गठन कर रखा है। जिससे उन्हें आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। गांव की महिलाओं ने इंदिरा गांधी स्वयं सहायता समूह और लक्ष्मी बाई समूह जैसे नामों से कई समूह बनाए हैं। प्रत्येक समूह में 10 से 20 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। गांव के ही एक स्थान पर हर महीने की 10 तारीख को दोपहर 12 बजे से 2 तक समूह की सभी महिलाएं मीटिंग करती हैं। जहां न केवल समूह से जुड़े कामकाज पर चर्चा होती है और आगे की रणनीति बनाई जाती है, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की जाती है। इसमें महिलाएं अपने पारिवारिक जीवन में आने वाली चुनौतियों को भी रखती हैं, जिस पर सभी महिलाएं मिलकर चर्चा के माध्यम से सामूहिक रूप से हल निकालने का प्रयास करती हैं। इस प्रकार यह मीटिंग न केवल काम तक सीमित होता है बल्कि आने वाली कठिनाइयों से पार पाने का भी सरल माध्यम बन जाता है। यह महिलाएं आपस में ही समूह के नियमों का सख्ती से पालन करती हैं। यही कारण है कि जो महिला मीटिंग में देरी से पहुंचती है तो उसे 5 रुपए पेनल्टी देनी पड़ती है और जो महिला बिना कारण मीटिंग से अनुपस्थित रहती है, उसे 10 रुपए पेनल्टी के रूप में भरनी पड़ती है, [illegible]ाथ ही उनके न आने के कारणों को एक [illegible]री में नोट की जाती है। समूह द्वारा अर्जित [illegible] गई बचत राशि को महिलाएं [illegible]ावश्यकता अनुसार खर्च करती हैं। जिस महिला को पारिवारिक कारणों से पैसों की ज़रूरत होती है, उसे इसके द्वारा काफी मदद मिलती है। इस संबंध में समूह की एक कार्यकर्ता 45 वर्षीय कृष्णा का कहना है कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से न केवल महिलाएं सशक्त हो रही हैं बल्कि उनके द्वारा गांव के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। समूह के जरिए गांव के 400 घरो में शौचालय बनवाए गए हैं और बालिकाओं के शैक्षणिक विकास के लिए भी राशि खर्च की गई है। इसके अतिरिक्त बालिकाओं के विकास के लिए और उन्हें 10वीं तथा 12वीं कक्षा की तैयारी के लिए भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। ऐसे अनेक सहयोग किए गए हैं जिससे ग्रामीण गरीब परिवार को आर्थिक सहायता मिले और उनके बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार का रुकावट न आये। इसके अलावा महिलाओं ने इस स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी समय समय पर आवाज़ें उठाई हैं। सरकार की ओर से भी स्वयं सहायता समूह को मज़बूत और सशक्त बनाने के लिए समय समय पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। समूह के गठन के तीन महीना पूरा होने के बाद उसे धनराशि प्रदान की जाने लगती है। वहीं जो महिलाएं रोजगार करना चाहती है उन्हें बैंक से आसान किस्तों पर 50000 से 110000 तक का ऋण भी दिया जाता है। राजस्थान सरकार की ओर से भी 2023-24 के बजट में महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 5 लाख नए परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है।





मार्च 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार देश भर में करीब 118 .3 लाख समूह संचालित हो रहे हैं, जिसने करीब 14 .2 करोड़ ग्रामीण परिवारों को सशक्त किया है। ख़ास बात यह है कि सरकार इन समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए अनुदान और वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। सरकार ने समूहों से जुड़ी सभी महिलाओं की वार्षिक आय को वर्ष 2024 तक एक लाख रुपए तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के गठन और अन्य सहायता के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संसाधन भी मुहैया कराये जाते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर शहरों होने वाले पलायन को रोकना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना प्रमुख लक्ष्य रहा है। जिसका धरातल पर सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है।


## दृष्टिकोण

# सिंथेटिक ट्रैक्स को सैरगाह मत बनाओ

**हिमाचल** प्रदेश में बहुत धन व श्रम खर्च करके एथलेटिक्स के लिए विश्वस्तरीय प्ले फील्ड उपलब्ध है, मगर प्रशासन की खेलों के प्रति बेरुखी व अज्ञानता के कारण सब बरबाद होता जा रहा है। राज्य में तीन जगह सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं, मगर उन पर कहीं तो पार्क की तरह लोग सैर कर रहे हैं और कहीं पर जिला खेल अधिकारी व उपायुक्त ने फौज के हवाले कर कई दिनों के लिए भर्ती की स्वीकृति दे दी है। सोचो, राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले हिमाचल के एथलीट पंद्रह दिन कहां ट्रेनिंग करेंगे। हिमाचल प्रदेश में खेल के साथ इस तरह की बदतमीजी आम बात हो गई है। करोड़ों रुपयों से बने सिंथेटिक ट्रैकों को हिमाचल प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारी बरबाद करने पर क्यों आमादा हैं? क्या हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री व खेल मंत्री इस बात का संज्ञान लेंगे ताकि इन अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को बचाया जा सके। प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा-महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाए गए चंद, मगर बेहतरीन मैदान चंबा, मंडी, नादौन, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहडू, रामपुर, सोलन, चैल व नाहन आदि जगहों पर थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों-उत्सवों व राजनीतिक रैलियों से बचे समय में चलती रही हैं। इन पुराने व ऐतिहासिक मैदानों का हाल कुछ ठीक नहीं है। कहीं अतिक्रमण व कहीं पर अव्यवस्था का बोलबाला साफ नजर आता है। वैसे तो हिमाचल प्रदेश की तरक्की में विभिन्न सरकारों का योगदान रहा है, मगर हिमाचल प्रदेश में पहली बार नई सदी के शुरुआती वर्षों में प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल की सरकार ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल ढांचे को खड़ा करने की शुरुआत की और आज हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड एथलेटिक्स, क्रिकेट, हॉकी, तैराकी व इंडोर खेलों के लिए उपलब्ध है। क्रिकेट में अनुराग ठाकुर के प्रयासों ने हिमाचल प्रदेश को क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर लाकर खड़ा कर दिया है जो काबिले-तारीफ है। बिलासपुर के लुहणू का खेल परिसर पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल के प्रयत्नों से सामने आया है। एथलेटिक्स सभी खेलों की जननी है। इसी से सब खेल निकले हैं और इसके प्रशिक्षण के बिना किसी खेल में दक्षता नहीं मिल सकती है। हिमाचल प्रदेश में आज हमीरपुर, बिलासपुर व धर्मशाला में तीन सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं। शिलारू के साई सैंटर में दो सौ मीटर का प्रैक्टिस ट्रैक बन कर तैयार है। सरस्वतीनगर में काम हो रहा है। किसी-किसी राज्य के पास अभी तक एक भी ट्रैक नहीं है। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर व धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैकों पर लोग टहलते नजर आते हैं। भर्ती के लिए बाहर कच्चे पर केवल ट्रायल के लिए स्वीकृत किया जा सकता है। शेष ट्रेनिंग बाहर के अन्य मैदानों व सडक़ों पर हो सकती है। सिंथेटिक ट्रैक पार्क बन चुके हैं।

## देश दुनीया से

# कनाडा की घरेलू राजनीति और भारत

**पिछले** दिनों कनाडा और भारत के संबंधों में तलखी आई है। वैसे विश्व राजनीति में कनाडा की कोई विशेष महत्ता नहीं है। लेकिन भारत और कनाडा के संबंध बहुत पुराने हैं, इसलिए यह तलखी चिन्ताजनक कही जा सकती है। कनाडा में इस समय लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा (एलपीसी) की सरकार है। वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो हैं। लेकिन लिबरल पार्टी के पास सरकार चलाने के लिए पूर्ण बहुमत नहीं है। उसे एक दूसरे राजनीतिक दल न्यू डैमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ता है। एनडीपी के अध्यक्ष जगमीत सिंह हैं, जो कभी भारत से ही कनाडा गए थे और बाद में वहीं के नागरिक बन गए। एनडीपी के अतिरिक्त ट्रूडो की अपनी पार्टी एलपीसी में भी पंजाबी मूल के कुछ सदस्य हैं। भारत विरोधी शक्तियां पिछले कुछ सालों से पंजाबियों में से कुछ लोगों को भारत के विरोध में अपने लक्ष्य के लिए संगठित कर रही हैं। कनाडा में भी ये प्रयास कुछ दशकों से चल रहे थे। कनाडा के कुछ राजनीतिक दल भी अपने स्थानीय राजनीतिक हितों के लिए इससे जुड़ गए। एलपीसी का नाम भी उन्हीं राजनीतिक दलों में आता है। कम से कम इस पार्टी पर नियंत्रण रखने वाले कुछ नेता तो जुड़ गए ही थे। इसके संकेत 1985 में एयर इंडिया जहाज को कनाडा के कुछ नागरिकों द्वारा बम से उड़ा दिए जाने के समय से ही मिलने शुरू हो गए थे। इसमें भारतीय मूल के कनाडा के सैकड़ों नागरिक मारे गए थे। लेकिन उस समय के कनाडाई प्रधानमंत्री पीअरे ट्रूडो जहाज को बम से उड़ाने वाले अपराधियों को सजा दिलवाने के बजाय उनको बचाने में ज्यादा रुचि ले रहे थे। यहां यह जानना रुचिकर होगा कि जस्टिन ट्रूडो उसी पीअरे ट्रूडो के पुत्र हैं। ट्रूडो परिवार ने कनाडा की राजनीति में उन दिनों से ही अपनी प्राथमिकताएं तय कर ली थीं। यदि ज्यादा गहराई से विचार किया जाए तो ट्रूडो की पार्टी का वैचारिक आधार कल्चरल माक्र्सवाद कहा जा सकता है। कल्चरल माक्र्सवाद स्थापित सामाजिक मूल्यों, संस्थाओं को समाप्त करना और अराजकता पैदा करना होता है। अराजकता से उत्पन्न शून्य में नए मूल्य रचना होता है। इटली के एक माक्र्सवादी चिन्तक एन्टोनी ग्रामकी ने यह सिद्धान्त अपने बन्दी काल में 1935 के आसपास स्थापित किया था। ग्रामकी का कहना था कि कार्ल माक्र्स का यह सिद्धान्त कि दुनिया भर में मजदूर क्रांति करेंगे, ठीक नहीं है। यदि ऐसा होता तो रूस में 1917 की क्रान्ति के बाद दुनिया भर में क्रान्ति फैलनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ग्रामकी का मानना था कि रूस में भी क्रान्ति मजदूरों ने नहीं की थी। रूस में तो उस समय उद्योग नाम मात्र ही थे। वहां का समाज तो कृषि आधारित था। ग्रामकी की स्थापना थी कि रूस में लेनिन ने प्रोफेशनल क्रान्तिकारियों की सहायता से सत्ता परिवर्तन किया था जिसे मजदूरों की क्रान्ति कह कर प्रचारित कर दिया गया। यही कारण था कि क्रान्ति का यह रथ वहीं रुक गया था। ग्रामकी का कहना था कि क्रान्ति तो बुद्धिजीवी करते हैं। क्रान्ति के लिए पहले से स्थापित संस्कृति और जीवन मूल्यों को नष्ट करना होता है। यह इतना आसान नहीं होता। इसे विश्वविद्यालयों में बुद्धिजीवी ही कर सकते हैं। स्थापित संस्कृति और मूल्यों में परिवार सबसे पुरानी संस्था है। यदि परिवार समाप्त कर दिया जाए तो समाज में अराजकता फैल सकती है। लेकिन 2016 के बाद कल्चरल माक्र्सवाद के पैरोकार उससे भी आगे बढ़ गए। उनका कहना है कि पिछड़ेपन की सबसे बड़ी निशानी लिंग या जैंडर है। मैं पुरुष हूं या स्त्री, इसका निर्धारण करने का अधिकार केवल मुझे है।

सोवियत संघ के पतन के बाद ग्रामकी का यह सिद्धांत अमेरिका के विश्वविद्यालयों में पुन: प्रकट होने लगा। लेकिन कल्चरल माक्र्सवाद के पैरोकारों को लगता है भारत इस क्रांति के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा है। यह सनातन राष्ट्र हजारों सालों के झंझावातों को झेलता हुआ भी अपनी आत्मा या चिति को बचाए हुए है। यह गतिशील भी है और सनातन भी है। इसलिए जब तक भारत को विखंडित नहीं किया जाता, तब तक कल्चरल माक्र्सवाद का यह रथ दलदल से बाहर नहीं निकल सकेगा। शायद हमारे अपने उच्चतम न्यायालय में भी यह बहस शुरू हो गई है कि किसी के लिंग का निर्धारण करने का अधिकार किसी दूसरे को नहीं है। प्रोफेशनल आंदोलनकारियों की सहायता से भारत में अराजकता फैलाने का काम कुछ साल पहले अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शुरू किया था।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में पेयजल व स्वच्छता विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्रोतों की स्थिति, भूमिगत जलस्तर की स्थिति, चापाकलों की स्थिति, चापाकलों की मरम्मति इत्यादि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत ÷हर घर नल जल÷ योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा कर योजनाओं के प्रगति के बारे संवेदकों से जानकारी लिया द्य उन्होंने संवेदकों को नल जल योजना से सम्बंधित कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक में विधायक मनिका रामचंद्र सिंह ने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हर घर नल जल योजना के लिए मॉडल प्राक्कलन के तहत निर्धारित गहराई तक बोरिंग किये जाने पर पानी नहीं मिलने की सूचना मिल रही है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को पूरे जिले में भूमिगत जलस्तर की स्थिति का आंकलन कर रिपोर्ट विभाग को भेजने का निर्देश दिया ताकि भूमिगत जलस्तर की स्थिति के अनुरूप बोरिंग के लिए विभाग के द्वारा अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने हेतु योजना बनायी जा सके ।बैठक में विधायक मनिका ने उपायुक्त लातेहार से कहा कि हर घर नल जल योजनाओं की गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर उसकी अविलम्ब जाँच करवायी जाये द्य बैठक में उपायुक्त ने हर घर नल से जल योजना के क्रियान्यवयन का कार्य कर रहे संवेदकों से कार्य में आ रही समस्या के बारे जानकारी लिया द्य उन्होंने कार्य में किसी भी तरह की समस्या होने पर इसकी सूचना देने की बात कही ताकि उस समस्या का ससमय निष्पादन किया जा सके। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला गोपनीय प्रभारी श्रेयांश, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक महतो, संवेदक आदि उपस्थित थे।

# रोटी बैंक के सौजन्य से रेफरल अस्पताल को ऑक्सीजन मास्क दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमण्डल क्षेत्र के एक मात्र रेफरल अस्पताल को रोटी बैंक के सदस्य सूरज भूषण शर्मा के सौजन्य से 25 ऑक्सीजन मास्क सौपा गया। यह ऑक्सीजन मास्क सूरज भूषण शर्मा ने रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर अशोक कुमार एवं डॉक्टर एस आलम को सौपा है। सूरज भूषण शर्मा ने बताया कि इन दिनों सरकारी अस्पतालों में दवा एवं अन्य सामग्री की काफी परेशानी रहती है ।जिसे लेकर गरीब मरीजों को बाहर से रूपये लगा कर लाना पड़ता है जहां गरीब मरीजों अतिरिक्त बोझ पड़ता है। जिसे देखते हुए मैं यहां 25 ऑक्सीजन मास्क वैसे गरीब परिवार के लिए सौंपा हूँ जिन्हें अति आवश्यकता होगी। वहीं रेफरल अस्पताल के प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि इस तरह रोटी बैंक के सौजन्य से रेफरल अस्पताल को जो ऑक्सीजन मास्क सौपा गया है वह बहुत अच्छा प्रयास है। इससे किसी को जिंदगी बचाया जा सकता है। इसके लिए रोटी बैंक धन्यवाद के पात्र हैं। मौके पर रंजीत सिंह, आलोक रंजन, महेंद्र कुमार के अलावे हॉस्पिटल परिवार शामिल थे।

# विवाहिता ने दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना का लगाया आरोप

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विवाहिता ने दहेज के लिए शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना को लेकर ससुराल वालों पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को आवेदन देकर न्याय की मांग की है।अफसाना खातून उम्र 20वर्ष ग्राम बेतला थाना बरवाडीह जिला - लातेहार का रहने वाली है। विवाहिता ने बताया कि मेरी शादी 13 जून 2022 को मुस्लिम रीति रिवाज के तहत वासीद आलम पिता - रियासत मियां ग्राम- टेड़ीहरिया थाना+जिला गढ़वा से हुई थी। शादी के बाद मैं ससुराल गई,तब से ससुराल वाले सास,रोजिन बेबी,ससुर रियासत मियां समेत भंसुर गोतनी,ननद सभी कोई दहेज में पैसा, एलसीडी टीवी व अन्य सामान की मांग को लेकर दबाव देते रहते थे, और मारपीट करते रहते थे।जब यह बात मायके में बताई तो मायके वालों ने कहा कि हमलोग गरीब हैं और आपको जरूरत की सभी सामान दिया हुं। साथ ही नकद पैसा भी दिये हैं, इससे ज्यादा अब नहीं दे पाएंगे, ससुराल वालों को बहुत समझाने कि कोशिश की, परंतु ओ लोग समझने को तैयार नहीं है।

# जन वितरण प्रणाली दुकान में राशन वितरण को लेकर कर्मियों को किया गया प्रतिनियुक्ति



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत जन वितरण प्रणाली दुकान में राशन वितरण को लेकर कर्मियों को प्रतिनियुक्ति किया गया है। बताते चलें कि सत्येंद्र कुमार रोजगार सेवक को चरण यादव के पीडीएस दुकान में चितरंजन शर्मा पंचायत सचिव को द्वारी लीलावती देवी पीडीएस दुकान में द्वारा में लक्ष्मी महिला मंडल समिति गीता देवी के पीडीएफ में प्रदीप कुमार रोजगार सेवक को द्वारी अनीता देवी सरस्वती समुह पीडीएस दुकान में प्रियंका कुमारी पंचायत सचिव द्वारी के नागी देवी पीडीएफ दुकान में पार्वती देवी रोजगार सेवक को बारिसाखी मीना देवी पीडीएस दुकान में मनोज कुमार लिपिक बरियातू धनेश्वरी देवी मां पार्वती समूह में पीडीएस दुकान में दिगंबर पांडेय पंचायत सचिव बारीसाखी में रामेश्वर राम दांगी पीडीएस दुकान में अमरेंद्र पांडेय बीटीएम बारिसाखी बेबी देवी पीडीएस दुकानों में प्रतिनियुक्ति किया गया। जहां सभी डीलरों में अधिकारी के समक्ष लाभुकों को सत प्रतिशत चावल का वितरण किया है।

# ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत चतरा पुलिस अधीक्षक महोदय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पिता पुत्र को 515 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि लगातार चतरा पुलिस अधीक्षक महोदय को सूचना प्राप्त हो रही थी। कि राजदेव दांगी पिता स्व प्रीतम महतो रोहित राज पिता राजदेव दांगी अंतरराज्यीय तस्करों के साथ बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहा था। जिसे लेकर 22 सितंबर को गुप्त सूचना में पता चला कि राजदेव दांगी अवैध ब्राउन शुगर खरीद कर कटकमसांडी के रास्ते गिद्धौर आया इस सूचना का सत्यापन हुआ।आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व में छापामारी टीम दल को भेजा गया टीम ने गिद्धौर से छापामारी करते हुए पिता पुत्र दोनों को अवैध ब्राउन शुगर के साथ जिसका वजन करीब 515 ग्राम है। के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या 66/23 में मामला दर्ज कर धारा 21,22, 27( ) 28,29 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया।और गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों को न्यायाधीश अभीरक्षा में भेजा गया। साथ में एक ब्लू रंग का होंडा एसपी शाइन मोटरसाइकिल जिसका नंबर जेएच02एडब्लु 02 9428 है।एवं एक सैमसंग कंपनी का कीपैड मोबाइल एक रेडमी नोट 7द्य कंपनी का काला रंग का स्क्रीन टच मोबाइल भी बरामद किया गया है।छापामारी टीम में अशोक रविदास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय गिद्धौर एवं गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल के लोग शामिल हैं।

# उपायुक्त के निर्देश पर डीएसओ सलमान जफर, एनडीसी अमरदीप बलहोत्रा जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की सुनी समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी एवं जिला नजारत उप समाहर्ता अमरदीप बलहोत्रा ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने आवेदन के माध्यम से बताया कि मेरे पिता कैंसर से पीड़ित है। बेहतर इलाज हेतु टाटा मेडिकल हॉस्पिटल मुंबई में भर्ती कराया गया है। आयुष्मान कार्ड नहीं बना हुआ है मेरी आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है। जिसके कारण मैं इलाज कराने में असमर्थ हूं। सलमान जफर खिजरी ने आवेदन का अवलोकन करते हुए सिविल सर्जन चतरा को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलवाने सहित नियमानुसार कैंसर पीड़ित व्यक्ति के इलाज हेतु सरकारी लाभ से लाभान्वित करने की बात कही। इसी प्रकार भूमि विवाद, कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन से संबंधित, आंगनवाड़ी, अनुकंपा, विधवा पेंशन, स्वास्थ्य विभाग, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित समेत अन्य मामलें शामिल थे। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके।गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# लंबू बिरहोर ने अपने हीं चचेरे भाई को मारा चाकू घायल, इलाज जारी

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत कोयद पंचायत के बिरहोर टोला के लंबू बिरहोर ने, अपने ही चचेरे भाई दीपक बिरहोर को सीने में चाकू मार दिया। जिससे दीपक बिरहोर की स्थिति गंभीर है। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से टंडवा अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां इलाज जारी है। हालांकि स्थिति गम्भीर बताई जा रही है। मामला क्या ही जाँच के बाद हीं अस्पष्ट हो पाएगा

# जारी है आजसू का संघर्ष : अमित पाण्डेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शनिवार को आजसू कार्यालय चंदनडीह (स्कूल के समीप) लातेहार में स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो जी का, 100 वां जयंती मनाया गया। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा की स्व. बिनोद बिहारी महतो एक भारतीय वकील और कुशल राजनीतिज्ञ थे।वह 1980, 1985, 1990 में विधानसभा के तीन बार सदस्य और 1991 में झारखंड गिरिडीह से लोकसभा के सदस्य रहे, उन्होंने समाज में शिक्षा के प्रसार को लेकर अतुलनीय क्रांति लाई।स्व. बिनोद बिहारी महतो का जन्म 23 सितंबर 1923 को धनबाद के बालीपुर प्रखंड के बडवाहा गाँव में हुआ था। इसके बाद वह 1991 में गिरिडीह से लोकसभा के सदस्य भी रहे, उन्होंने भारत की राजनीति को एक नई दिशा दी।उन्नत और शिक्षित समाज के लिए उनका योगदान कभी भुला नहीं जा सकता। उन्होंने पढ़ो, लड़ो और आगे बढ़ो का नारा बुलंद किया, आज उनकी जयंती के अवसर पर नम आंखों से हम सभी उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अमित पाण्डे जिला प्रवक्ता नीतेश पाण्डे प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव राकेश सिंह दीपक कुमार दुबे सचिन कुमार रितेश कुमार गफ्फार अंसारी राजेंद्र सिंह पवन सिंह सुजीत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला कार्यशाला की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के होटल द बीलीस में जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में एवं जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा के मार्ग दर्शन में जिला कार्यशाला की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सह प्रदेश चुनाव प्रबंधक प्रभारी मृतुन्जय उपस्थित रहे।बैठक की शुरुवात श्रेद्धय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। बैठक की संचालन जिले के महामंत्री पंकज सिंह के द्वारा किया गया वहीं समापन की घोषणा जिला महामंत्री बंशी यादव जी के द्वारा किया गया। मंच पर मुख्य रूप से लातेहार विधानसभा के पूर्व विधायक सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रकाश राम, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशल नाथ साहदेव व लाल अमित नाथ साहदेव, पूर्व नगर परिसद अध्यक्ष शुशील अग्रवाल व सीतामणी तिर्की, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत, महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कल्याणी पांडेय, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजू देवी, चंदवा जिला परिषद सदस्य सरोज देवी उपस्थित रहे। मौके पर जिला पदाधिकारी, जिला कार्य समिति सदस्य, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री मौजूद रहे।

# खरवार भोक्ता समाज विकास संघ की बैठक हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के जोगियाडीह ग्राम स्थित नीलांबर-पीतांबर जतराटांड मैदान में खरवार भोक्ता समाज विकास संघ लातेहार का बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेमचंद गंझु ने किया। मौके पर कई विषयों पर चर्चा हुई जिसमें आगामी 15 दिसम्बर को स्व0रामदेव गंझु के पुण्यतिथि के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कर धूमधाम से जयंती मनाने का निर्णय लिया गया, खरवार भोक्ता समाज विकास संघ का एक जिलास्तरीय कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया, कोष निर्माण करने हेतु विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया, वहीं समाज के लोगों को शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया गया ताकि समाज के बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके, अंधविश्वास से समाज को दूर भगाने व समाज पर हो रहे गैर समाज के अत्याचार को रोकने पर चर्चा किया गया। मौके पर संगठन के केंद्रीय सदस्य रामधन गंझु, सचिव सतनारायण गंझु, उपाध्यक्ष रामधारी गंझु, प्रयाग गंझु, मनमोहन गंझु, बरियातू प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु, जिला सदस्य रति गंझु, मीडिया प्रभारी लालदेव गंझु, सह-सचिव सरहुल गंझु, युवा अध्यक्ष लातेहार प्रकाश गंझु समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय खेल में चार बेटियों का जलवा



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसा स्पोर्ट्स एकेडमी मिश्रौल से खेलों झारखण्ड के तहत् बिरसा स्पोर्ट्स एकेडमी जिला स्तरीय गेम में भाग लिया। जिसमे छोटी कुमारी डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान, पलवी कुमारी लंबी कूद में प्रथम स्थान, लीलम कुमारी 600 मीटर में द्वितीय स्थान, और रूपाली कुमारी ऊंची कूद में तृतीय स्थान प्राप्त कर मिसरोल का नाम रोशन किया है। और ये सभी बिरसा स्पोर्ट्स एकैडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करती है। शुभम ने बताया किअगले महीने खेलों झारखण्ड में ये सभी बच्चियों स्टेट गेम में भाग लेगी।

# जिले के सभी शराब दुकानों में लगेंगे सीसीटीवी : उत्पाद अधीक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं एनजीओ प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक की गई।बैठक का आयोजन अपर समाहर्ता के कार्यालय कक्ष में हुआ।नशे के विरुद्ध अभियान के संबंध में एनसीपीसीआर द्वारा एक्शन प्लान तैयार किया गया है।पूर्व में किए गए बैठक की समीक्षा के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद को निर्देश दिया गया कि संबंधित बैठक को त्रैमासिक स्तर पर नियमतः कराएं एवं एनजीओ के माध्यम से ऐसे बच्चे को चिन्हित करते हुए परामर्श देने एवं आवश्यकता अनुसार पुनर्वास केंद्र में भेजने का निर्देश दिया गया।उत्पाद अधीक्षक को विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि से शराब की दुकानों को चिन्हित कर हटाने तथा सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया। एक्शन प्लान के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र के द्वारा जिले के सभी स्कूलों में प्रहरी क्लब बनाए जाने और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति नियमित बच्चों को जागरूक करने से संबंधित जानकारी दी गई। पुलिस उपाधीक्षक सह एसजेपीयू प्रभारी केदार नाथ राम को शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि से पान, गुटखा व तंबाकू की विक्री करने वाले दुकानों को चिन्हित कर हटाने का निर्देश दिया गया।बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष धनंजय तिवारी द्वारा सभी शराब दुकानों, पान दुकान व अन्य दुकानों में 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों को गुटखा, तंबाकू, शराब व अन्य मादक पदार्थ नहीं दिए जाने संबंधी पोस्टर लगाने, थाना स्तर पर नशा उन्मूलन अभियान चलाने का प्रस्ताव दिया गया। जे जे एक्ट व कोटपा एक्ट 2003 के प्रति जागरूक करने, दुकानों और विद्यालयों व प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी की जांच व नशा के आदि बच्चों को चिन्हित और काउंसलिंग के लिए एनजीओ से समन्वय बनाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसे लेकर अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल द्वारा संबंधितों को निर्देशित किया गया। वहीं नशे के विरुद्ध जागरूकता हेतु बस स्टैंड, चौक चौराहों व भीड़ भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों सहित सभी प्रखंडों में होडिंग लगाने पर चर्चा की गई। इस संदर्भ में उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के विभिन्न चौक चौराहों पूर्व में प्रचार प्रसार हेतु होर्डिंग लगाया गया है। डिस्ट्रिक्ट ड्रग कंट्रोल अथॉरिटी को सभी दवा दुकानों में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगवाने एवं प्रतिबंधित दवाओं के भंडारण की जांच करने के साथ ही प्रतिबंधित मादक नशीली पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया एवं ट्रेड एसोसिएशन के मालिकों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में शामिल एनजीओ के प्रतिनिधियों को अपने स्तर से नशे के विरुद्ध जागरुकता हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार करने की बात कही। अपर समाहर्त्ता के द्वारा त्रैमासिक स्तर पर ज्वाइंट एक्शन कमिटी की बैठक आहूत कर अनुश्रवण का निर्देश दिया गया। वहीं उत्पाद अधीक्षक ने तीन माह के अंदर सभी शराब दुकानों में सीसीटीवी लगवा लेने की बात कही। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिला में डी एडिक्शन सेंटर खोलने का निर्देश दिया गया एवं परामर्श की नियुक्ति का निर्देश दिया गया। ताकि ऐसे बच्चों को परामर्श के द्वारा नशे की लत से मुक्त किया जा सके। बैठक का समन्वय जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद के द्वारा किया गया। बैठक में बाल कल्याण समिति के सदस्य मुकेश पाण्डेय, पिंकी कुमारी, रेड क्रॉस के सचिव राजकुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई के एलपीओ भुवन भास्कर एवं सहायक पम्मी कुमार दांगी, रोटी बैंक के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# विद्युत की चपेट मे आने से टेंपु चालक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** मनिका प्रखंड मुख्यालय समीप एनएच 39 पर बिजली की चपेट मे आने से सतबरवा निवासी राजू सिंह उम्र लगभग 50वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार टेंपु चालक डाल्टेनगंज से स्टील का सामान लेकर मनिका आया हुआ था। जहां पर बिजली की झुलती तार उसके मौत का इंतजार कर रहा थी। टेंपु चालक प्रभावती मेडिकल ऐजेंसी के समीप टेंपु को रोककर उसपर लदे स्टील को उतारने के लिए टेंपु के उपर जैसे ही चढ़ा,उपर झुलता बिजली का तार स्टील के संपर्क मे आ गया। देखते ही देखते चालक राजु तार की चपेट मे आने से वही छटपटाने लगा। आनन फानन मे आस पास के लोगो ने उक्त चालक को बिजली के संपर्क से हटाकर नजदीक सामुदायिक अस्पताल मे प्राथमिक ईलाज के लिए पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई।

# बिजली विभाग के जेई अनिल कुमार का उपभोगताओं के साथ मनमानी

➲बिजली बिल जारी फिर भी रूपये नहीं देने पर मामला किया गया दर्ज

➲प्रत्येक माह बिजली बिल देने के बावजूद भी मीटर चालु नहीं होने कह कर बाजबरन मामला दर्ज

➲क्षेत्र में वगैर मीटर का बिल जारी है उपभोगता बिल के हिसाब से दे रहें बिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों बिजली विभाग के जेई अनिल कुमार का दबंगई जारी है। जो व्यक्ति अगर उन्हें रिश्वत नहीं देता है उन पर कोई कारण लगा मामला दर्ज किया जा रहा है। इसी मामले में बन्हे गाँव में बीते दिन बिजली विभाग के जेई अनिल कुमार अपने कर्मियों के साथ जा धमके। बिजली विभाग के जेई ने मो रकीब, मो इकराम, मो महबूब के यहां छापेमारी करने लगे ।जबकि तीनों के यहां बजाप्ता बिजली बिल जारी था। यहां तक की प्रत्येक माह बिजली बिल देते आ रहा था।जेई द्वारा रिश्वत के रूप में तीनों से दस दस हजार रूपये की मांग किया गया। तीनो उपभोगता रूपये देने से इनकार कर दिया। जिससे गुस्से में तीनों पर प्राथमिकी यह कह कर किया गया कि तीनों का मीटर चालु नहीं है। यदि मीटर चालु नहीं होता तो प्रत्येक माह बिजली बिल कैसे आता ।इस तरह जेई का मनमानी तथा दबंगई साफ़ जाहिर होता है कि यदि कोई उपभोगता रुपया नहीं देगा तो उनपर कोई कारण लगा प्राथमिकी दर्ज करा दी जाएगी। आपको बता दें कि ग्रामीण क्षेत्र में मीटर ना के बराबर चालु है चुकी बिजली ठीकेदार द्वारा जैसे तैसे बिजली कनेक्शन लगा भाग गया है। यही कारण है कि क्षेत्र में वगैर मीटर का बिल जारी है। यहां तक की बिजली के तार जहां तहां झूलता नजर आ रहा है जिससे आए दिन बिजली के चपेट में आने से मवेशी से लेकर इंशान की मौत हो रही है। ऐसे बिजली विभाग के जेई से क्षेत्र के उपभोगता परेशान व हलकान है। उपभोगताओं ने उपायुक्त से ऐसे जेई पर कानून कार्रवाई करते हुए इस क्षेत्र से हटाने की मांग किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### शोक सभा का आयोजन, दी गई श्रद्धांजलि

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड प्रसासनिक सेवा के अधिकारी दीपांकर श्रीज्ञान वर्तमान पदस्थापन संयुक्त सचिव झारखण्ड भवन न्यू दिल्ली का आकस्मिक निधन हो गया था। उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में अंतिम सांस ली। उपायुक्त के समाहरणालय सभागार में दिवंगत दीपांतर श्रीज्ञान के आकस्मिक निधन को लेकर शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर सभी ने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सदर अनुमंडल अधिकारी विद्याभूषण कुमार ने कहा की बीपीएससी 42वें बैच के पदाधिकारी दीपांकर श्रीज्ञान का आकस्मिक निधन अत्यंत दुखद व पीड़ा दायक है, उनका निधन एक अपूरणीय क्षति है।

### अंजू देवी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा एवं राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि 27 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद महिलाओं को सम्मान मिला है। देश में अब महिलाएं सशक्त होकर देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी। लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं का 33त सदस्य के रूप में उपस्थित होने से नारी शक्ति मजबूत होगी। अब विधानसभा से लेकर लोकसभा तक महिलाओं की आवाज अधिक संख्या में गूंजेगी। भाजपा ने राष्ट्रपति और लोकसभा का स्पीकर पहले ही महिला को बनाकर देश को मजबूत करने का काम किया है। पहले की तुलना में अब अधिक संख्या में महिलाएं राजनीति से जुड़ेंगी। आभार व्यक्त करने वालों में से महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी, महामंत्री गायत्री देवी, सीमा देवी, हेमा देवी, आशा राज, शालिनी सुमन, भाजपा महामंत्री गुरु प्रसाद साव, मंडल उपाध्यक्ष, महादेव मंडल, पिंकी कुमारी, कन्हाई यादव, दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष हीरामन महतो, मंडल मंत्री राजेश सोनी समेत कई लोग शामिल हैं।

### मुखिया ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मलकोको पंचायत के मुखिया विजय कुमार यादव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग से मुलाकात कर बरही प्रखण्ड अंतर्गत बुंडू स्थित मॉडल स्कूल के शिक्षकों के कमी के संबंध में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मॉडल स्कूल में शिक्षकों का कमी है, जिससे पठन-पाठन में काफी समस्या हो रही है। कम से कम पाँच शिक्षकों को जल्द से जल्द बरही मॉडल स्कूल में जल्द पदस्थापित करने का कृपा करें। ज्ञात हो कि बरही प्रखंड अंतर्गत बुंडू में संचालित मॉडल स्कूल इस समय अध्यापकों की कमी से जूझ रहा है। सरकार ने निजी विद्यालयों के मुकाबले अधिक सुविधाएं एवं अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के लिए मॉडल स्कूल बनवाए हैं। इसके लिए बुंडू में स्कूल का आलीशान भवन भी बनाया गया। मगर अध्यापकों की कमी के कारण इस स्कूल के उद्देश्य को ग्रहण लग रहा है। स्कूल में कक्षा छठी से बारहवीं तक में कुल 171 विद्यार्थी हैं।

### महिलाओं ने के प्रधानमंत्री व सांसद को दिया आभार

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 22 सितम्बर को हज़ारीबाग स्थित अटल भवन में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं से संवाद किया। नारी-शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से महिलाएं बेहद खुश हैं। इस बैठक में इस अधिनियम समेत अनेक संगठनात्मक व निजी विषयों पर चर्चा की गयी। महिलाओं ने इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अपने सांसद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम बेहद प्रसन्न हैं कि जयंत सिन्हा ने अपना मत देकर इस अधिनियम को और मज़बूती प्रदान की। हज़ारीबाग लोकसभा की महिलाओं को अपने सांसद पर गर्व है।इसके साथ ही महिला कार्यकर्ताओं ने जयंत सिन्हा को लगातार पांचवीं बार लोकसभा की वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि जयंत सिन्हा ने अपनी मेहनत से देश व दुनिया में हज़ारीबाग को गौरवान्वित किया है।

### बिजली की समस्या से जूझ रहे न्यू कॉलोनी कोर्रा वासी

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्यू कॉलोनी कोर्रा वासी विद्युत उपभोक्ता निवारण मे अपनी समस्या लेकर पहुंच गये। 30 से 40 लोगों ने अपने अपने तरीके से गुस्सा जाहिर किया बिजली डिपार्टमेंट पर। बिजली की समस्या तकरीबन एक साल से कॉलोनी में बनी हुई है। इस समस्या से कॉलोनी वासी बहुत परेशान हैं । अंत में इन लोगों ने निर्णय लिया कि विद्युत उपभोक्ता निवारण मे जाकर शिकायत की जाए। इन लोगों का कहना है कि जब हम समय पर बिजली का भुगतान करते हैं तो हमें बिजली क्यों नहीं मिलती। 40 साल पुराना तार झूले की तरह झूल रहा है कोई देखरेख करने वाला नहीं। कितनी बार शिकायत करने के बाद भी विद्युत विभाग से कोई बंदा आया नहीं। बार बार गल गल कर तार नीचे गिर चुका है। कभी किसी के ऊपर गिर गया तो बहुत बड़ी जान माल की क्षति होगी। कॉलोनी वासी अमरेंद्र विद्यार्थी ने बताया कि पहले तक़रीबन 100 घर थे तो एक ट्रांसफार्मर लगा हुआ था परंतु अब 200 से अधिक घर बन चुके हैं। लेकिन वही ट्रांसफर लगा हुआ है। लोड काफ़ी बड़ गया है।

### सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य के चलते घंटो रहा जीटी रोड जाम

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनो से लगातार हो रहे मुसलाधार बारिश के चलते प्रखंड क्षेत्र के लोगों का जन जीवन अस्त-व्यस्त है. बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जंहा बिजली आपूर्ति की समस्या उत्पन्न हो गई।वहीं जीटी रोड सिक्सलेन सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य को लेकर सड़क पर खोदे गए गड्ढों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।सड़क के दोनो ओर नालियो के नही रहने से सड़क के ऊपर पानी जमा हो गया है.ग्राम कोनहराखुर्द के समीप वनवे सड़क पर गड्ढे के पास एक ट्रक के खराब हो जाने से घंटो सड़क जाम हो गई।जिसके कारण सड़क पर कई किमी तक वाहनो की लंबी जाम लग गई।जिससें राहगिरो को आवागमन में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा।वनवे सड़क पर बनाए गए गड्ढे में कई बार वाहन खराब हो जाती है.जिससे मालवाहक वाहनों एवं चारपहिया वाहनों कि लंबी कतार लग जाती है।

### गोवर्धन पूजा में शामिल हुए हजारीबाग विधायक

**कटकमसांडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अन्तर्गत ब्रगड्डा के राधाकृष्ण मंदिर में गोवर्धन पुजा के साथ अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रांगण मे पुजारी श्री निवास पांडेय , परदीप पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, अरुण पांडे सहित सभी लोगों के नेतृत्व मे महिला संकीर्तन मंडली की समूह सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना कर अन्नकूट का भंडारा, जिसमें, खीर, पूरी, सब्जी सहित अन्य व्यजनों का भंडारा लगाया गया। इस आयोजन ने हजारीबाग विधायक मनीष जयसवाल शामिल हुए और गोवर्धन पूजा में शामिल होकर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की पूजा- अर्चना करने से मन प्रसन्न होता है और सुख, समृद्धि में भी बढ़ोतरी होती है साथ ही ग्रामीणों के द्वारा तालाब गहरीकरण के लिए सदर विधायक मनीष जायसवाल को ज्ञापन सौंपा गया। इस मामला में विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि जितना जल्द हो सकेगा इस तलाब का गहरीकरण किया जाएगा ।

### अज्ञात लोगों के द्वारा अधेड़ व्यक्ति को जान मारने की नीयत से घायल कर जंगल में फेंका गया

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी के ग्राम धोवारी निवासी रामेश्वर सिंह उम्र 55 वर्ष पिता चमरू सिंह को ईचाक-बंडासिंगां मुख्यमार्ग के खेरा जंगल बीच में कुछ अपराधियों द्वारख मार कर के बेहोश हालत में छोड़ दिया था जिसकी सूचना मिलते ही पंचायत चेचकप्पी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव नें अपना पंचायत में अपने निजी खर्च पर दिए हुए बोलेरो वाहन से सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंचाया जहां ईलाज चल रहा है.उक्त घायल व्यक्ति का स्थिति नाजुक डॉक्टर बता रहे हैं.मौके पर उपस्थित मनोज मूर्मू,शंकर नायक,ललन सिंह,मोहन साव,प्रताप सिंह,गुड्डा सिंह,भोला सिंह पहुंचे.वहीं स्थानीय मुखिया रीता देवी का कहना है कि हम जनता के सेवा में तत्पर रहती हूं.जब भी हमलोगों को जनता याद करती है हम ओर मेरे परिवार के लोग मदद करने के लिए हाजिर रहती हूं.अभी तक अपना कर्तव्य को निर्वहन कर रही हूं और आप लोग जानते ही होंगे कि लगातार जनता की सेवा में अपना बोलेरो वाहन दान के रूप में दिया हूं.मैं हमेशा जनता के दुख सुख में तैयार रहती हूं।सामाचार लिखे जाने तक घटना का सत्य जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है।

# बदहाल स्थिति में है सयाल अस्पताल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरिमारी :** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र की लाइफ लाइन माने जाने वाली आदर्श क्षेत्रिय चिकित्सालय सयाल अपने बदहाली की आशू रो रहा है।यहा एक डाक्टर के भरोसे हजारो की आबादी निर्भर है।



हालांकी यहा सप्ताह में दो से तीन दिन ही डाक्टर मरीजो को देखते हैं, बाकी दिन नदारद रहते है। सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र मे अभी हाल के दिनो मे दो ओपन कास्ट खदाने खुली है और उरिमारी क्षेत्र में उरिमारी परियोजना, बिरसा परियोजना,न्यू बिरसा परियोजना की खदानें है जो सयाल अस्पताल पर निर्भर है वही इस खदान मे आधूनिक मशीने चल रही है पर यहा सवाल उठता है कि यदि कोई मजदुर काम करते समय चोटिल होते है तो क्या सयाल अस्पताल में ईलाज हो पाना स्मभव है। जबकी इस अस्पताल मे लगभग तीनो सीफ्ट मे लगभग बीस से बाइस कर्मचारी काम करते है। वही इस अस्पताल में एक एम्बुलेंस की व्यवस्था है। पर रात के समय कोई ड्रायवर नही रहता है।

# भदानीनगर मतकमा चौक चिकोर से कोड़ी तक जर्जर सड़क निर्माण में देरी के कारण ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ के भदानीनगर मतकमा चौक से ओरमांझी तक जानेवाली सड़क की जर्जर स्थिति और जलजमाव से जूझते ग्रमीणों ने शनिवार की सुबह तकरीबन आठ बजे से ग्रामीणों ने मतकमा से चिकोर सड़क को लादी मोड़ पर बैरिकेडिंग कर जाम कर दिया। इस दौरान हाथों में तख्तियां लेकर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने राज्य सरकार, स्थानीय सांसद और स्थानीय विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं यातायात



व्यवस्था से आक्रोशित लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद जयंत सिन्हा, विधायक अंबा प्रसाद के पुतले पर कालिख पोतकर पुतला फूंका। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि रोड नहीं बनेगा तो आगे ग्रामीण वोट का भी बहिष्कार करेंगे।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय का मोबाइल ऐप लॉन्च विद्यार्थियों को मिलेगी सारी शैक्षणिक जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर आईसेक्ट विश्वविद्यालय का मोबाइल ऐप विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने लॉन्च किया। इसके जरिए विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मियों के साथ साथ विद्यार्थियों को सभी शैक्षणिक जानकारियां समय से प्राप्त होगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने इस बाबत बताया कि समय सारिणी से लेकर परीक्षा के नतीजे घोषित होने तक की सभी जानकारियां ऐप के जरिए विद्यार्थियों तक समय से पहुंचेगी, जिससे अब विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही इस ऐप में विद्यार्थियों को यह सहूलियत दी गई है कि शैक्षणिक क्रम में आने वाली किसी असुविधा की शिकायत ऐप के माध्यम से विद्यार्थी सीधे विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारियों को भी कर सकते हैं।

# उरिमारी युसीडब्लूयू कार्यालय में संयुक्त मोर्चा की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरिमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरिमारी चेक पोस्ट स्थित युसीडब्लूयू कार्यालय में शनिवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन की एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता कामरेड बासदेव साव व संचालन कामरेड जेपीएन सिन्हा ने किया।वहीं इस बैठक में तय किया गया उच्च पदाधिकारी एवं जेबीसीसीआई के पांचों ट्रेड यूनियन नेताओं के द्वारा यह निर्णय लिया गया की आगामी पांच से सात अक्टूबर तक तीन दिवसीय कोल इंडिया में हड़ताल रहेगा। वहीं सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा किसी भी हालत में कोयला मजदूरों का एनसीडब्लूए ग्यारह में पुर्व में हुई समझौता निरस्त



नहीं होने दिया जाएगा। कोल अधिकारीयो के याचिका पर मध्यप्रदेश के जबलपुर हाईकोर्ट के द्वारा सुनाई गई फैसला मजदूरों के हित में नहीं है इसलिए हड़ताल को सफल बनाने के लिए बरका सयाल क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं तथा कार्यालय में 25 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक कार्यक्रम कर मजदूरों को जागरूक किया जाएगा,वहीं इस मौके पर संजय वर्मा,संजय शर्मा,संजय मिश्रा,संजय यादव, दशरथ कुर्मी,ओम प्रकाश सिंह, डाक्टर जीआर भगत, अर्जुन सिंह, देवेन्द्र सिंह, अशोक शर्मा, अशोक गुप्ता,हरिनाथ महतो, रामाकांत दुबे, राजेश सिंह,लखेन्द्र राय, सत्यनारायण ठाकुर, मंजित रंजन,सुरेश प्रसाद सिन्हा, दिनेश मुंडा, शहनवाज खान, सुभाष यादव, गोपाल प्रसाद, शंकर कुमार,बेलो शर्मा,भोला प्रसाद इत्यादि लोग मौजूद थे।

# बदलाव संकल्प सभा को लेकर सरैया में बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** 08 अक्टूबर को सुबह दस बजे से चौपारण प्रखंड मैदान में बदलाव संकल्प सभा का आयोजन होगा। सभा में झारखंडी हक अधिकारों की आवाज बुलंद होगी। सभा में लगभग 50 हज़ार लोग जुटेंगे। इस बावत सरैया में बैठक आयोजित की गयी। इस सभा के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा की झारखंड के सौ प्रतिशत सीटों पर झारखंडी माटी के बेटा - बेटी को सांसद - विधायक बनाना होगा तभी झारखंड की माटी बच पाएगी। संकल्प सभा को जयराम महतो, संजय मेहता, भुनेश्वर यादव



संबोधित करेंगे। अतिथि वक्ता के तौर पर मोतीलाल महतो, फरजान खान, देवेंद्र महतो, उदय मेहता, राजदेश रतन का भी आगमन सभा में होगा।सभा में मुख्य तौर पर बरही विधानसभा क्षेत्र के लोग सम्मिलित होंगे। हालांकि सभी इलाके से लोग जुटेंगे। इस सभा में लगभग 50 हज़ार लोग सम्मिलित होंगे।सरैया बैठक में यह फैसला किया गया कि पदमा प्रखंड से हज़ारों की संख्या में लोग सभा में सम्मिलित होंगे। छात्र - नौजवानों भी सभा में भारी संख्या में मौजूद रहेंगे।सभा के सफल आयोजन को लेकर लगातार चौपारण के बसरिया, चतरा मोड़, इटखोरी, मयूरहंड, वृंदावन, सरैया, पदमा आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। सरैया, पदमा में भी जनसंपर्क किया गया। पूरे विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया जा रहा है।इस दौरान हर क्षेत्र के लोगों ने सर्वसम्मति से भारी संख्या में सभा में शामिल होने पर सहमति जताई। सभी सम्मिलित होंगे।

# प्रमुख जैबुन निशा ने पंचायत समिति सदस्यों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में पंचायत समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख जैबुन निशा तथा संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने किया। बैठक में जहां एक ओर उपस्थित सदस्यों के द्वारा सरकार के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई । वहीं दूसरी ओर बैठक में उपस्थित विभाग के अधिकारियों के द्वारा वर्तमान में सरकार द्वारा चल रही योजनाओं विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में सर्वसम्मति से विष्णुगढ़ प्रखंड को सुखाड क्षेत्र करने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रखंड में पशु में फैल रहे बीमारियों का उपचार करने,मनरेगा में सामग्री का राशि प्रत्यक्ष रूप से लाभुकों को देने, स्वास्थ्य



समितियों को क्रियाशील बनाने,अपूर्ण आवास को पूर्ण करने,क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग को बढ़ाने,डीलर स्तर पर गठित निगरानी समिति को क्रियाशील बनाने,आंगनवाड़ी में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने,विष्णुगढ़ जलापूर्ति पाइपलाइन का लीकेज बंद करने तथा गोविंदपुर उच्च विद्यालय के शिक्षिकाओं का प्रतिनियोजन रद्द करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से

# आजसू पार्टी जिला कार्यालय में बिनोद बिहारी महतो की 100 वीं जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में नगर परिषद कमिटी द्वारा नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो के नेतृत्व में झारखंड पितामह स्व0 बिनोद बिहारी महतो का 100 वां जयंती मनाया गया। आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ता बिनोद बाबू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी राह पर चलने का संकल्प लिया।मौके पर मनोज़ कुमार महतो ने बताया कि बिनोद बिहारी महतो की अलग झारखंड राज्य गठन में बड़ी भूमिका रही है। वे राज्य के भीष्म पितामह थे। समाज में अशिक्षत लोगों को शिक्षत एवं





संघर्षशील बनाने के लिए पढ़ो और लड़ो का नारा दिया था। वह हमेशा शिक्षा के लिए लड़ते थे।आज बिनोद बाबू के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए एक संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि विनोद बाबू की बातों से ताकत मिलती है उत्साह का संचार होता है और उम्मीदें जागती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि विनोद बाबू ने अपने पढ़ो और लडो के नारे को बुलंद करते हुए कहा था कि अगर मान सम्मान की जिंदगी जीनी है,तो अलग राज्य हर हाल में हासिल करना होगा और इसके लिए हम सबको पढ़ना होगा और लड़ना भी होगा पढ़े और लड़े बिना हम कुछ भी हासिल नहीं कर सकते और झारखंडियों की जिंदगी आजाद देश के गुलाम की तरह व्यतीत होती रहेगी। बिनोद बाबू अलग राज्य के लिए जो सपना देखा था उनका सपना पूरा होते नही दिख रहा है। वर्तमान सरकार आदिवासी मूलवासी के नाम पर सिर्फ राजनीतिक कर रही ऐसी सरकार को जरूरत है उखाड़ फेखने की। मौके पर जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वर महतो,नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, वार्ड पार्षद देवधारी महतो, कैलाश महतो,शीतल प्रसाद, नुनूलाल महतो,बिट्टू सिंह चन्डेल, अनिल पटेल,मुकेश महतो,दिनेश महतो,दिलीप यादव,अनूप यादव आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# डुमरडीहा आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह कार्यक्रम के तहत गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी अंतर्गत डुमरडीहा आंगनबाड़ी केंद्र में 5वां राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया रीता देवी,संचालन पर्यवेक्षिका संयुक्ता मैडम के द्वारा किया गया।पोषन माह के तहत गुब्बारा उड़ा कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। सीडीपीओ नीलू रानी ने बताया कि यह कार्यक्रम 1 सितंबर से 30 सितंबर 2023 तक निर्धारित है।इसमें महिला स्वास्थ्य एवं बच्चों के शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मौके पर मौजूद लोगों को विभिन्न प्रकार के कुपोषण से बचाव को लेकर बताया गया,वहीं गर्भवती महिलाओं,एंव धात्री महिलाओं को पोषण से संबंधित विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया रीता देवी ने कहा बच्चों को कुपोषण से बचाना है तो पौष्टिक आहार के साथ-साथ मां का दूध समय पर अवश्य पिलाएं साथ ही साथ आंगनबाड़ी केंद्र मे समय पर टिका अवश्य लगाएं। कार्यक्रम में गोद भराई देवंती देवी और मुंह जुठी दीपेश टुडू का किया गया। मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने कहा हम अपने क्षेत्र में जहां भी आंगनबाड़ी केंद्र का भवन नहीं है उसे करवाने का प्रयास कर रहे हैं आप लोग जमीन को सत्यापित करते हुए खाता नंबर और प्लॉट नंबर मुझे जल्द दें ताकि आप लोगों का आंगनबाड़ी भवन मिल सके।

### भगवान गणेश को भक्तों ने गाजेबाजे के साथ दी विदाई

**गिददी (प्रभात मंत्र संवाददाता) ::** देवाधिदेव महादेव, जगत जननी माता पार्वती के प्रथम पूज्य देव गणेश भगवान की चार दिवसीय पूजन के पश्चात शनिवार को तूफान चौक गिददी ए पूजा पंडाल से गाजेबाजे के साथ नगर भ्रमण व प्रतिमा विर्सजन यात्रा निकाली गई। प्रभु गणपति बप्पा, रिद्धि सिद्धि की प्रतिमाओं का दामोदर घाट गिद्दी में विसर्जन किया गया। अवसर पर पूजा समिति के सदस्यों, आमजनों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ आदि गान धुनो पर नाचते गाते हुए क्षेत्र के विभिन्न सड़कों से होकर गुजरे। सभी ने विघ्नहर्ता से अपने क्षेत्र में खुशहाली, रक्षा, सौहार्द बने

### सुख-शांति के लिए जिला पार्षद प्रतिनिधि ने गरसुल्ला में की पूजा

**उरिमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उरिमारी के गरसुल्ला पीडीतान में जिला पार्षद प्रतिनिधि दीपक करमाली ने बीते शुक्रवार की शाम में क्षेत्र में सुख-शांति के लिए गांव के कुल देवी देवता की पुजा अर्चना की। वहीं बकरे की बली दी गई। जिसमें किशोर हांसदा, प्रकाश गोप,संटू बेदिया, गरसुल्ला के उपमुखिया नंदकिशोर बेदिया, हरेंद्र बेदिया सुखलाल बेदिया, सुरेन्द्र करमाली, निर्मल बेदिया,नरेश बेदिया, राजकुमार सिंह, कार्तिक उरांव,अजय गोप,संजय मुंडा,लक्का मुंडा, कुलदीप बेदिया, बंशी बेदिया, प्रयाग गोप, जगरनाथ बेदिया, धर्मनाथ बेदिया इत्यादि लोग मौजूद थे ।

### कर्मा पूजा महोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित उच्च विद्यालय सुतरी में शनिवार को कर्मा पूजा महोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्या सरस्वती देवी शामिल हुए। जिला परिषद सदस्य ने प्राकृतिक पर्व कर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार खन्ना, प्रधानाध्यापक विनोद कुमार, सहायक शिक्षक सत्यनारायण बेदिया, मेहिलाल हंसदा, सुखलाल मांझी, विनोद कुमार उपाध्याय, रविंद्र कुमार, प्रकाश यादव, शशि भूषण, केदारनाथ मांझी, लक्ष्मी कुमारी, ममता भारती, कल्याणी कुमारी, संजय कुमार, चंद्र मोहन शर्मा अमित मिश्रा, भदरू सिंह, इनामुल हक, इलियास अंसारी, अभिराम बेदिया सुरेश रजवार तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य गणो की अहम भूमिका रही।

### संयुक्त मोर्चा 24 को अरगड्डा बाजार में आम सभा करेंगा

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संयुक्त ट्रेड यूनियन के द्वारा शनिवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन कार्यालय के प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सुशील कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में प्रबंधन के द्वारा मूलभूत जीवन की आवश्यकताओं को वंचित करने का विरोध किया गया। यूनियन नेताओं ने कहां कि प्रबंधन बिजली, पानी सुविधाओं को भी काटने में लगा हुआ हैं। इससे आम जनजीवन प्रभावित और भयभीत हो रहा हैं। जिसे लेकर आगे 24 सितंबर को दिन 11 बजे अरगड्डा बाजार में आम सभा आयोजित होगी।

### ब्रह्मपुत्रा फैक्ट्री कमता में कार्यरत एक मजदूर की गिरने से मौत

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कमता गाँव स्थित ब्रह्मपुत्रा मेटालिक्स लिमिटेड(बीएमएल) फैक्ट्री में कार्यरत एक मजदूर की मौत शुक्रवार को देर शाम को गिरने से हो गई। मृतक की पहचान जांगी निवासी साधुचरण भोक्ता(45 वर्ष) के रुप में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार साधुचरण भोक्ता वेल्डिंग का कार्य करने के क्रम में अचानक गिर गया जिससे कम्पनी प्रबंधन के द्वारा उसे ईलाज हेतु गोला के एक अस्पताल में ले जाया गया जहाँ से उसे बेहतर ईलाज हेतु रामगढ़ रेफर किया गया जहाँ ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने उसके आश्रित को नौकरी एवं मुआवजा देने की माँग की। शनिवार को ग्रामीणों सहित मृतक के परिजन और कंपनी प्रबंधन के बीच थाना प्रभारी गोला की उपस्थिति में समझौता हुआ।

# बारिश से बरही के ग्रामीण क्षेत्र की कच्ची सड़कें कीचड़ में हुई तब्दील, पैदल चलना मुश्किल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के कारण कच्ची सड़कें कीचड़ में तब्दील हो गया है। राह इतनी खराब कि पैदल चलना ग्रामीणों को मुश्किल हो गया है। यह समस्या बरही के बेंदगी पंचायत की है, जहां ग्रामीणों को कीचड़ भरी सड़क से निकलने पर मजबूर हैं। बारिश के कारण कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है। कहीं-कहीं तो घुटनों तक पानी भरा नजर आता है। आवाजाही के लिए मुख्य मार्ग पर करीब एक किलोमीटर तक रास्ता कीचड़ में तब्दील है।



रास्ते में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण कीचड़ पसरा है। जिसके कारण लोगों को सड़क मार्ग से निकलने में काफी परेशानी हो रही है।जबकि इस समस्या से हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को अवगत कराया गया था और उन्होंने बेंदगी पंचायत के निम्न सड़कों अनुशंसा पत्र पिछले 03 नवंबर 2020 कर दिया था। लेकिन विभागीय अनदेखी के कारण आज तक सड़कों को निर्माण नहीं हो सका। इस समस्या के संदर्भ में भाजपा मंडल के किसान मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश साहू ने बताया कि पिछले 3 नवंबर 2020 को बेंदगी पंचायत के ग्राम बेंदगी में आंगनबाड़ी केंद्र से तिलैया रोड प्रहलाद सिंह के घर तक 1.2 किमी का निर्माण, ग्राम बेंदगी के शिव मंदिर से शमशान घाट तक 1.4 किमी पथ निर्माण, पंचायत भवन बेंदगी से एनएच 31 तक पथ निर्माण, राज्य संपोषित योजना के तहत हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा किया गया था। इस कार्य के लिए अनुशंसा पत्र को लेकर हजारीबाग आरईओ कार्यालय से लेकर रांची तक चक्कर लगाया, लेकिन विभागीय अनदेखी के कारण आज तक पथ निर्माण का कार्य नहीं किया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### करम परब झारखंड का प्रमुख परब है : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश कहा कि करम परब झारखंड का प्रमुख परब है जिसमें कुडमी आदिवासी तथा मूलवासी समाज के लोग काफी धूमधाम से मनाते हैं। यह परब भादो माह के एकादशी शुक्ल पक्ष को मनाया जाता है। करम परब प्रकृतिक व पेड़ पौधों की रक्षा के साथ-साथ भाई बहनों की अटूट प्रेम का प्रतीक है, बहने ने अपने भाइयों की सुख समृद्धि एवं दीर्घ आयु उम्र के लिए करम पूजा करती है। करम कुंवारी बहने एवं नवविवाहित बहनों का उत्सव परब है, ससुराल गई नवविवाहिता बहनों को उसका भाई करम परब में अपने घर ले आता है। इसके लिए बहने भी भाई के आने की प्रतीक्षा करती है। भाई उपवास कर बहन की पूजा के लिए जंगल से करम पेड़ की दो डाली काट कर ला देता है ओर अखड़ा में दोनों डालियों को स्थापित कर देता है। बहने अपने भाई के धरम के लिए निर्जला उपवास कर पूजा करती है। पूजा के उपरांत बहनों के नृत्य संगीत में भाई ढोल नगाड़ा बजाकर आनंद को चार गुणा कर देता है। करम पर्व झारखंड के संस्कृति से जुड़ा हुआ परब है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से करम पर्व की संस्कृति पर चौतरफा हमला हो रहा है। प्रकृतिकी गोद अखड़ा में लोग नृत्य व करम गीतों की धुन पर जब गहदम झुमर की स्वरलहली निकलती है, तब मानों पूरा गांव से लेकर प्रकृति आनंदित होकर झूमने लगता है।

### सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन के नेतृत्व में रात्रि वाहन जांच अभियान चलाते हुए रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान मोटरयान अधिनियम 1988 के अंतर्गत विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 41950 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गयी। इस दौरान वाहन चालकों से फिटनेस, टैक्स, इंश्योरेंस, प्रदूषण आदि दस्तावेजों की जांच की गई। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के द्वारा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां चालकों को दी गई। साथ ही अभिभावकों को नाबालिक बच्चों को किसी भी हालत में वाहन न चलाने देने की अपील करते हुए यातायात नियमों का उलंघन करने वालो को भविष्य में ऐसी गलती न करने की हिदायत गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने बताया कि बाइक एक्सीडेंट होने पर चालक के साथ साथ पीछे बैठे सवारी को भी चोट लगती है इसलिए चालक एवं सवारी दोनों को हेलमेट पहनना एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना अनिवार्य है।

### ओशो ओलिया सिद्धार्थ का 81वां जन्मदिन ओशो साधकों ने मनाया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ के बिजुलिया स्थित ओशोधारा ध्यान केंद्र में समर्थ गुरु ओशो ओलिया सिद्धार्थ का 81वां जन्मदिन शनिवार को उत्सव व ध्यान के साथ मनाया गया। ओशो के चित्र पर माल्यार्पण के बाद ओशो मंत्र उच्चारण करते हुये स्वामी प्रेम परिजात (कमल बगड़िया) ने ओशो सिद्धार्थ का जीवन परिचय देने के बाद उन्होंने कहा कि हम अलग अलग नाव में बैठ कर संसार की मायावी नदी पार नहीं कर सकते हैं. हम अपने मन के अनुसार चलते हैं. लेकिन ध्यान से डूबने के बाद मन के मालिक हम स्वयं हो जाते हैं. केक काट कर तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

### टांगी से हमला करने के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर भेजा जल

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोला थाना क्षेत्र के कोइया गांव में शुक्रवार को टांगी से हमलाकर अपने चचेरे भाई को घायल करने के आरोपी कालीचरण प्रजापति को पुलिस ने शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।इस संबंध में घायल किसुन प्रजापति ने थाना में आवेदन देकर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया है कि वे घर के बाहर बैठे हुए थे तभी अचानक आरोपी टांगा लेकर आया और गाली गलौज करते हुए मेरे ऊपर चार पांच बार बेरहमी से हमला कर दिया। जिसमें उन्हें गंभीर चोट आयी है।

### घटना स्थल पर पहुंचे चतरा एसपी, ली जानकारी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दोपहर में चतरा एसपी राकेश रंजन, टंडवा थाना प्रभारी विजय सिंह तथा पिपरवार थाना गोविन्द कुमार के साथ जामडीह पहुंचे.उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पूरी घटना की जानकारी ली. पुलिस अपराधी व उग्रवादी दोनो दिशा में अनुसंधान कर रही है.इससे पूर्व सुबह में सीआईएसएफ के डिप्युटी कमांडेंट मृत्युंजय स्वामी भी घटनास्थल का जायजा लिए. डिप्युटी कमांडेंट ने आषंका जताई कि घटना को अंजाम देने वाले डीजल चोर भी हो सकते हैं.

### उग्रवादियों को साफ्ट टार्गेट रहा है पुरनाडीह

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल का पुरनाडीह परियोजना क्षेत्र उग्रवादियों का साफ्ट टार्गेट रहा है. पुरनाडीह एनके एरिया के अंतर्गत है परंतु भौगोलिक स्थिति में खलारी थाना के सीमा से सटा पिपरवार थाना क्षेत्र में है. एनके एरिया व पिपरवार एरिया की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की तैनाती है. परंतु पुरनाडीह अपवाद है जहां राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) की तैनाती है. पुरनाडीह प्रोजेक्ट खुलने के बाद से अब तक उग्रवादियों ने कई बड़ी घटनाओं को यहां अंजाम दिया है. दो साल पूर्व वर्ष 2021 में भी पुरनाडीह से ट्रांस्पोर्टिंग कार्य में लगे हाइवा डंपर पर अज्ञात लोगों द्वारा गोली चलाया गया था.उक्त डंपर पीएसएमई ट्रांस्पोर्ट कंपनी के लिए कोयला ढुलाई कर रहा था. तब कई दिनों तक ट्रांस्पोर्टिंग बंद रहा था. इधर कोयलांचल में आए दिन गैंगस्टर अमन साव के लोगों द्वारा कोयला कारोबारियों से पैसे की मांग की बात सामने आ रही है.

### महिला सहकारी समितियों के वार्षिक आम सभा में पुरस्कृत हुए बेहतर समूह व कैडर

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी प्रखंड के बुकबुका व खलारी क्लस्टर संघटन का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया. खलारी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड एवं बुकबुका आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया. जिसमें सीएलएफ का एक साल का प्राप्त भुगतान, आय-व्यय का लेखा-जोखा का विवरण लेखापाल द्वारा प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में सबसे अच्छा समूह व कैडर को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में जिप सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया पुतुल देवी, तेजी किस्पोटा, शिवरत मुंडा, पुष्पा खलखो, सुनीता देवी, ललिता देवी, दीपमाला कुमारी, शीला देवी, पारसनाथ उरांव, मलका मुंडा, पीएनबी मैनेजर मुकेश कुमार, कैनरा बैंक मैनेजर सुनील कुमार, बीपीएम जया कुमारी, पीआरपी राजू महली, शांति देवी, सीसी लक्ष्मण उरांव, धनेश्वर उरांव, बैक सखी व स्वयं सहायता समूह की दीदीयां उपस्थित थी.

### पुरनाडीह में अज्ञात अपराधियों ने हाइवा डंपर को किया आग के हवाले

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना के कोयला ढुलाई कार्य में लगी एक हाइवा डंपर जेएच02एजेड/6777 को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया. घटना शुक्रवार रात करीब एक बजे की है. इस दौरान अपराधियों द्वारा सात राउंड फायरिंग किए जाने की भी सूचना है. बताया गया कि सभी अपराधी जामडीह दामोदर पुल के निकट ट्रांसपोर्टिंग सड़क के किनारे झाड़ियां में छिपे हुए थे. हाइवा डंपर खदान से कोयला लेकर दामोदर नदी पुल तक पहुंचने ही वाला था कि अपराधी डंपर पर फायरिंग करने लगे. फायरिंग होता देख डंपर चालक विनोद उरांव ने गाड़ी खड़ी कर दी. इसके बाद अपराधियों ने डंपर चालक का मोबाइल लूट लिया. वे तेल, मशाल साथ लाए थे. पेट्रोल डाल कर मशाल से गाड़ी को आग के हवाले कर दिया. घटना की जानकारी सीसीएल प्रबंधन को रात्रि में ही मिल गई.जल्द ही एनके एरिया रेस्क्यू स्टेशन से दमकल बुलाकर आग पर काबू पाया गया. हालांकि तब तक डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गया था.संयोग रहा कि डंपर ट्रक के टायर व उस पर लदे कोयला तक आग नहीं पहुंच पाया. डंपर पर चालक के गेट व दायीं इंडिकेटर के निकट केबिन पर गोलियां के निशान देखे गए. यह हाइवा डंपर कुसुम टोला गांव के नागेन्द्र उरांव का है तथा 'श्री इंटरप्राइजेज ट्रांसपोर्ट कंपनी' के लिए पुरनाडीह से केडीएच साइडिंग तक कोयला ढुलाई का काम कर रहा था.

### सिल्ली स्टेडियम में विनोद बिहारी महतो की जयंती मनाई गई

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन सिल्ली स्टेडियम परिसर में स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण के दौरान आजसू के संगठन सचिव जयपाल सिंह ने कहा कि हम लोगों को स्वर्गीय विनोद बाबू के पद चिन्हों का अनुसरण करना चाहिए तभी समाज का उत्थान संभव है। इस मौके पर बृजेश्वर प्रसाद, लक्ष्मण महतो, अशोक सिंह, उप प्रमुख आरती देवी, लंबोदर महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सांसद की पहल पर कीचड़ में तब्दील सड़क पर मोरम गिट्टी गिराया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा के मतकमा चौक से चूटूपालू को जोड़ने वाली सड़क लादी मोड़ के पास जर्जर सड़क जो अब कीचड में तब्दील है उक्त सड़क को हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा की पहल पर स्टेट हाईवे ऑफ अथॉरिटी झारखंड के द्वारा गिट्टी मोरम डाला गया जिससे क्षेत्र के परेशान ग्रामीणों एवं राहगिरो को तत्काल राहत देने का कार्य किया गया। वही पूर्व में भी सांसद के द्वारा दिशा की बैठक में सड़क के मुद्दे को गंभीरता पूर्वक उठाया गया है और साथ ही सड़क के निर्माण में धीमी गति को लेकर स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड के एग्जीक्यूटिव को भी बोला गया है। हालांकि जितनी जल्दी हो सके निर्माण कार्य में तेजी लाया जाएगा ताकि आम ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन की सुविधा हो सके वहीं यह उक्त जानकारी सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी ने दी।

## आउटरीच अभियान के तहत बच्चों का पालन पोषण व देखभाल की जानकारी दी गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आउटरीच अभियान के तहत शनिवार को बच्चों का पालन पोषण व देखभाल की जानकारी दी गई । जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के निर्देश पर पीएलबी प्रशांत दुबे एवं दुर्गेश कुमार ने चितरपुर प्रखंड के छोटकी लारी में विशेष विधिक जागरूकता के तहत लोगों को झारखंड पालन पोषण देखभाल एवं प्रयोजन योजना की जानकारी दी।

एस इस योजना के बारे में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के विधिक स्वयंसेवकों द्वारा बताया गया महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा जारी संकल्प के तहत प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) दिशा निर्देश 2018 के आलोक में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों (बालक/बालिका) जिनके परिवार की वार्षिक आय 75000 तक हो, बच्चे के माता पिता की मृत्यु हो चुकी हो, माता/पिता द्वारा बच्चे का परित्याग किया गया हो, जो रिश्तेदार के देख-रेख में रह रहे हों।

## आवासीय उच्च विद्यालय कोठार में कर्म जावा प्रतियोगिता व गहदम झूमर प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को सरना आवासीय उच्च विद्यालय कोठार में प्रधानाध्यापक किष्टो महतो के द्वारा कर्म जावा प्रतियोगिता एवं गहदम झूमर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें 13 (तेरह) ग्रुप भाग लिए जिसमें प्रथम कक्षा 9 के निशा ग्रुप , द्वितिय कक्षा 10 के रानी ग्रुप तथा तृतीय कक्षा 6 भारती ग्रुप रहा और जावा प्रतियोगिता में प्रथम कक्षा 3 के ईशा ग्रुप , द्वितीय कक्षा 2 के दिव्या ग्रुप एवं तृतीय स्थान मुस्कान ग्रुप , कक्षा 8 का रहा विधालय के पिंकी कुमारी (सहायक शिक्षिका) संचालन कि साथ ही प्रकृति के बचाते रखने के बातों के साथ साथ आने वाले पिढ़ी के बारे में भी बताई गई , हमारे झारखण्डी संस्कृति को बचाना है।इस मौके पर उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिका हेमंती कुमारी, निता कुमारी, सोनिका कुमारी,कर्मी कुमारी , देवंती कुमारी,चम्पा कुमारी ,एनी कुमारी, रविन्द्र कुमार , महेश कुमार अभय रंजन आदि मौजूद थे।

## बरकाकाना क्षेत्र में 28 सितंबर को जुलूस ए मुहम्मदी निकलेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** एदारा ए शरिया रामगढ़ अंसाराबाद दुर्गी, नया नगर बरकाकाना में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 28 सितंबर को जुलूस ए मुहम्मदी निकाले जाने का निर्णय लिया गया। बैठक की सदारत एदारा ए शरीया के सदर हाजी मो खलील ने किया और संचालन हाजी ताहिर हुसैन ने किया। बरकाकाना क्षेत्र के सभी गांव पीरी, बरकाकाना, मसमोहना, दुर्गी, घुटुवा, केलहुपतरा आदि की



जुलूस अपने अपने गांव से नियत समय से निकल कर दो नंबर गेट 10ः00 बजे तक पहुंचेगी उसके बाद सभी जुलूस एक साथ मिल कर सी सी एल कालोनी मजार रोड होते हुवे एदारा ए शरीया अंसाराबाद दुर्गी, नया नगर बरकाकाना पहुंच कर रसूल ए पाक मुहम्मद सलल्लाहो अलैहे वसल्लम पर सलात ओ सलाम का नजराना ए अकीदत पेश किया जाएगा। इस बैठक में हाजी मो खलील, हाजी ताहिर हुसैन, प्रो शाहनवाज खान, नसीम अख्तर, हाजी मो रशिद, नसीर अहमद, मौलाना रियाज अहमद हनफी, जलील अंसारी, सहमत अली, आजाद अंसारी, कलीम अंसारी, नसीम अंसारी, इशराफील अंसारी, मनसुर अंसारी, साजिद अंसारी, वारिस अहमद, विक्की खान, राजा खान, निजाम राय, सोहेल अंसारी, बाबू अंसारी आदि मौजूद थे।

## रामगढ़ जिला दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ ज़िला दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक थाना चौक स्थित होटल शिवम् इन में हुई।जिसकी अध्यक्षता महासमिति के संरक्षक बलजीत सिंह बेदी और संचालन महासमिति के महासचिव शिव नंदन सिंह और महासचिव रवि साहू ने संयुक्त रूप से किया । बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ ज़िला दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल , रामगढ़ दशहरा समिति के अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह, राँची रोड दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रविंद्र साहू, बिजुलिया दुर्गा पूजा समिति के सचिव अजित गुप्ता,थाना चौक दुर्गा पूजा समिति के राजू गुप्ता, प्राचीन दुर्गा पूजा समिति चट्टीबाज़ार के अध्यक्ष राहुल मजूमदार, विकाश नगर दुर्गा पूजा समिति के कोषाध्यक्ष अरुण राय सहित रामगढ़ ज़िला के कई दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी उपस्थित हुए।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष पूरे रामगढ़ ज़िला में दुर्गा पूजा धूम धाम से मनाया जाएगा साथ ही पूजा समितियों का जो भी समस्या है उसका निदान किया जाएगा ।दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी ना हो इसके लिए भी महासमिति कार्य करेगी । महासमिति की वृहत बैठक बहुत जल्द बुलाया जाएगा।बैठक को सम्बोधित करते हुए महासमिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल ने कहाँ कि पिछले वर्ष भी महासमिति दुर्गा पूजा समितियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य की थी और इस वर्ष भी बढ़ चढ़ कर कार्य करेगी।किसी भी पूजा समिति के साथ अगर कोई भी समस्या है तो महासमिति उसका निदान करने का प्रयास करेगी। महासमिति का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उपायुक्त और पुलिस अधिक्षक से मिलकर सारी समस्याओं से अवगत कराएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से परमजीत सिंह सैनी, लालबिहारी रजक,मनीष वर्मा,रवि कुमार सिंह,राहुल पासवान,अरुण कुमार राय,सूरज कुमार,सहित कई पूजा समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 70 मरीजों को दिया चौथे चरण का पोषण किट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए 70 नए टीबी मरीजों के बीच चौथे चरण का पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन सभी मरीजों को चौथे चरण का पोषण किट प्रदान किया गया। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत पोषक आहार किट पाकर टीबी मरीज उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के मरीजों के लिए पोषण किट मुहैया करा रहा है। इसकी जितनी तारीफ की जाए वह कम है। उन्होंने मरीजों से इन पोषण किट के सेवन की अपील की और कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि



पोषण युक्त भोजन करने से यह बीमारी जल्द ठीक हो जाती है। इसलिए पोषण युक्त आहार लेना बेहद जरूरी है। श्री कुमार ने ग्रामीणों से जरा सा भी लक्षण पता चलने पर टीबी की जांच तुरंत करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का इलाज है, इसलिए इसे छिपाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन का पोषण किट गुणवत्तापूर्ण है इसकी मात्रा भी बेहतर है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत बांटे गए इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। इससे पहले गोद लिए गए 60 टीबी के अधिकतर मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

## नमामि गंगे योजना अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अंचल अधिकारी, चितरपुर की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नमामि गंगे योजना अंतर्गत 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शनिवार को अंचल अधिकारी चितरपुर श्री दीपक मिंज की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय परिसर में श्रमदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही मायल पंचायत के मांझी टोला क्षेत्र में अमृत सरोवर के समीप भी श्रमदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचल अधिकारी, चितरपुर की



अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों सहित मायल पंचायत क्षेत्र के निवासियों द्वारा अमृत सरोवर के समीप श्रमदान कर साफ सफाई व वृक्षारोपण किया गया वही अंचल अधिकारी चितरपुर ने लोगों को नमामि गंगे योजना के तहत गंगा स्वच्छता शपथ दिलाने के उपरांत नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों यथा नदियों तथा अन्य जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, नदियों तथा अन्य जल स्रोतों में कूड़ा कचरा ना फेंकने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने, शौचालय का प्रयोग करने तथा नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों को पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार विवेक, प्रधान सहायक श्रवन कुमार, जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।


**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ**
**(खनन शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PR 302257 Mines and Geology (23-24)#D, PR 303382 Mines and Geology (23-24)_D एवं PR305131 Mines and Geology (23-24) D द्वारा प्रकाशित PVUNL, पतरातु अन्तर्गत Near CHP Transfer Point में भण्डारित 30000 घन मीटर (तीस हजार) एवं Near Wagon trippler में भण्डारित 30000 घन मीटर (तीस हजार) कुल 60000 घन मीटर (साठ हजार) लघु खनिज पत्थर का दिनांक 05.09.2023 को नीलामी अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

पुनः आम नीलामी दिनांक 10.10.2023 को समय 04.00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 09.10.2023 समय 05.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

ह०/–
अपर समाहर्त्ता, रामगढ़।

PR.NO.307660 Mines and Geology(23-24):D


## एनपीपीसीएफ के तहत किया गया एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद के निर्देशानुसार जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ डॉ तूलिका रानी के नेतृत्व में नवप्राथमिक विद्यालय, खुनियमरा मरंगमरचा में एनपीपीसीएफ कार्यक्रम के तहत फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जाँच कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान डिस्ट्रिक्ट कन्सल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल के द्वारा कुल 56 बच्चों की जांच की गई एवं मौके पर 23 बच्चों में फ्लोरोसिस के लक्षण पाए जाने पर उनका यूरिन सैम्पल लिया गया तथा उनमें फ्लोरोसिस की पुष्टि होने पर उन्हें विटामिन-डी एवं कैल्शियम दावा का वितरण किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ डॉ तूलिका रानी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि फ्लोरोसिस एक लाइलाज बीमारी है जो धीरे-धीरे हड्डियों को खत्म करने की क्षमता रखती हैं एवं बचाव ही इसका इलाज है। इस बीमारी से बचाव सभी को अपने खाने में हरी सब्जी, फल एवं दुध जैसे पदार्थो को शामिल करना चाहिए और काला नमक के उपयोग से परहेज करना चाहिए क्योंकि काला नमक फ्लोरोसिस बीमारी का एक बहुत बड़ा कारण है। साथ ही उन्होंने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति फ्लोरोसिस की निःशुल्क जाँच सदर अस्पताल में करा सकते हैं। शिविर को सफल बनाने में सीएचओ सलोनी कुजूर, श्री जितेन्द्र कुमार, एएनएम एवं संबंधित क्षेत्र की साहिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कैम्प के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी दी गई। 1. जंक फ़ूड जैसे चाट-गुपचुप जैसे पदार्थों का कम से कम सेवन करना की सलाह दी गई। 2. अपने आहार में फल, हरी सब्जी, दूध जैसे पदार्थो को नियमित रूप से शामिल करने की सलाह दी गई। 3. काली चाय के सेवन से बचने की सलाह भी दी गई। 4. फ्लोरोसिस के लक्षण दिखने पर सदर अस्पताल आकर निश्शुल्क जांच करवाएं। 5. नल के जल को बोरिंग से ज्यादा प्राथमिकता देने की सलाह दी गई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**
**E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/16/2022-23 (2nd Call)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुपसं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के जयनगर प्रखण्ड में गोपालडीह–महुआटॉड पथ में अक्तो नदी पर पुल निर्माण। | 69331400.00 | 1400000.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.09.2023.
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 26.09.2023 से दिनांक 16.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 19.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
i) ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल कोडरमा / जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
ii) E-Procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि कोई यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.10.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा के पदनाम से देय होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा

PR 307635 Rural Work Department(23-24).D

## नि:शुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर आयोजित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वार्ड संख्या 17 के पार्षद पद के उम्मीदवार इंजीनियर मोहम्मद इकबाल अंसारी के नेतृत्व मे असर्फी हॉस्पिटल के अधीन नयनश्री नेत्रालय के चिकित्सकों के द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों लोगों को लाभ मिला। उक्त कार्यक्रम आजाद नगर स्थित इकबाल कैंपस मे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर मे 82 लोगों के आँखों की मुफ्त जांच हुई जिनमे से 19 मरीज़ मोतियाबिंद के पाए गये जिनका ऑप्रेशन असर्फी हॉस्पीटल मे आयुष्मान भारत योजना के तहत बिल्कुल मुफ्त मे होगा। इस शिविर मे ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, टेम्परेचर, वेट, पल्स आदि की भी जांच बिल्कुल मुफ्त मे हुई। मौके पर समाजसेवी मुख्तार खान एवं हाजी ज़मीर आरिफ उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सुरज मिश्रा, दीपक मंडल, विश्वजीत मंडल, गौशिया निगार, ज्योती सहित समस्त असर्फी अस्पताल प्रबंधन की सराहनीय भूमिका रही।



## मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वार्ड संख्या 18 के पार्षद पद के भावी उम्मीदवार सह झामुमो नेता मोहम्मद सद्दाम हुसैन के नेतृत्व मे शमशेर नगर मे मुफ्त आँख जांच शिविर का आयोजन किया गया। एएसजी आई हॉस्पिटल से आए डॉक्टर संजय कुमार रजक, रवि सिन्हा, सत्यम श्रीवास्तव एवं ताहा अंसारी ने सैकड़ो लोगों के आँखों का बिल्कुल मुफ्त मे इलाज किया। इलाज के क्रम मे 31 लोगों के आँखों मे मोतियाबिंद पाया गया जिनका ऑपरेशन एएसजी आई हॉस्पिटल के द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत बिल्कुल फ्री मे किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद एवं ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ ने किया। मौके पर अलाउद्दीन खान, सबदर अली, मिस्टर खान, साकिब अंसारी, राम शर्मा, संजय शर्मा, अमजद हुसैन, मोहम्मद साकिब, जुबेर अंसारी, कमाल हुसैन खान, मोहम्मद इम्तियाज आलम आदि उपस्थित थे।

## गिरिडीह के ताराटांड पुलिस ने पशु तस्करों से 29 गोवंशों को कराया मुक्त , भेजा गया गोशाला

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिले के ताराटांड़ थाना पुलिस ने शुक्रवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 29 गोवंशों से लदे एक मालवाहक ट्रक को जब्त किया. ट्रक में क्षमता से अधिक गोवंश लदे हुए थे. पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान मौका देखते ही ट्रक चालक फरार हो गया. बाद में पुलिस ने गोवंश समेत ट्रक को जब्त कर थाना ले आई. बाद में कागजी प्रक्रिया पूरी कर सभी गोवंशों को पचम्बा स्थित गोपाल गौशाला परिसर भेज दिया गया. मिली जानकारी के अनुशार गोवंशों से लदा यह ट्रक गांडेय होते हुए धनबाद के निरसा जा रहा था. इसी दौरान एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ताराटांड़ थाना प्रभारी प्रदीप महतो ने थाना क्षेत्र के जबरदाहा के समीप छापेमारी कर इस ट्रक को पकड़ा. पुलिस के अनुसार गोवंश लोड ट्रक निरसा होते हुए बंगाल के गौ तस्करों के ठिकानों में पहुंचाया जा रहा था लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने कार्रवाई कर ट्रक को जब्त कर लिया।

## आजसू ने मनाया बिनोद बिहारी महतो की 100 जयंती

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को प्रखण्ड मुख्यालय के समीप आजसू पार्टी की प्रखंड इकाई के द्वारा झारखंड आंदोलनकारी बिनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती के अवसर पर बिरनी मुख्यालय के समीप में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। पढ़ो और लडो के नारा के साथ पुरे झारखंड में क्रांति लाने वाले विनोद बाबू के सपनों का झारखंड बनाने का संकल्प लिया गया, साथ हीं उनके आदर्शों के साथ चलने का संकल्प लिया गया। इस बीच पार्टी के केंद्रीय कमिटी के आदेशानुसार रांची में होने महाधिवेशन कार्यक्रम पर चर्चा किया गया और ग्राम प्रभारी बनाने का काम कर जल्द से जल्द सूची केंद्रीय कार्यलय में भेजने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड उपाध्यक्ष अमित गुप्ता एवम संचालन सचिव राजेन्द्र कुमार यादव,जिला उपाध्यक्ष अजय विश्वकर्मा,सह सचिव बबलू यादव,कोषाध्यक्ष संजय दास, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू दास, सत्यदेव राय,खरखरी पँचायत अध्यक्ष सचिन रजक शाखाबारा सचिव रमेश कुमार,पिन्टू यादव,दीपक पाण्डे रामप्रवेश साव,सिकन्दर शर्मा, राजेश साव,पिन्टू वर्मा,लखविन्दर सिंह,आनंद रंजन, महेश यादव,लालो यादव,राजेश कुमार साव समेत दर्जनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अग्निशमन विभाग के झरिया प्रभारी के आदेश की अवहेलना कर चल रहा है गणेश मेला

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डिगवाडीह गणेश मेला में 18 तारीख से शुरु हो गया है। मेले में सैकड़ो दुकाने लगी है। दर्जनों होटल भी मौजूद है। होटल में एल पी जी गैस सिलेंडर नियम को ताख पर रख कर चल रहा है। लेकिन आग पर काबू पाने के लिए ना तो फायर ब्रिगेड की गाड़ी रहती है ना बालू रेत की एक भी बाल्टी है। मेला के ठीकेदार अप्रिय घटना का इंतज़ार कर रहे है। जबकि अग्निशमन विभाग के झरिया प्रभारी रामनाथ चोधरी ने कहा की मेला लगने से पहले ही पूरी तरह से जाँच कर जगह जगह फायर ब्रिगेड सिलेंडर का क्लिप लगा दिया गया था। ठेकेदार को आश्वासन दिया गया की कुल 16 सिलेंडर लगाना है लेकिन जाँच के क्रम में मात्र 4 सिलेंडर ही लगा है। रामनाथ चोधरी ने कहा की ठेकेदार द्वारा हमारी बातो को अनदेखा किया जा है, मै इसकी शिकायत उच्च अधिकारी से करूंगा।

### उपायुक्त ने की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा

# योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं : उपायुक्त

## अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में पीएम आवास योजना व मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को बेहतर कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप आवास योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को गति के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लाभुकों को किस्त का भुगतान स-समय करने का निर्देश दिया गया। बाबासाहेब अंबेडकर आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों का चयन कर जल्द से जल्द शत-प्रतिशत स्वीकृति करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि सभी को सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। ताकि पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाय ताकि सभी योग्य लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी प्रखंडों में चल रहे कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। प्रत्येक पंचायतों में योजना का क्रियान्वयन करने को कहा ताकि लेबर इंगेजमेंट को बढ़ाया जा सके। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अबतक जिले में कार्यान्वित की गई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कनवरजेंस के तहत संचालित दीदी बाड़ी योजना की भी समीक्षा की और लक्ष्य के अनरूप दीदी बाड़ी केंद्र को आनगोइंग करने को कहा। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि संवेदनशील होकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही निरन्तर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजना की पूर्णता में तेजी लाना सुनिश्चित करेंगे।

## सांसद मो. बशीर का हुआ धनबाद आगमन शादाब आलम ने किया जोरदार स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** केरल के पोन्नानी सीट से इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग पार्टी के सांसद इ. टी. मो. बशीर का धनबाद आगमन हुआ जहां धनबाद के मोहम्मद शादाब आलम के द्वारा धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर पर ढोल नगाड़ा एवं फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मुज़फ्फर आलम, जुनैद, महताब आलम, हबीबुल्लाह, मुर्शिद आलम आदि उपस्थित थे। वहीं सांसद इ. टी. मो. बशीर धनबाद से जामताड़ा के लिये रवाना हुए, जहाँ वो एक स्कूल के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा दान स्वरूप एक स्कूल वैन उन्होने दिया। स्कूल प्रबंधन ने सांसद का आभार व्यक्त किया है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को मिलने वाले भोजन में घोर अनियमिता

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बेंगाबाद :** प्रखंड अंतर्गत बदवारा पंचायत के सहयारी गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चो को मिलने वाला भोजन में घोर अनियमिता बरती जा रही है। इस आंगनवाड़ी केंद्र में 70 बच्चे का नामांकन है वही प्रतिदिन मात्र 10 से 12 बच्चे की उपस्थिति रहती है। इतने कम बच्चो की उपस्थिति में भी बच्चो को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पता है। बच्चो को मिलने वाले भोजन में दाल चावल के साथ हरी सब्जी, अंडा ,फल देना अनिवार्य है लेकिन इस गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में सालो से दाल चावल ही बच्चो को दिया जा रहा है। 70 बच्चे के नामांकन होने का फायदा उठाते हुवे प्रतिदिन सभी बच्चे की उपस्थिति बता कर सभी बच्चे का राशन विभाग से लेकर गबन का यह सिलसिला वर्षो से चल रहा है। वही साहियारी गांव के वार्ड सदस्य सुरेंद्र कुमार वर्मा प्रतिनिधि ने कहा की बच्चो को मिलने वाले भोजन में अनियमिता का यह मामला सालो से चलता आ रहा है कई बार लोगो ने इसका विरोध भी किया लेकिन कोई प्रभाव नहीं पड़ा। वही गर्भवती महिलाओ को मिलने वाला सूखा राशन भी समय पर नहीं दिया जाता है और जो दिया जाता है उसमे भी कटौती कर दिया जाता है।

## गिरिडीह निवासी रणधीर ने की पीएचडी हुए अवार्ड से सम्मानित

पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र



**गिरिडीह :** ज़िले के जमुआ प्रखंड के ग्राम नईटांड़ निवासी डॉ रणधीर कुमार ने पीएचडी कर मान बढ़ाया है । 20 सितंबर की आर के डी एफ विश्विद्यालय रांची में आयोजित ओपन वाईवा की बाद इनको पी एचडी की डिग्री दी गई । इन्होंने ÷जाइनोक्रिटिक डिस्कशन ऑफ द सेलेक्ट नॉवेल ऑफ अनीता नायर÷ विषय पर शोध कर यह डिग्री हासिल किया । बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ रणधीर आर के डी एफ विश्विद्यालय के प्रथम अवार्डेड स्कॉलर हैं। इन्होंने विश्वविधालय के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ अनीता कुमारी के सुपरविजन में पी एच डी को पूरा किया है । ज्ञात हो रणधीर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से शुरू की एवं उच्च शिक्षा झारखंड केंद्रीय विश्विद्यालय, आई आई एम रांची एवं प्रतिष्ठित संस्थानों से पूरा किया है । कई सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों से जुड़े एवं संस्थापक एवं अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले , कई किताबों का लेखन एवं कई शोध पत्र प्रकाशित कर चुके है । देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयो ,कॉलेजों एवं संस्थानों में इन्हे लगातार व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जाता है। ज्ञात हो डॉ रणधीर कुमार को शिक्षा एवं समाज सेवा में अनुकरणीय योगदान हेतु, नेशनल एजुकेशन अवार्ड, झारखंड रत्न विशिष्ट सम्मान, झारखंड नागरिक सम्मान, समेत कई राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय पुरूस्कार से नवाजे जा चुके है।

महज 23 वर्ष के उम्र में ट्राइबल इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हेतु 22 सितंबर 2018 को बैंगलोर में मानद डॉक्टरेट से भी सम्मानित हो चुके हैं। डॉ रणधीर कुमार ने इस पीएचडी अवार्ड पूरा करने के दौरान सहयोग हेतु सुपरवाइजर डॉ अनीता कुमारी, आर के डी एफ विश्विद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, डायरेक्टर रिसर्च, एग्जाम कंट्रोलर एवं अन्य अधिकारियों का उनके लगातार सहयोग हेतु आभार प्रकट किया है।

### बाबा गणिनाथ का पूजनोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न

## शिक्षा से ही समाज समृद्ध होगा : विधायक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** हलवाई वैश्य युवा मंच कतरास के तत्वाधान में शनिवार को राजस्थानी धर्मशाला कतरास बाबा गणिनाथ की पूजन उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार मोतिहारी के भाजपा विधायक प्रमोद कुमार ने कहा की देश मजबूत होगा तो समाज मजबूत होगा और जब समाज मजबूत होगा तो हमारे बच्चे भी मजबूत होंगे। उन्होंने शिक्षा पर जोर दिया तथा बच्चों को शिक्षित करने की अपील की। बच्चे शिक्षित होंगे तभी समाज समृद्ध होगा। ऐसे आयोजन से समाज में एक जुटता बढती है। समारोह में बेरमो के पार्षद कृष्णा प्रसाद गुप्ता, खरखरी थाना ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, रामकनाली ओपी प्रभारी वीके चेतन, अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सचिव प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, अजीत गुप्ता, मनोज गुप्ता, कालिया गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, विजय गुप्ता, यशवंत, संजय, आशीष साव, शशि, श्याम, राजेन्द्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, महावीर गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## टुंडी : ग्रामीण क्षेत्रों में लंपी बिमारी का कहर जारी, पशुपालन विभाग बेखबर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों मवेशियों में लंपी बिमारी बहुत ही जोरों से फैल रहा हैं और टुंडी पशुपालन विभाग बेखबर है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी के ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां इस तरह की बिमारी बहुत ही तीव्र गति से फैल रहा है। और पशुपालन विभाग चुप्पी साधे हुई है। इस लंपी बिमारी का लक्षण कुछ इस प्रकार है सबसे पहले मवेशी खाना त्याग देती हैं उसके बाद आँखों से आंसू बहते रहता हैं और पैर भी फूल जाता हैं। अब तक करीब दर्जनों मवेशी काल के गाल में समा चुकी है और करीब दो दर्जन मवेशियां लंपी जैसी बिमारी से पीड़ित है। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि पशुपालन विभाग बेखबर है एवं उदासीन है लोग अपने निजी मद से ईलाज कराने को विवश हैं । कहने पर केवल घरेलू उपचार करने की बात बतायी जाती है जिससे असमय मवेशियों की मौत हो जा रहा है। इस तरह की समस्या उत्पन्न होने से जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने उपायुक्त धनबाद से मांग किया है कि इस पर अविलंब विचार किया जाए और मवेशियों को उपचार की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित हो ।

# बस पड़ाव के नजदीक लगा है कचड़े का अम्बार जिप सदस्य ने लिखा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बगोदर/गिरिडीह :** प्रखंड विकास पदाधिकारी बगोदर को पत्र लिख कर स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियों को अवगत करवाते हुए जिप सदस्य ने दुर्गेश कुमार ने पत्र के माध्यम से सफाई का मांग किया है उन्होने कहा की बगोदर बाजार व बस पड़ाव का कूड़ा कचड़ा को बगोदर साई मंदिर के आगे कृषि फार्म के सामने पुरानी जी टी रोड का एक लाइन पुरा गन्दगी का अंबार का ढेर लगा हुआ है जिससे लोगो को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है,बहुत दुर्गंध व बदबू आ रही है,साथ ही पर्व त्यौहारो का सीजन भी शुरू हो चुका है,गन्दगी के वजह से स्कूली बच्चों को भी स्कूल आने जाने में दिक्कत हो रही है,सड़क दुर्घटना भी होने की संभावना बनी हुई है,वहीं दूसरी ओर मंझिलाडीह से माहुरी के बीच भी गन्दगी को जहां तहां सड़क में फेक दिया जाता है,जिससे लोगो को आने जाने में काफी कठिनाईयां होती है और सड़क पर चलना मजबूरी हो जाता है, साथ ही बगोदर बस पड़ाव के मुख्य द्वार में गड्ढा हो गया है जिससे हल्की बारिश होने से पानी भर जाता है,जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है।साथ ही बस पड़ाव में भी गन्दगी रहने से परेशानी हो रही है,इसलिए इस समस्या को हमेशा के लिए समाधान हेतु उचित स्थान तय किए जाने का मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी से जिप सदस्य ने किया है जिसमे कूड़ा कचड़ा को दुकानदार समेत अन्य लोग फेक सके,और किसी को परेशानी नही हो।

## महुदा में मनाई गई बिनोद बाबू की जयंती



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रवि महतो शिक्षा एवं स्वास्थ्य विकास समिति की ओर से रवि महतो स्मारक उच्च महुदा, धनबाद में झारखंड के पुरोधा बिनोद बाबू की जयंती मनायी गयी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बिनोद बाबू के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर विद्यालय के प्रशासक श्री मधु सूदन महतो, संस्था के सदस्य डॉ. गौतम कुमार, इस संस्था के वरीय सदस्य एवं अभिभावक तुल्य युगलकिशोर महतो एवं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार महतो, के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओ के बीच निबंध, कला, भाषण एवं करमा नृत्य प्रतियोगिता कराया गया एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विधालय के प्रशासक मधु सूदन महतो ने बिनोद बाबू के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक महामानव थे।

## विनोद धाम में धूमधाम से मना विनोद बिहारी महतो का 100वां जयंती समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड के पुरोधा स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो का 100वां जयंती समारोह पर बलियापुर विनोद धाम में स्थापित प्रतिमा पर आजसु पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो, धनबाद पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, गोमीया के विधायक लंबोदर महतो, सांसद पीएन सिंह, सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी, आजसू के जिला अध्यक्ष मंटू महतो, महानगर महासचिव दिलीप सिंह, शंकर महतो आजसू के रतीलाल महतो, अवधेश यादव, विभिन्न संगठनो और विभिन्न राजनीतिक पार्टियों, विनोद बिहारी महतो इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं, उपस्थित पुरुषो और महिलाओं ने माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित एवं नमन कर श्रद्धांजलि दी।

### जन जागरण ट्रस्ट ने मनाई बिनोद बिहारी महतो की जयंती

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भेलाटांड़ में बिनोद बिहारी महतो जन जागरण ट्रस्ट की ओर से बिनोद बाबू की 100वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बिनोद बाबू की तस्वीर के समक्ष श्रद्धांजलि देकर की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित यादव महासभा के अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने बिनोद बाबू की जीवनी से सभी को परिचित कराया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद, सचिव इंद्र नारायण महतो, कोषाध्यक्ष राजकिशोर महतो एवं ट्रस्टी में शामिल गुलाब चंद्र महतो, अरुण प्रसाद के अलावा गणपत महतो, प्रकाश प्रसाद सिंह, गोपाल यादव, मागा प्रसाद महतो, खेदन महतो, डॉ विजय कुमार, रामस्वरूप प्रसाद, एसके सिंह,के साथ अन्य उपस्थित थे।

## धनबाद जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह को ज्ञापन सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** सर्किट हॉउस में धनबाद जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह से मिल कर गोविंदपूर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष एंव सभी सदस्यो का एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय मे आमजन की ज्वलंत समस्याओं का निराकारण कराने के साथ-साथ उक्त संबधित कार्यो में बरती जा रही शिथिलता को लेकर बैठक कर एक ज्ञापन सौंपा।

मौके पर धनबाद जिला बीस-सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गोविंदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड 20-सूत्री के सदस्यों का उपेक्षा किए जाने के झारखंड सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने में शिथिलता बरतने एवं गोविंदपुर प्रखंड में 20-सूत्री का नियमित बैठक नहीं कराने के साथ-साथ गोविंदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा झारखंड सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के जांच हेतु 20-सूत्री सदस्यों का एक टीम बनाई गई थी। जांच टीम ने जांच कर जिसमें बहुत से योजनाओं में शिथिलता एवं गड़बड़ी को रिपोर्ट बनाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सोपा गया था पर उस जांच रिपोर्ट को प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा अनदेखी किया जा रहा है।

# चापाबारी में बुजुर्ग दिवस पर आयोजित खेल प्रतियोगिता शुरू

## उद्घाटन मैच में हेठमा डिपाटोली 4-2 से विजयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच सिमडेगा के तत्वावधान में कुरडेग प्रखंड अंतर्गत चापाबारी ग्राम में आयोजित 8 दिवसीय 13वां बुजुर्ग दिवस बालक/बालिका हॉकी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बालक वर्ग का पहला उद्घाटन मैच गोंडवाना विकास विद्यालय और हेठमा डिपाटोली के बीच खेला गया जिसमें हेठमा डिपाटोली ने 4-2 से मैच जीतकर अगले राऊंड में प्रवेश किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हेठमा पंचायत के मुखिया सुनीता देवी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुरूआत कराई। इस दौरान उन्होंनें खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल एकता, भाईचारा और समुहिकता का परिचय देता है। आज आप इस खेल से कैरियर भी बना सकते हैं। गोंडवाना विकास मंच इस खेल को समाज के बुजुर्गो को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित करती है जो काफी सराहनीय है। जो समाज अपने इतिहास से प्रेरणा लेता है वह बहुत आगे तक जाता है। विशिष्ट अतिथि सेवनिर्वित इंस्पेक्टर बालसिंह प्रधान ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किये। गोंडवाना विकास मंच के संरक्षक सह हॉकी सिमडेगा के कोषाध्यक्ष कमलेश्वर मांझी ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज को जागरूक करने और भाईचारा को बढ़ाने के लिए विकास मंच कई तरह का आयोजन करती है जिसका समाज के लोग लाभ लें और संगठन को तन- मन- धन से सहयोग करें। आयोजन समिति के खेल मंत्री भुनेश्वर बेसरा ने जानकारी दिया की यह आयोजन विगत 13 वर्षो से सफलता पूर्वक किया जा रहा है इन तेरह वर्षो में 26 बालक और बालिका टीम को चैंपियन होते देखा है। इन तेरह वर्षो में 3000 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में खेले हैं और आज राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे हैं। रोपनी कुमारी (अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी) संगीता कुमारी (अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी) , रोहित बेसरा, नूतन कुमारी, सबीता कुमारी, पिंकी कुमारी, सीमा कुमारी जैसे कई राष्ट्रीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में खेले हैं जो समाज के लिए गर्व की बात है।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बलदेव साहू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ लोहरा उरांव, सचिव अजय प्रसाद, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, हर्ष कुमार कच्छप के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथि परिचय और स्वागत महिला आचार्य नीतू कुमारी ने कराया। सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया गया। लोक नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता में विजेता आर्यावर्त सदन व तिलका मांझी सदन संयुक्त रूप से रहे जबकि बिरसा मुंडा सदन उप विजेता रहा। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिंदुस्तान सदन व सिद्धू-कान्हू सदन, हिमवर्ष व गणपत राय सदन, जम्बूद्वीप सदन, भारतवर्ष सदन, भरतभूमि व फूलो-झानो सदन, अजनाभवर्ष सदन व कार्तिक उरांव सदन की प्रस्तुति भी काफी सराहनीय रही। मुख्य अतिथि डॉ लोहरा उरांव को अपनी परंपरा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## अरविंद कुमार लाल ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेलो झारखण्ड अंतर्गत एसजीएफआई राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता 2023-24 में पदक हासिल करनेवाले खिलाड़ियों को आज जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल द्वारा सम्मानित किया गया। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों में अंडर-14 बालक वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता पतंग उरांव, रोहित कुमार साहू, कांस्य पदक विजेता रौशन उराँव, अंडर-14 बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता होलिका मिंज, सुंदरमनी उराँव, अंडर-17 बालिका वर्ग में रजत पदक विजेता अंशु लकड़ा, अंडर-19 बालक वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता निरंजन लकड़ा, कांस्य पदक विजेता हुसैन अंसारी, अंडर-19 बालिका वर्ग में कांस्य पदक विजेता अजिता कुमारी और कुश्ती कोच महादेव उराँव शामिल हैं। इस मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, स्थापना उप समाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य उपस्थित थे।

## करमा पूरे संध्या पर झूमे प्रशिक्षु, जाना करमा का महत्व



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में करमा पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रम का आयोजन अखाड़ा बना कर किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक गीत पर मांदर और नगाड़े पर नृत्य पंकज, दीपा, प्रीति, जैसमिन, जॉनी, राहत, वर्षा, कुंदन, प्रियंका, अर्चना, अंजनी, फुलकेरिया, सुरभि आदि द्वारा किया गया। अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार, प्राचार्य डॉक्टर प्रतिमा त्रिपाठी एवं व्याख्याता पवन, रेणुका, ममता, प्रियंका, अर्चना, शशि, जंगबहादुर, आफताब, पवन, बिनोद आदि के द्वारा सभी को करमा पर्व की शुभकामनाएं तथा प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।

## कैरो थाना परिसर में आगामी त्योहार कर्मा व ईद-मिलादुल-नबी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो थाना परिसर में शनिवार 23 सितंबर को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलधिकारी कमलेश उराँव, व थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव की संयुक्त अध्यक्षता में कर्मा व ईद-मिलादुल-नबी का त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर उपस्थित शांति समिति सदस्यो के द्वारा प्रखण्ड क्षेत्र में कर्मा का त्योहार व ईद-मिलादुल-नबी के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी पदाधिकारियों को दी गई। उक्त बैठक मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि पर्व त्योहार को मिलजुलकर आपसी प्रेम और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाना चाहिये, पर्व त्योहार से आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। अंचलधिकारी कमलेश उराँव ने कहा कि जीवन मे पर्व त्योहार का महत्व बहुत ज्यादा है ये हमारी आस्था का विषय है सभी धर्मावलबी आपस मे मिलजुलकर प्रेम और भाईचारे के साथ मनाए।थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव ने कहा कि पर्व त्योहार के अवसर पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है, कहीं पर भी कोई अनहोनी की आशंका हो या हो गई हो तो प्रशासन को तुरंत ही सूचना दें। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार, प्रखण्ड 20-सुत्री उपाध्यक्ष बुधवा उराँव, मुखिया सुमन उराँव, नाजिर आलम खान, सुरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, वीरेन्द्र पहान, शंभू सोनी, जमील अख्तर, मो सजाद, विवेक प्रजापति, बाबूलाल उराँव, समीद अंसारी, बिनोद रविदास, प्रवीण साहू, परमेश्वर भगत, महताब आलम, बजरंग उराँव, चंद्रदेव उराँव आदि बैठक मे उपस्थित थे।

## लाइफ केयर हॉस्पिटल बूटी मोड़ रांची के सहयोग से स्त्री रोग जांच शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कल्याण अस्पताल बसारडीह हेसल लोहरदगा में लाइफ केयर हॉस्पिटल बूटी मोड रांची के सहयोग से नेत्र रोग जांच एवं मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल लोहरदगा के सहयोग से स्त्री रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस जांच शिविर में लाइफ केयर हॉस्पिटल बूटी मोड रांची के डा0 हेमलता भारती नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं आप्थाल्मिक अस्सिटेंट भरत कुमार के द्वारा 34 नेत्र रोगियो का जांच किया गया एवं मधुर मेडिकेयर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लोहरदगा के जनरल सर्जन एवं महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा ज्योति मधुर के द्वारा 25 रोगियों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया गया। कल्याण अस्पताल हेजल बसारी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसके सिंहा जनरल फिजिशियन, डॉक्टर अजीत कुमार अग्रवाल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर चंदन कुमार जनरल फिजिशियन, डॉक्टर अंजली सुमन दंत रोग विशेषज्ञ, के द्वारा भी 140 दूर दराज से आए ग्रामीणो को निशुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं ब्लड प्रेशर शुगर एवं नस, हृदय, मलेरिया, टायफाइड रोगियों को उपचार किया गया इस स्वास्थ्य जांच शिविर से आसपास के सलगी चापी, कमले, कूज्जी, कुर्से, कुजरा, मन्हों, रामपुर, बंसरी, कुंदगडा, जीमा,चटकपुर, होटवार, रोचो, नारीनवाडी आदि गांव के सैकड़ो ग्रामीणों को लाभ मिला साथ ही इस शिविर को सफल बनाने में लाइफ केयर हॉस्पिटल बूटी मोड़ रांची के लाइटनिंग मैनेजर राहुल प्रवीण, कल्याण अस्पताल बसारडीह के लिसनिंग मैनेजर राजीव रंजन सिन्हा, कल्याण अस्पताल लोहरदगा के मैनेजर प्रणव कुमार पाठक, मुकेश साहू अरुण राम प्रेमिका कुजूर अंशु कुमारी शांति धान, सुखमय कुंडू,कंचन कुमारी, सुरेंद्र लोहरा, दिलेश लोहरा, आदि का सहयोग रहा।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के दौरान ठाकुराइन तालाब की व्यापक सफाई के साथ साथ आसपास के क्षेत्रों का भी सफाई किया गया। उक्त अभियान में मुख्य रूप से प्रशासक, नगर परिषद लोहरदगा, सफाई मित्र, कार्यालय कर्मी/पदाधिकारी एवं आमजनों की भागीदारी रही। प्रशासक ने नगरवासियों से अपील किया की तालाब एवं अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें तथा स्वच्छता के मुहिम में नगर परिषद का सहयोग करें।

## पीडीएस दुकान में राशन कम मिलने पर लाभुकों ने किया हंगामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत के कल्हेपाट में संचालित सहारा महिला मंडल के जन वितरण दुकान में शनिवार को राशन वितरण करने के समय कम राशन देने को लेकर हंगामा लाभुक करने लगे हंगामा की खबर सुन कर स्थानीय मुखिया राजश्री उरांव, पंचायत समिति सदस्य पूनम उरांव, आपूर्ती पदाधिकारी सेन्हा अमूल कुमार तिर्की पहुंच कर मामले की जानकारी लिया।सहारा महिला मंडल जन वितरण दुकानदार ने कहा दो माह अगस्त और सितंबर का चावल 123 क्विंटल मिलना था जो कट कर 83 क्विंटल ही मिला है तो हम लोग सभी लाभुक को पूरा राशन कैसे दें इसको लेकर हंगामा हुआ है। अधिकारी और मुखिया ने कहा की गांव के लोग आज सभी मिल बैठ कर मामले को हल करेगें आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की ने कहा कि दो माह में 123 क्विंटल चावल मिलना था जो ऊपर से ही कट कर 40 क्विंटल सहारा महिला मंडल को कम राशन मिला है। ऐसा इसलिऐ हुआ की कोरोना काल में ऑनलाइन राशन वितरण बंद था। और उस समय उपयोगिता नही दिया गया तो केंद्र से कट कर ही राशन मील रहा था। वही राशन कटौती मामला को लेकर विभाग ठोस कदम नही उठा रही थी। जिसका परिणाम लाभुकों से लेकर पीडीएस संचालक भुक्तभोगी हो रहें है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर बतख चूजा का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड जलच्छाजन योजना के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र के अलौदी, मुर्की तोड़ार और भड़गाँव पंचायत के 8 गाँवों की 88 महिला इकाई के बीच प्रत्येक महिलाओं को 15-15 बतख चूजा का वितरण झारखण्ड जलच्छाजन योजना के माध्यम से किया गया। सरकार द्वारा संचालित जलच्छाजन के द्वारा महिलाओं के लिये बतख पालन के माध्यम से आय वृद्धि कर जीविकोपार्जन करने के लिये मुर्की तोड़ार पंचायत के पखनटोली ग्राम में पारही, उरु, चौकनी, बाजार डाँड़ू, तोड़ार, साके, हेसवे, डोका की महिलाओं के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया.वही झारखण्ड जलच्छाजन योजना के कृषि विशेषज्ञ अबोध कुमार रजवार ने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिये यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसे बतख पालन कर महिलाएँ आत्मनिर्भर हो जीविकोपार्जन कर सकती हैं। मौके पर प्रज्ञा संस्थान के आशीष कुमार सिन्हा, स्वयं सहायता समूह उत्प्रेरक बिमलेश कुमार राम के अलावे पिंकी देवी, जसिंता देवी, बिमला कुजूर, गांधारी देवी, अंजली देवी, रीना यादव शिला देवी, सुजीता भगत, प्रमिला देवी सहित कृषि स्थायी समिति व स्वयं सहायता समूह के महिलाएँ उपस्थित थे।

## बूथ सत्यापन का कार्य जल्द हो : कर्मवीर सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी कि संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि कार्यकर्ता मोदी जी के विकास कार्यो को जन जन तक पहुंचा कर संगठन को मजबूत करें बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर जी ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि मंडलों में 26 सितंबर से 30 सितंबर के बीच मंडल के पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक प्रभारी बूथ अध्यक्ष के सत्यापन का काम पूर्ण करें, क्योंकि मिशन 2024 के निमित्त शक्ति केंद्र एवं भूत स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है इसी तरह मंडल से बूथ स्तर तक संगठन की संरचना के सत्यापन का काम भी अति महत्वपूर्ण है। मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह नगर परिषद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गविजय सिंहदेव पूर्व जिलाध्यक्ष सजंय ठाकुर महामंत्री दीपक पुरी कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद कृष्णा बड़ाईक श्रद्धानंद बेसरा उपाध्यक्ष भोला साहू मनोज साय प्रणव कुमार सतीश पांडेय सत्यनारायण प्रसाद मानकीलाल राकेश रविकांत प्रधान शकुंतला देवी तुलसी कुमार साहू शिवराज बड़ाईक तपेश्वर साहू ओमिन सिंह अशोक इंद्वार शकुंतला देवी सुजान मुंडा सुरजन बड़ाईक कृष्णकांत सिंह सुरजन प्रधान मोतीलाल ओहदार कामेश्वर सिंह घनश्याम सिंह मुकेश श्रीवास्तव देवकीनंदन साय विजय महतो सिंह श्री लाल साहू चिन्तामणि कुमार कृष्णा ठाकुर मौजूद थे।

## करमा हमारे संस्कृति की पहचान है : सुरेश चंद्र पांडे



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्यालय में सरस्वती वंदना के पश्चात करमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भैया बहनों द्वारा रोचक गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा करमा हमारे झारखंड के अमूल्य संस्कृति की पहचान है तथा अपनी संस्कृति को हमें सदैव कायम रखनी चाहिए। इस अवसर पर श्री नंदकिशोर साहू ने कहा हमें कर्म एवं धर्म के पथ पर सदैव चलना चाहिए। तथा करमा एवं धरमा के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। श्री महेंद्र मिश्रा ने कहा प्रकृति की पूजन एवं रक्षण रक्षण तथा संवर्धन ही हमारे जीवन का आदर्श होना चाहिए। करमा पर्व में भाई बहन का असीम प्रेम एवं अनुराग देखने को मिलता है। सिद्धि कुमारी एवं उनकी सहेलियों के द्वारा करमा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया अमृता कुमारी एवं पायल कुमारी द्वारा करमा नृत्य रोचकता पूर्ण पूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। बहन आशिक कुमारी एवं रिमझिम कुमारी द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। हस्तशिल्प कला निर्माण का प्रशिक्षण विद्यालय की दीदी जी सुश्री सुनीता कुमारी द्वारा बहनों को दिया गया। बहन प्राची सोनी, आस्था पांडे, विद्या उरांव, रिमझिम कुमारी,अदिति राज द्वारा डस्टर निर्माण कला का प्रदर्शन किया गया। आदर्श गौरव तथा राजकुमार साहू द्वारा करमा नृत्य प्रस्तुत किया गया। लक्ष्य कुमार, कृष्ण साहू, ऋषि मेहता द्वारा सुंदर करमा नृत्य प्रस्तुत किया गया। आज किस कार्यक्रम में सभी भैया बहन आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिला कुरैश कॉन्फ्रेंस का प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देशभर में कुरैश समुदाय के उत्थान और समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कुरैश कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनोवर अली कुरैशी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में कुरैश कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनोवर अली कुरैशी, राष्ट्रीय प्रधान सचिव आसकीन कुरैशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलीम अहमद कुरैशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा कुरैश कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी, कर्नाटक प्रदेश के अध्यक्ष मोहम्मद नबी कुरैशी शामिल है। प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन से मुलाकात कर कहा कि देश भर मे कुरैशी समुदाय की लगभग 8 करोड़ आबादी है इस आबादी के अनुसार देश की राजनीति में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा लोकसभा में समुदाय के लिए आबादी के अनुसार सीट का आवंटन हो और राज्य विधानसभाओं में भी राज्य स्तर पर कुरैशी समुदाय के आबादी के अनुपात में कांग्रेस पार्टी में पदों का तथा विधानसभाओं में सीट निर्धारित हो। वहीं देश भर में कुरैश समुदाय के लोगों को अपने पेशा में उत्पन्न हो रही समस्याओं तथा गैर जरूरी सरकारी रूकावटों को लेकर चर्चा की तथा आने वाले समय में संगठन के द्वारा किए जाने वाले कार्यो व योजनाओं को लेकर चर्चा किया। साथ ही देश भर में कुरैश समुदाय के उत्थान और विकास को लेकर कांग्रेस शासित प्रदेशों में विशेष योजनाएं चलाने की मांग भी की। प्रतिनिधि मंडल ने मांग किया कि कांग्रेस पार्टी देश भर में कुरैशी समुदाय के उत्थान और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार के लिए केंद्र सरकार से भी मांग करें और समुदाय के विकास को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य करें। प्रतिनिधि मंडल ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से चर्चा की। कुरैश कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि संगठन देशभर में कुरैश समुदाय के शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार तथा सामुदायिक विकास के लिए निरंतरण प्रयास कर रहा है। संगठन के नेतृत्व में समुदाय के जटिल मुद्दों को हल कराया जा रहा है तथा सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर समाज के विकास को गति दी जा रही है।

# गुरुकुल के 07 विद्यार्थियों का अग्निवीर आर्मी में हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला मुख्यालय के बीरू कॉम्प्लेक्स स्थित गुरुकुल कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों ने इस बार अग्निवीर आर्मी की परीक्षा में एक बार फिर बाजी मारी है। इस बार संस्थान के कुल 07 विद्यार्थी अग्नीवीर आर्मी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को सभी सफल विद्यार्थियों के सम्मान में गुरुकुल कोचिंग में एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर गुरुकुल के निदेशक रविन्द्र सिन्हा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का समय प्रतिस्पर्धात्मक हो चुका है और प्रत्येक युवक युवतियां अपने आपको सरकारी नौकरी करते हुए देखना चाहते है किंतु इस प्रतियोगिता में सफलता कुछ ही विद्यार्थियों को नसीब होती है। उन्होंने कहा कि सफलता पाने का मूल मंत्र है असफलताओं से न घबराना और धैर्यपूर्वक अपनी तैयारी को आगे बढ़ाना। उन्होंने कहा कि आप सभी युवा है और इस उम्र में लक्ष्य से भटकने की संभावना भी बनी रहती है किंतु जो विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर गंभीरता से आगे बढ़ता है उन्हें सफलता जरूर हांथ लगती है। मौके पर शिक्षक प्रीतम कुमार, हीरा सिंह मनमोहन प्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को अधिक से अधिक पढ़ाई पर जोर देने को कहा।संस्थान के सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुकुल के शिक्षकों को दिया। सफल छात्रों में गुलशन, अनूप, पूरण, जगदीश, अगस्टीन, सोवित और प्रशांत को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

## मूसलाधार बारिश के वजह से गिरा घर, दंपत्ति बल बल-बचे



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा पंचायत अंतर्गत कोकेलेगा गांव में भिनसारी देवी पति सुखराम तुरी का घर का एक हिस्सा रात्रि लगभग 8ः00 बजे अत्यधिक वर्षा के कारण गिर गया। जिससे घर में रखे सामान बर्तन, बक्सा साइकल आदि दब गया। जिसमें उनका काफी नुकसान हुआ, इसकी सूचना ग्रामीणों के माध्यम से प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को दिया गया । सूचना पाते ही वे तत्काल वहां पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिलकर उनका हालचाल जाना, साथ ही सहयोग के रूप में 25 किलो चावल उपलब्ध कराया एवं सरकार के द्वारा मिलने वाला मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। मौके पर कांग्रेस पार्टी प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार, चिंटु सिंह, सोनू बड़ाइक आदि मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज के छात्रों को नहीं मिल रहा है स्कॉलरशिप

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज के सत्र 2022-24 के एससी छात्रों का स्कॉलरशिप अन्य महाविद्यालय के एससी छात्रों की अपेक्षा कम प्राप्त हुआ है। इस विषय को लेकर छात्र महाविद्यालय प्रशासन एवं कल्याण पदाधिकारी तथा डीसी पलामू को अपना शिकायत आवेदन देने के बावजूद उनकी समस्या का कोई निराकरण नहीं हो पाया है। महाविद्यालय अपने स्तर से छात्रों के स्कॉलरशिप कम आने से चिंतित है। और छात्रों की जल्द से जल्द समस्या समाधान के लिए कल्याण पदाधिकारी पलामू को पत्र लिखकर समस्या से अवगत करा दिया गया है। यह समस्या कहां से आयी है यह जानने का प्रयास किया जा रहा है। महाविद्यालय स्तर से एससी छात्रों की स्कॉलरशिप को लेकर कोई गलती नहीं हुई है। क्योंकि स्कॉलरशिप सरकार द्वारा छात्रों की खातों में आती है। कितना धनराशि आयेगा यह नही मालूम होता है। एससी छात्रों की जानकारी देने के पश्चात यह विषय महाविद्यालय के संज्ञान में आया की उनकी धनराशि अन्य महाविद्यालय की अपेक्षा कम आया है।

### भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय साजिश के आरोप में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** म्यांमार स्थित आतंकी संगठनों के नेतृत्व द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय साजिश में कथित संलिप्तता के आरोप में एनआईए ने एक व्यक्ति को इंफाल से गिरफ्तार किया है। मोइरांगथेम आनंद सिंह के रूप में पहचाने गए आरोपित पर 19 जुलाई, 2023 को एनआईए द्वारा स्वत~संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि यह व्यक्ति मणिपुर में मौजूदा जातीय अशांति का फायदा उठाकर भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की फिराक में था।

### भारत निर्मित आईफोन 15 का विश्व भर में बिकना सभी भारतीयों के लिए गर्व की बातः राजीव

**अहमदाबाद :** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को साणंद में माइक्रोन के सेमीकंडक्टर प्लांट के शिलान्यास के अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सेट किए गए बेंचमार्क के फलस्वरूप ही कॉण्ट्रैक्ट होने के 90 दिनों में ही प्लांट का शिलान्यास संभव हो सका है। प्रधानमंत्री की सफल अमेरिका यात्रा के फलस्वरूप आज साणंद में माइक्रोन कंपनी द्वारा सेमीकंडक्टर चिप उत्पादन के प्लांट का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात समिट के दो दशक पूर्ण होने के समय ही गुजरात सेमीकंडक्टर क्षेत्र में विशिष्ट क़दम आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने साणंद में माइक्रोन के प्लांट के भूमि पूजन को ऐतिहासिक अवसर बताया और साथ ही कहा कि वाइब्रेंट के 20 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव द समिट ऑफ़ सक्सेस के रूप में प्रधानमंत्री की उपस्थिति में आयोजित होगा। पटेल ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात समिट की सफलता की इस श्रृंखला में जनवरी-2024 में आयोजित होने वाली वाइब्रेंट समिट की थीम गेट वे टू द फ़्यूचर रखी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माइक्रोन तथा सरकार के बीच हुए एमओयू के तीन महीनों में ही यहाँ शिलान्यास हो रहा है। इस प्लांट से आगामी वर्षों में 20 हज़ार से अधिक रोज़गार के अवसरों का सृजन होगा।

# प्रधानमंत्री आज 9 वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर यानि कल 9 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनो को हरी झंडी दिखाएंगे. ये नौ नई वंदे भारत ट्रेनें 11 राज्यों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी.

पुरी, मदुरै और तिरुपति जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को इन वंदे भारत ट्रेनों से कनेक्टिविटी मिलेगी. ये इन मार्गों पर सबसे तेज ट्रेनें होंगी, जिससे यात्रियों के समय की काफी बचत होगी. साथ ही ये नई ट्रेनें यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करेंगी और पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा. प्रधानमंत्री मोदी 24 सितंबर 2023 को दोपहर 12~30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इन नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे. ये नई वंदे भारत ट्रेनें देशभर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं.

### इन राज्यों को मिलेगा लाभ

ये नौ ट्रेनें ग्यारह राज्यों राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी. ये वंदे भारत ट्रेनें अपने संचालन के मार्गों पर सबसे तेज़ ट्रेन होंगी और यात्रियों का काफी समय बचाने में मदद करेंगी. मार्ग पर वर्तमान सबसे तेज़ ट्रेन की तुलना में, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 3 घंटे तेज़ होंगी. वहीं, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस 2.5 घंटे से अधिक समय, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस 2 घंटे से अधिक समय, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 1 घंटे जल्द लोगों को उनके गंतव्य स्थानों पर पहुंचाएंगी.

### धार्मिक स्थानों की कनेक्टिविटी में होगा सुधार

देशभर में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थानों की कनेक्टिविटी में सुधार करने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, पुरी और मदुरै के महत्वपूर्ण धार्मिक शहरों को जोड़ेगी. इसके अलावा, विजयवाड़ा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेनिगुंटा मार्ग से संचालित होगी और तिरुपति तीर्थस्थल केंद्र तक कनेक्टिविटी प्रदान करेगी.



### इन ट्रेनों को दिखाई जायेगी हरी झंडी

* उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
* तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस
* हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
* विजयवाड़ा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस
* पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
* कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस
* राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस
* रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
* जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू का अमृतसर और चंडीगढ़ में एनआईए ने कुर्क की संपत्ति



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू पर एनआईए ने सख्त कदम उठाया है. एनआईए ने पन्नू की अमृतसर और चंडीगढ़ में मौजूद संपत्ति कुर्क कर ली है. चंडीगढ़ स्थित उनके घर की भी कुर्की हो गई है. बताया जा रहा है कि इससे पहले 2020 में भी पन्नू की संपत्ति कुर्क की गई थी. पन्नू इस समय अमेरिका में रह रहा है और वह लगातार भारत विरोधी वीडियो जारी करता रहता है.

बताया जा रहा है कि जब्त की गई संपत्तियों में अमृतसर जिले के बाहरी इलाके में गुरपतवंत सिंह पन्नू के पैतृक गांव स्थित खानकोट में 46 कनाल कृषि संपत्ति शामिल है. एक और संपत्ति जो एनआईए द्वारा जब्त की गई है, वह चंडीगढ़ के सेक्टर 15-सी में उनका मकान नंबर 2033 है. कुर्की के बाद, पन्नू ने संपत्ति का अधिकार खो दिया और संपत्ति अब सरकार की है. 2020 में भी उनकी संपत्ति कुर्क कर ली गई थी, जिसका मतलब था कि वह संपत्ति नहीं बेच सकते थे. दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से चार मेट्रो स्टेशन और एक बिल्डिंग पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे गए थे. बताया जाता है कि गुरपतवंत सिंह पन्नू के कहने पर दिल्ली में मेट्रो स्टेशन और बिल्डिंग पर पंजाब के लड़कों ने खालिस्तानी प्रो नारे लिखे थे.

# मोदी है तो मुमकिन है : अरुणा शंकर

*** पीएम मोदी ने दिया महिला आरक्षण ऐतिहासिक तोहफा**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** होटल ज्योतिलोक के सभागार में प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा आयोजित महिला आरक्षण बिल पारित किए जाने के खुशी में शहर के गणमान्य महिलाओं के साथ केक काटकर खुशी जाहिर की। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस अवसर पर कहा कि हम सब वर्षो से सुना करते थे कि महिला आरक्षण बिल आएगा। पर किसी पार्टी ने बिल को पारित कराने की साहस नहीं जुटा पाई। लेकिन आज जन-जन के नायक हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल को पारित करा कर हम महिलाओं के सपनो को पूरा कर दिया। साथ ही यह भी साबित कर दिया कि मोदी है तो मुमकिन है। श्रीमती शंकर ने कहा अब हम महिलाओं की आवाज विधानसभा से लेकर लोकसभा तक, पंचायत से लेकर निगम तक और भी बुलंद होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विद्यानंद पाठक, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष सिंटू गुप्ता,वार्ड पार्षद कमर हाशमी, अहिल्या गुप्ता,चंचला देवी,हसबुन निशा के अलावे कई महिलाओं ने इस बिल को पारित होने की खुशी जाहिर करते हुए अपनी बातें रखी। बैठक का संचालन विजय ओझा ने किया और उन्होंने इस बिल के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन को घेरने की तैयारी

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भारतीय सेना अगले हफ्ते हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुखों के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी करने वाली है. इस सम्मेलन में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई पर चर्चा की जाएगी. इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ कॉन्फ्रेंस के तौर पर जाने जाने वाले इस सम्मेलन का विषय शांति के लिए एक साथः भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना है. भारतीय सेना ने इसकी जानकारी दी.सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आईपीएसीसी सुरक्षा पर विचारों के आदान-प्रदान, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए एक प्लेटफॉर्म है. इसके अलावा ये हिंद-प्रशांत के भागीदारों के बीच आपसी समझ और संवाद विकसित करने वाला एक मंच भी है. इस सम्मेलन में साझा मुद्दों पर चर्चा के लिए 30 से ज्यादा देश भाग लेंगे. इस सम्मेलन से इतर बुधवार को एक कार्यक्रम भी हुआ, जिसकी भी जानकारी दी गई है.भारतीय सेना ने बताया कि 20 सितंबर को शुरुआती कार्यक्रम के दौरान सम्मेलन में हिस्सा लेने आए लोगों के बीच अच्छी बातचीत हुई. इसमें विभिन्न देशों के विदेश सेवा अधिकारियों ने लेफ्टिनेंट जनरल सुचिंद्र कुमार (वीसीओएएस भारतीय सेना) और लेफ्टिनेंट जनरल तरुण कुमार आइच (डीसीओएएस-रणनीति) से बात की. अब नई दिल्ली में 25 से 27 सितंबर तक होने वाले मुख्य कार्यक्रम में कई देशों के सेना प्रमुखों के हिस्सा लेने का इंतजार किया जा रहा है.सम्मेलन हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर उपजी वैश्विक चिंताओं के मद्देनजर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक साझा रणनीति विकसित की जाएगी. अमेरिकी सेना इस सम्मेलन की सह-मेजबानी कर रही है. आईपीएसीसी में विभिन्न संकटों से निपटने में सैन्य कूटनीति की भूमिका, क्षेत्र के सशस्त्र बलों के बीच सहयोग में इजाफा करने के तरीकों और अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा.भारतीय सेना आइपैक के 13वें संस्करण के साथ 47वें इंडो-पैसिफिक आर्मीज मैनेजमेंट सेमिनार और सीनियर एनलिस्टेड लीडर्स फोरम (एसईएलएफ) की भी मेजबानी करेगी. आईपीएसीसी 1999 में शुरू किया गया एक द्विवार्षिक सम्मेलन है, जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुख साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए इकट्ठे होते हैं. सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे इस सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय बैठकें करेंगे.

### दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी के तीन उम्मीदवार विजयी

**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनावों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को तीन सीटों पर जीत मिली है। छात्र संघ के चार पदों के लिए हुए चुनाव में अध्यक्ष, सचिव व संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी ने विजय प्राप्त की है। वहीं उनकी मुख्य प्रतिद्वंदी भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ के इन पदों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था। कोविड महामारी के चलते पिछले तीन वर्षो से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए थे। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के नतीजे इस प्रकार हैं - अध्यक्ष - तुषार डेढा (एबीवीपी), उपाध्यक्ष - अभी दहिया (एनएसयूआई), सचिव - अपराजिता (एबीवीपी), संयुक्त-सचिव - सचिन बैंसला (एबीवीपी)।

# रांची को हरा भरा बनाने की मुहिम में शामिल होंगे पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के केंद्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल अब झारखंड की राजधानी रांची को हरा भरा बनाने की मुहिम का हिस्सा बनेगे। श्री कौशल ने शुक्रवार को रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार से मुलाकात में सिंगापुर का बेडरूम में रखने वाला फिडल लिफ्ट पौधा देखकर स्वागत किया।



इस दौरान पर्यावरण की रक्षा पर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के दौरान निगम प्रशासक ने श्री कौशल को रांची राजधानी में पर्यावरण के संरक्षण को लेकर चल रहे अभियान की जानकारी देते हुए उसमें शामिल होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। श्री कौशल ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी कि मैं भी अपने सूबे को संवारने में शामिल हो सकूं। उन्होंने कहा कि रांची एकीकृत बिहार का ग्रीष्मकालीन राजधानी हुआ करता था। यहां का मौसम काफी अनुकूल था। लेकिन गाड़ियां व जनसंख्या विस्फोट से अब बदलते दौर में रांची में भी मौसम का मिजाज बदल गया है। ऐसे में हम सभी राज्यवासियों का यह नैतिक दायित्व बनता है कि राजधानी रांची को फिर से प्रदूषण मुक्त व प्राकृतिक रूप से समृद्ध बनाने में अपना सक्रिय योगदान दे। श्री कौशल ने इसके लिए निगम प्रशासन के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए अभियान में शामिल होने की सहमति दे दी है। रांची निगम प्रशासन ने श्री कौशल के द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 57 वर्षो से अपने ही देश व राज्यों में नहीं बल्कि विदेशों में भी किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यो को देखते हुए रांची शहर को हरा भरा बनाने की मुहिम में शामिल किया है।

### यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर लहराया जी20 का झंडा

# पर्वतारोही नितिन त्यागी का नया रिकॉर्ड



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के रहने वाले भारतीय पर्वतारोही नितिन त्यागी ने भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता का परचम यूरोप के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एल्ब्रस की चोटी पर लहराया है. उन्होंने शनिवार को माउंट एल्ब्रस की चोटी पर चढ़ाई की और वहां तिरंगा के साथ जी20 का झंडा फहराया. इसके जरिए उन्होंने बसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया. जी20 की थीम में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विश्व, एक परिवार, एक भविष्य÷ की टैगलाइन रखी थी. जिस तरह से भारत की अध्यक्षता में यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ था और दुनिया भर में देश की सराहना हो रही है,उसके लिए भारत सरकार को धन्यवाद देने का यह अनोखा रास्ता नितिन त्यागी ने चुना. इसके साथ ही वह माउंट एल्ब्रस की ऊंची चोटी पर तिरंगे के साथ जी20 का ध्वज फहराने वाले पहले भारतीय बन गए हैं.भारत की सफलता का परचम लहराने के लिए पर्वतारोही नितिन त्यागी के जुनून का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने इस दुर्गम चोटी की चढ़ाई बिना गाइड के की है.अमूमन इस ऊंची चोटी पर चढ़ाई के लिए पर्वतारोहियों को गाइड की जरूरत पड़ती है. यहां तापमान -21 डिग्री है. बावजूद इसके 5,642 मीटर ऊंचे इस पर्वत की चढ़ाई उन्होंने पूरी की है. इसकी सबसे ऊंची चोटी का नाम वेस्टर्न पिक है, जहां उन्होंने तिरंगा के साथ जी20 का झंडा लहराया है.त्यागी कहते हैं कि उनका अगला लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा लहराना है. वह अभी तक 100 से अधिक देशों का भ्रमण कर चुके हैं और उनका एक और लक्ष्य यह भी है कि 2025 तक वह दुनिया के सभी देशों का भ्रमण कर सकें. बता दें कि भारत की अध्यक्षता में 9 और 10 सितंबर को दो दिवसीय जी20 शिखर सम्मेलन भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ था.

### काशी के गौरव मोदी जी हैशटैग के साथ दिनभर सोशल मीडिया में छाए रहे मोदी

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी आगमन की धमक सोशल मीडिया में दिनभर बनी रही। प्रधानमंत्री ने गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास और अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया। इसकी खबर काशी के गौरव मोदी जी के हैश टैग के साथ दिनभर ट्रेंड करती रही। इन खबरों को देशभर के तमाम लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब पोस्ट किया। लग रहा था मानो सोशल मीडिया पर जनमानस उत्सव मना रहा हो। एक्स पर काशी के गौरव मोदी जी हैशटैग के करीब 4 करोड़ इंप्रेशन रहे। इसकी पूरी योजना भाजपा की सोशल मीडिया टीम ने बनाई थी। टीम में क्षेत्र संयोजक डॉ कुंवर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, अमित पाठक, कुणाल, कुशाग्र, हिमांशु, आभास शर्मा आदि शामिल रहे।

# अयोध्या से शुरु होगी बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा

एजेंसी

**लखनऊ :** बजरंग दल अवध प्रान्त की शौर्य जागरण यात्रा का शुभारम्भ 30 सितम्बर को अयोध्या धाम के कटरा कुटी से होगा। इस अवसर पर अयोजित जनसभा को विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय संबोधित करेंगे। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष कन्हैया लाल नगीना ने शनिवार को श्रीराम भवन स्थित विहिप के प्रान्तीय कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में दी। कन्हैया लाल नगीना ने बताया कि हिन्दू युवाओं के जागरण के लिए शौर्य जागरण यात्रा अवध प्रान्त के सभी जिलों में जायेगी। यात्रा जिस जिले में पहुंचेगी वहां पर बड़ी जनसभा भी होगी। उन्होंने बताया कि शौर्य जागरण यात्रा अयोध्या के बाद गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच और लखीमपुर खीरी होते हुए 04 अक्टूबर को सीतापुर पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा हरदोई,



उन्नाव,रायबरेली होते हुए 08 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचेगी। लखनऊ में आशियाना और कुड़ियाघाट पर बड़ी जनसभा होगी। इसके बाद बाराबंकी और अयोध्या होते हुए 09 अक्टूबर को यात्रा अम्बेडकर नगर पहुंचेगी। अवध प्रान्त की शौर्य जागरण यात्रा 10 अक्टूबर को प्रात~काल अम्बेडकरनगर से काशी के लिए प्रस्थान करेगी। शौर्य जागरण यात्रा का समापन 10 अक्टूबर को काशी में बड़ी जनसभा के बाद होगा।

विहिप के प्रान्त संगठन मंत्री राजेश ने बताया कि शौर्य जागरण यात्रा के दौरान होने वाली जनसभाओं को विहिप के उपाध्यक्ष चंपत राय, विहिप के केन्द्रीय मंत्रियों में राजेन्द्र सिंह पंकज,हरिशंकर,गोपाल और क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह संबोधित करेंगे। विहिप के प्रान्त संगठन मंत्री ने बताया कि अयोध्या में भव्य दिव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 से 26 के मध्य होगी। इसके लिए पूरे देश में 01 से 15 जनवरी के बीच आमंत्रण भेजा जायेगा। इस दौरान पूरे देश में मंदिरों को केन्द्र मानकर हिन्दू समाज अपने उत्साह का परिचय देगा।